माघ शुक्ल पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 21 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -181, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर 16

शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन 15

स्वामी प्रसाद का सपा व एमएलसी पद से इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव व विधान परिषद सभापति को भेजा त्यागपत्र

अमृत विचार : सपा से नाराज चल रहे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में मौर्य ने कहा कि वह 13 फरवरी को भेजे गए पत्र पर वार्ता के लिए पहल न करने पर इस्तीफा दे रहे हैं।

विधान परिषद सभापति को भेजे गए पत्र में लिखा कि वे सपा से परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे, उन्होंने सपा से त्याग पत्र दे दिया है, इसलिए नैतिकता के आधार पर परिषद की सदस्यता से भी त्याग पत्र दे रहे हैं। इस्तीफा देने के बाद मीडिया से बातचीत में मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख खुद को सेकुलर कहते हैं, पर ऐसा लगता है कि वह मनुवादी व्यवस्था का समर्थन करते हैं। मौर्य ने कहा कि अखिलेश ऐसे सेकुलर हैं जो पार्टी कार्यालय में पूजा करवाते हैं, पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कभी संविधान की भावना के विपरीत व्यवहार नहीं किया।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कॉन्क्लेव में प्रदेश में निवेश के माहौल को विदेशी उद्यमियों ने खूब सराहा

उत्तर प्रदेश में सुरक्षित ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जीबीसी के दूसरे दिन उद्योग समूहों के दिग्गजों को मंच मिला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रदेश में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की जमकर तारीफ की। कहा कि प्रदेश में विदेशी उद्यमियों के साथ परिवार की तरह व्यवहार होता है। सुरक्षित निवेश ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गांरटी रहती है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को ''यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य'' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विदेशी निवेश की उम्मीद

लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं।

भारत और यूपी से रिश्ता परिवार जैसा

शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि कोई भी वहीं निवेश करना चाहता है जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हों कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी से हमारा रिश्ता परिवार जैसा है।

उत्तर प्रदेश में निवेश का मिला व्यापक समर्थन

एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें यूपी में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मैं आने वाले वर्षों में निवेश के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं।

मोटोजीपी की मेजबानी देना एक बड़ा अवसर

डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की। बताया कि मोटोजीपी ने 12 हजार रोजगार पैदा किए हैं।

छह माह में मंजूरी देने वाला पहला राज्य

ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि महेश पाण्डे ने कहा कि अन्य राज्यों में जहां प्रथम अनुमोदन चरण में दो से ढाई साल लगते हैं वहीं छह महीने के भीतर हमें यह मंजूरी दिलाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।

एक नजर

लर्नर व ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता 29 तक बढ़ी

नई दिल्ली। सड़क मंत्रालय ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस की वैधता 29 फरवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने अपने 'सारथी' पोर्टल में बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों के चलते ऐसा किया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक परिपत्र में कहा कि 31 जनवरी से 12 फरवरी तक सारथी पोर्टल में बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों देखने को मिले। ऐसे में आवेदकों को लाइसेंस संबंधी सेवाओं का लाभ उठाने में व्यवधान का सामना करना पड़ा है। इसे देखते हुए लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस, जिनकी वैधता 31 जनवरी और 15 फरवरी 2024 के बीच खत्म हो गई है, उन्हें 29 फरवरी 2024 तक बिना कोई जुर्माना लगाए वैध माना जाएगा।

अभिनेता ऋतुराज का दिल का दौरा पड़ने से निधन

मुंबई। पहली बार 1993 में टीवी शो 'बनेगी अपनी बात' से प्रसिद्ध हुए और अगले तीन दशकों में कई टीवी सीरीयल, फिल्मों और ओटीटी शो में नजर आए प्रसिद्ध अभिनेता ऋतुराज सिंह का मंगलवार तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 59 साल के थे। पेट की किसी समस्या के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कुछ ही दिन पहले उन्हें छुट्टी दी गई थी। उनके करीबी दोस्त अमित बहल ने बताया कि देर रात 12 :30 बजे के आसपास दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

पूर्व डीआईपीपी सचिव के परिसर पर सीबीआई छापा

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पूर्व डीआईपीपी सचिव रमेश अभिषेक से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके परिसर पर तलाशी अभियान चला रहा है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1982 बैच के बिहार कैडर के अधिकारी अभिषेक 2019 में सेवानिवृत हुए और इसके बाद एक निजी कंपनी में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि एजेंसी भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली में अभिषेक के एक परिसर की तलाशी ले रही है। अभिषेक औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) में सचिव पद पर तैनात रह चुके हैं।

भाजपा को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप को घोषित किया महापौर

चंडीगढ़ मेयर मामला : अदालत ने चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्षदों की संख्या कम होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को कर दिया था विजयी घोषित

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चंडीगढ़ महापौर के पद पर चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित करते हुए रद कर दिया और आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महापौर के पद पर अपेक्षाकृत कम पाषर्द संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को 30 जनवरी के चुनाव में गैरकानूनी तरीके से विजयी घोषित करने संबंधी पीठसीन अधिकारी अनिल मसीह के फैसले को अवैध घोषित करते हुए पलट दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया। शीर्ष अदालत ने पाया कि पीठासीन अधिकारी ने याचिकाकर्ता 'आप' उम्मीदवार कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मतों को जानबूझकर विकृत कर दिया था। पीठ ने वोटों की गिनती से संबंधित वीडियो देखने और विकृत मतपत्रों की जांच करने के बाद पीठासीन अधिकारी मसीह को अदालत की अवमानना के लिए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया, जिसमें कहा गया कि उन्होंने (मसीह) जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से महापौर चुनाव को बदल दिया।

कोर्ट ने कहा-चुनाव अधिकारी पर चले मुकदमा

चुनाव अधिकारी द्वारा 30 जनवरी को महापौर के पद के लिए विजयी घोषित किए गए मनोज सोनकर ने सोमवार को शीर्ष कोर्ट में सुनवाई से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें नए सिरे से मतदान के बजाय मतों की दोबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने गत 30 जनवरी को हुई मतों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में कहा था कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

विपक्ष ने कहा- न्यायालय के फैसले ने भाजपा के जबड़े से लोकतंत्र बचाया

नई दिल्ली। विपक्ष के कुछ प्रमुख दलों ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव परिणाम को उच्चतम न्यायालय द्वारा पलटे जाने का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने लोकतंत्र को निरंकुश भारतीय जनता पाटी के जबड़े से बचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह तो सिर्फ एक मोहरा थे। खरगे ने 'एक्स' पर कि उच्चतम न्यायालय ने लोकतंत्र को निरंकुश भाजपा के जबड़े से बचाया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर के चुनाव में जो कुछ हुआ है उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए बहुत बड़ी जीत है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अंततः सत्य की जीत हुई।

पर्यटन में स्विट्जरलैंड को भी टक्कर देंगी कश्मीर की वादियां

जम्मू, एजेंसी

- मोदी बोले-अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण
- जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है और उनकी सरकार घाटी को एक ऐसे पर्यटन स्थल में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्विट्जरलैंड को टक्कर दे सके। यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की।

उन्होंने क्षेत्र में जी20 के आयोजन के बाद खाड़ी के देशों में जम्मू-कश्मीर में निवेश को लेकर आई सकारात्मकता को रेखांकित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा और संस्कृति से बहुत प्रभावित हुई है। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को 'परिवारवाद' की राजनीति से मुक्ति मिल रही है और यह पूर्ववर्ती प्रदेश आज विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डोगरी में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि एक वो दिन भी थे, जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं। बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव... ऐसी ही बातें जम्मू-कश्मीर का दुर्भाग्य बना दी गई थीं। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अपने 30 मिनट के भाषण के दौरान मोदी ने हिंसा और अलगाववाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के उथल-पुथल भरे अतीत को याद किया और सौहार्दपूर्ण एवं समृद्ध जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ रहे मौजूदा बदलाव की सराहना की तथा इसका श्रेय संतुलित विकास पहलों को दिया।

रेल प्रोजेक्ट के लिए अब्दुल्ला ने दी बधाई

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के लिए नई रेल परियोजनाएं शुरू करने पर प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्रालय को बधाई दी। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने कहा कि यह रेल मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी का एक बड़ा कदम है और हम इस पहल का स्वागत करते हैं। हम उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई देते हैं।

कश्मीर की सुंदरता-संस्कृति से पूरी दुनिया प्रभावित

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के युवाओं की नई भावना की सराहना की और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में बदलावों को रेखांकित किया तथा खाड़ी देशों से निवेश के संबंध में अपनी उम्मीदें भी साझा की। कहा कि आज जब दुनिया जम्मू-कश्मीर में जी20 का आयोजन होते देखती है तो इसकी गूंज बहुत दूर तक पहुंचती है। पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा, संस्कृति और स्वागत से बहुत प्रभावित हुई है। आज हर कोई जम्मू-कश्मीर आने को तत्पर है।

कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे देश में होगी जाति जनगणना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राहुल गांधी बोले

- सिपाही भर्ती पर्चा लीक प्रकरण में दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई
- किसानों के लिए कानूनी तौर पर लागू होगा न्यूनतम समर्थन मूल्य

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे देश में जाति जनगणना कराई जाएगी। किसानों के लिए कानूनी तौर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस भर्ती पर्चा लीक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राहुल गांधी मंगलवार को राजधानी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान चौक के घंटाघर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। पर यह देश नफरत से नहीं, मोहब्बत से चलेगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उद्देश्य का जिक्र करते हुए कहा कि इसके जरिये कांग्रेस लोगों को सामाजिक व आर्थिक न्याय दिलाना चाह रही है। देश के 50 प्रतिशत पिछड़े, 20 प्रतिशत दलित, अल्पसंख्यक व आदिवासियों के लिए मोदी के हिंदुस्तान में कोई जगह नहीं है।

सपा-कांग्रेस में गठबंधन की उम्मीद, कुछ सीटों पर फंसा पेच

लोकसभा चुनाव

- सपा ने पहले 11 फिर दीं 17 सीटें लेकिन कांग्रेस नहीं मानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव न तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ उनकी यात्रा में शामिल हुए और न ही सीटों के बंटवारे पर कोई समझौता हुआ बावजूद इसके दोनों दलों के नेताओं को अब भी उप्र. में गठबंधन की उम्मीद है। मंगलवार को मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि लगातार वरिष्ठ नेता से बातचीत चल रही है। गठबंधन होगा तो आपको बताया जाएगा। उधर, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि गठबंधन निर्णायक स्थिति में है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को उप्र. से लोकसभा की पहले 11 और फिर 17 सीटों का प्रस्ताव दिया जबकि कांग्रेस 20 सीटों की मांग कर रही है। सीट समझौते को लेकर कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच सोमवार को देर रात तक बातचीत हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। दरअसल, दोनों दलों के बीच कुछ सीटों को लेकर पेच फंसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अखिलेश यादव से 17 सीटों के अलावा बहराइच, देवरिया, अमरोहा सीट भी मांगी थी। सपा ने देवरिया और अमरोहा सीट देने की हामी भरी, लेकिन बहराइच नहीं दिया. इसके बाद अखिलेश यादव ने राहुल गांधी की यात्रा में जाने से मना कर दिया।

सपा ने पांच प्रत्याशियों की सूची की जारी, हमीरपुर से अजेंद्र सिंह व बदायूं से शिवपाल लोस चुनाव लड़ेंगे

अजेंद्र सिंह राजपूत

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने पांच प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की है।सपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से मंगलवार को डाली गई सूची के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं अखिलेश ने बदायूं से भाई धर्मेन्द्र यादव का टिकट काटकर चाचा शिवपाल को उम्मीदवार बनाया है। बदायूं से धर्मेन्द्र का नाम पहली सूची में था। बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, कैराना से इकरा हसन, हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत उम्मीदवार होंगे। सूत्रों के मुताबिक, कन्नौज और आजमगढ़ में किसी एक सीट पर धर्मेंद्र तो किसी एक पर अखिलेश यादव चुनाव लड़ सकते हैं। धर्मेंद्र यादव के आजमगढ़ से लड़ने की ज्यादा संभावना है। फिलहाल धर्मेंद्र यादव को कन्नौज और आजमगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। महबूब अली और राम अवतार सैनी को अमरोहा का प्रभारी तो वहीं, मनोज चौधरी को बगपत का प्रभारी बनाया गया है। सपा ने अब तक 31 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

राजा भैया से मिले सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मंगलवार को जनसत्ता दल के नेता और कुंडा (प्रतापगढ़) से विधायक राजा भैया से मुलाकात की। उन्होंने राजा भैया की फोन पर अखिलेश यादव से बात कराई है। नरेश उत्तम की राजा भैया के साथ लंच लेने की फोटो भी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक जनसत्ता दल और सपा के बीच राज्यसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के लिए वोट करने और चुनावी गठबंधन को लेकर बात हुई है। जनसत्ता दल के उप्र. में दो विधायक हैं। अगले ही हफ्ते राज्यसभा की दस सीटों के लिए मतदान है।

सुविधा निर्यात होगा आसान, सेल प्वाइंट सीधे एफपीओ से उत्पाद खरीदकर करेगा बिक्री

दुबई में खुला सेल प्वाइंट, खरीदेगा यूपी के उत्पाद

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

दुबई में आयोजित गल्फ फूड एक्सपो में एपिडा व डॉ. नेचर के अधिकारी।

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) फल, सब्जी, गल्ला व इनसे बनने वाले खाद्य पदार्थों का निर्यात आसान होगा।

लखनऊ में मैंगो पैक हाउस संचालन व निर्यात करने वाली फर्म डॉ. नेचर ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के समन्वयक से दुबई के फूड एंड वेजीटेबल अल अवीर बाजार में सेल प्वाइंट खोला है। इस सेल प्वाइंट में कंपनी प्रदेश के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से सीधे उत्पाद खरीदेगी और दुबई, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब आदि में आयात करेगी। यह कार्य अभी तक इन देशों द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है और निर्यात की मंजूरी व भुगतान आदि में समय लगता है। लेकिन, इस सेल प्वाइंट से किसी तरह का झंझट नहीं रहेगा। खासबात यह है कि किसानों की बिक्री के रुपये सुरक्षित रहेंगे और कंपनी सीधे उनके खातों में समय पर भुगतान करेगी।

- भुगतान रहेगा सुरक्षित, सीधे किसानों को मिलेंगे रुपये, मार्च से बिक्री की तैयारी

> यूएई में निर्यात करने में समस्या आती है। स्वीकृति से लेकर तमाम पेंच फंसते हैं। इससे किसानों का समय बर्बाद होता है। इसलिए सेल प्वाइंट खोला है। जहां खुद अपने उत्पाद एफपीओ से लेकर देशों में आयात करेंगे।
>
> – **अकरम बेग**, प्रमोटर, डॉ. नेचर

24 को एफपीओ जाएंगे दुबई, मार्च से निर्यात

दुबई में गल्फ फूड एक्सपो चल रहा है। वहां एपिडा के चेयमैन अभिषेक, सचिव डॉ. सुधांशू, डॉ. तरुन बजाज व डॉ. नेचर के प्रमोटर अकरम बेग टीम के साथ गए हैं। इस बीच वहां सेल प्वांइट की तैयारी की जा रही है। निर्यात की शुरुआत लखनऊ और वाराणसी से की जाएगी। दोनों जिलों के 50 एफपीओ से एक-एक सदस्य 22 को दुबई सेल प्वांइट का भ्रमण करने जाएंगे। चार्टर्ड प्लेन से भेजने के लिए सरकार को प्रस्ताव दिया है।

रामलला के दर्शन कर भावुक हूं : धामी

अयोध्या कार्यालय

- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कैबिनेट के साथ किया रामलला का दर्शन-पूजन
- बोले, राम मंदिर का निर्माण सनातनियों की जीत, नए युग व रामराज्य की शुरुआत

रामलला का दर्शन करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी।

अमृत विचार : आज रामलला के दर्शन कर मन बहुत भावुक है। रोम-रोम भक्तिमय हो गया। पहले जब आया था तब रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी था। 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रामभक्तों व सनातन धर्म को मानने वालों की जीत के साथ-साथ नए युग और रामराज्य की शुरुआत है। हर रामभक्त यहां आकर रामलला का दर्शन-पूजन करना चाहता है। मैं भी रामभक्त होने के नाते यहां आया हूं और रामलला का दर्शन-पूजन कर खुद को सौभाग्शाली मानता हूं। यह बातें मंगलवार को रामनगरी पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहीं। वे अपनी कैबिनेट के साथ यहां रामलला का अशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रामलला को ब्रह्मकमल व भोज पत्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि एक लंबी प्रतीक्षा और लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसके लिए बहुत बलिदान देने पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम यत्र, तत्र, सर्वत्र हैं। उनकी कृपा सभी पर है। प्रभु श्रीराम कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं रहे और न ही हमने कभी श्रीराम के नाम पर राजनीति करने का प्रयास किया।

एक नजर

शॉर्ट सर्किट से टेनरी की मशीन में लगी आग

कानपुर। जाजमऊ में एक टेनरी में शार्ट सर्किट से मशीन में आग लग गई। दमकल की एक गाड़ी ने आग को बुझाया। जाजमऊ स्थित 150 फिट रोड पर सनशाइन नाम से टेनरी है। जहां पर तड़के करीब साढ़े चार बजे अचानक मशीन में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने करीब बीस मिनट में आग को बुझा लिया। जाजमऊ अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से मशीन में आग लगी थी। आग को बुझा लिया गया है।

लाभार्थियों से मिलने घर घर पहुंचेंगे भाजपाई

कानपुर। भाजपा लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 80 सीटों पर जीत दर्ज कराने के लिए प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के एक करोड़ लाभार्थी परिवारों के घरों में दस्तक देगी। पार्टी के सांसद, विधायक, मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थी परिवारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र भी देंगे। भाजपा 25 फरवरी से लाभार्थी संपर्क व संवाद अभियान शुरू करेगी। मंगलवार को भाजपा दक्षिण जिले में कई मंडलों में लाभार्थी संपर्क व संवाद अभियान की कार्यशालायें हुई। इस दौरान विधायक महेश त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं से अभियान में जुटने को कहा। कहा लोकसभा चुनाव में पूरे क्षेत्र में भाजपा का परचम फहराना है। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कार्यकर्ताओं से पूरे जी-जान से अभियान में जुटने के लिए कहा। कहा कि एक-एक लाभार्थी के घर पहुंचना है और उनको सरकार की योजनाएं बतानी भी हैं। इस मौके पर संजय कटियार, जसविंदर सिंह वंदना गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, रामदेव शुक्ल, प्रवीण मिश्रा बुल्ली, शिवपूजन सविता मौजूद रहे।

देवी जागरण में जमकर झूमे लोग

कानपुर। कल्याणपुर के नया शिवली रोड स्थित वैष्णो धाम मंदिर में देवी जागरण का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपनी अद्भुत छठा बिखेरी भक्तों ने कलाकारों के साथ जमकर आनंद लिया। जय-जयकार करते हुए भक्त घंटों मगन रहे। बरेली से आई भजन गायक अंजली द्विवेदी ने समां बांधा। राम और खाटू श्याम के मनोहारी भजनों की धूम रही। अंजलि द्विवेदी ने अपने सहयोगी कलाकार और आर्केस्ट्रा की धुन पर सरस्वती गणेश वंदना भी सुनाई। इसके बाद राम और अयोध्या नगरी को समर्पित कई भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ देवेंद्र सिंह ने किया।

बकाया हाउस टैक्स पर 67 दुकानें सील, हंगामा

35 लाख जमा न करने पर नगर निगम ने मार्केट की सील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किदवई नगर में त्रिवेणी मार्केट में सुबह 7.30 बजे की सीलिंग की कार्रवाई
- मार्केट में 67 दुकानें हैं व्यापारियों ने जोनल कार्यालय में किया हंगामा

अमृत विचार। गृहकर वसूली को लेकर नगर निगम ने सख्ती बढ़ा दी है। मंगलवार को सुबह जोन-3 में 35 लाख गृहकर न जमा करने पर किदवई नगर स्थित त्रिवेणी मार्केट को सुबह साढ़े सात बजे सील कर दिया गया। टीम ने मुख्य चैनल पर ताला और सील लगाकर नोटिस चस्पा कर दी। व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया। कहा कि गृहकर मकान मालिक ने नहीं जमा किया है इससे दुकानदारों का क्या लेना देना। व्यापारियों ने जोनल कार्यालय में पहुंचकर हंगामा किया।

सीलिंग की कार्रवाई के बाद मौके पर पहुंचे व्यापारी नेता कमल उत्तम ने सभी व्यापारियों को एकत्र किया। उन्होंने बताया कि मार्केट में कुल 67 दुकानें हैं। मंगलवार को अधिकतर दुकानें बंद रहती हैं। कुछ व्यापारी आये तो पता चला कि मार्केट को नगर निगम ने सील कर दिया है। जबकि सभी व्यापारी मकान मालिक रूबी पांडेय को हर महीने समय से किराया जमा करते हैं। मकान मालिक पर हाउस टैक्स का 35 लाख 15 हजार 425 रुपये बकाया है। मकान मालिक बिल्डिंग की 5वीं फ्लोर पर रहते हैं। मकान मालिक की गलती का खामियाजा व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। इसके बाद एकत्र होकर व्यापारियों ने जोन-3 में पहुंचकर विरोध जताया।

पूरी बाजार सील कर दी गई। अमृत विचार

सहालग के चलते व्यापारी हुए परेशान

त्रिवेणी मार्केट में कपड़े, रेडीमेड गारमेंट समेत चूड़ियों का कारोबार होता है। मंगलवार बंदी रहती है, लेकिन व्यापारी शादी सीजन के चलते दुकानें खोल रहे हैं। सुबह व्यापारी दुकानें खोलने पहुंचे तो पूरे मार्केट की एक-एक दुकानों पर सील लगी हुई थी। मामले में जोनल अभियंता-5 विनय प्रताप सिंह ने बताया कि हाउस टैक्स की बड़ी बकायेदारी के चलते कार्रवाई की गई है। टैक्स जमा होने के बाद सील खोल दी जाएगी।

कार्रवाई न होने का आरोप, धरने पर बैठे पीड़ित पिता

कानपुर। कैंट थानाक्षेत्र के एक मिशनरी स्कूल में पांच माह पूर्व शिक्षिका पर हाईस्कूल के छात्र के धर्मांतरण की कोशिश और शारीरिक शोषण के गंभीर आरोप लगे थे। पुलिस ने पिता की तहरीर पर प्रधानाध्यापिका समेत चार पर एफआईआर दर्ज की थी। बाद में न्यायालय के आदेश पर शिक्षिका ने भी क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में पांच माह बाद भी कार्रवाई न होने पर छात्र के पिता मंगलवार को कमिश्नर ऑफिस पहुंचे और धरना दे दिया।

पिता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने धर्म परिवर्तन समेत अन्य धाराओं में एफआईआर तो दर्ज की लेकिन अभी तक शिक्षिका के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया है कि शिक्षिका को उसी स्कूल में फिर से नौकरी मिल गई है, ये बात भी कई छात्र बता रहे हैं। बताया कि पिछले पांच महीने से लगातार वह दौड़ रहे हैं। लेकिन कहीं से कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित पिता कमिश्नर ऑफिस में धरने पर बैठ गया। कहा कमिश्नर कार्रवाई का आश्वासन नहीं देंगे, तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे। पुलिस कमिश्नर की स्टॉफ ऑफिसर अमिता सिंह ने बताया कि मामले की पुनः जांच कराकर कार्रवाई की जा रही है।

महापौर का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। अमृत विचार

कंघी मोहाल के 3 लाख लोगों को सीवर-जलभराव से मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने कंघी मोहाल में संपवेल पंपिंग स्टेशन व नई सीवर लाइन कार्य का किया शिलान्यास

अमृत विचार। महापौर प्रमिला पांडेय ने मंगलवार को कंघी मोहाल में संपवेल पंपिंग स्टेशन व नई सीवर लाइन कार्य का शिलान्यास किया। नगर निगम यहां 15वें वित्त आयोग से सात करोड़ से संपवेल पंपिंग स्टेशन व नई सीवर लाइनों को डालने का कार्य करेगा। इस कार्य से लगभग चार वार्डों की तीन लाख आबादी को जलभराव व गंदगी से निजात मिल जायेगी। नगर निगम यह कार्य छह महीने में करेगा।

मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर महापौर पहुंची तो पार्षदों के नेतृत्व में जनता ने फूल बरसाकर स्वागत किया। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर में सीवर भराव और जलभराव को दूर करने के लिये लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य छह महीने में पूरा हो जायेगा। जिसके बाद स्थानीय लोगों को जलभराव की समस्या से हमेशा के लिये छुटकारा मिल जायेगा। नाजिरबाग वार्ड 109 के पार्षद हाजी सुहैल अहमद ने बताया कि कार्य होने के बाद कागजी मोहाल, फूलमती तिराहा, बड़ा मैदान, खलवां नाला रोड, चमनगंज, नश्तर चौराहा, रशीन बनिया चौराहा में गंदगी से निजात मिल जायेगी। इस दौरान मोहम्मद अमीम, शिब्बू अंसारी, साबिर समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे।

बम निरोधक दस्ते ने दोबारा की बारूद विस्फोट की जांच

इसी बिल्डिंग में हुआ था विस्फोट। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कंघी मोहाल का मामला, एक किरायेदार की हुई थी मौत मां-बेटी झुलसे थे

अमृत विचार। बजरिया थानाक्षेत्र के अति संवेदनशील घनी आबादी वाले कंघी मोहाल इलाके में हुए बारूद के विस्फोट की जांच करने एक बार फिर बम निरोधक दस्ता पहुंचा। इस घटना में किराएदार आमिर की मौत हो गई थी, वहीं गजाला व उसकी बेटी तूबा गंभीर रूप से झुलस गई थी। वे दोनों अब दूसरे घर में शिफ्ट हो गए हैं। लेकिन नगर निगम के नकारेपन की वजह से आज भी रह रहकर जर्जर मकान से ईंट पत्थर गली में गिर रहे हैं। न जर्जर मकान गिराया गया और न मलबा हटाया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक किए लेकिन उसमें कोई संदिग्ध कैद नहीं हुआ।

कंघी मोहाल इलाके में टीपू के मकान में बारूद से हुए जबरदस्त विस्फोट में तीसरी मंजिल पर मौजूद आमिर व दूसरे तल पर रहने वाली गजाला और तूबा गंभीर रूप से झुलस गए थे। तीनों को केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया गया था। जहां दो दिन बाद आमिर की मौत हो गई थी। कई दिन बाद मां बेटी की छुट्टी की गई। विस्फोट में घर तहस नहस हो जाने के बाद वह गजाला दलेलपुरवा में रहने वाली अपनी बहन के घर चली गईं। फोरेंसिक जांच में पोटेशियम नाइट्रेट का विस्फोट निकला था।

विस्फोट के बाद पिछले सप्ताह एक बार फिर बम निरोधक दस्ता घर पहुंचा और जांच पड़ताल की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट आलाधिकारियों को सौंप दी गई है। बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह नगर निगम के जेई को मलबा हटाने के लिए पत्र लिख चुके हैं। लेकिन जेई ने जर्जर बिल्डिंग की हालत को देखते हुए मलबा उठाने से साफ इन्कार कर दिया। इलाके के अकील खान, शरीफ व अन्य ने बताया कि इस घटना को एक माह का समय होने वाला है। लेकिन पुलिस किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंची है। वह लोग जल्द पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से वारदात के खुलासे के लिए मिलेंगे।

सौंदर्यीकरण में आने वाली बाधाएं दूर करें

बिरहाना रोड पर निरीक्षण करते नगर आयुक्त। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने बिरहाना रोड और पुराने गंगा पुल का किया निरीक्षण

अमृत विचार। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को बिरहाना रोड व पुराना गंगा पुल का निरीक्षण किया। बिरहाना रोड पर चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्य के निरीक्षण में जगह-जगह कई पिलरों पर पेंटिंग पायी गयी। बिरहाना रोड पर विज्ञापन होर्डिंग्स की भरमार पाये जाने पर इन्हें हटाने के निर्देश दिये। विज्ञापन प्रभारी ने बताया कि दुकानदारों ने दो दिनों में बोर्ड हटाने को कहा है।

इसके बाद नगर आयुक्त ने पुराने गंगा पुल का निरीक्षण किया। गंगा पुल के दोनों रास्तों की युद्धस्तर पर सफाई करने को कहा। नवीन पुल के नीचे से लेकर पुराने गंगा पुल तक जगह-जगह मलबे के ढेर पड़े हुए पाये गये। दो शौचालय भी बंद पाये। कहाकि अधिशाषी अधिकारी, छावनी को इस सम्बन्ध में पत्र लिखकर अनापत्ति मांगी जाये कि अब इन शौचालयों का रख-रखाव नगर निगम द्वारा किया जायेगा। नगर आयुक्त ने सफाई व अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद विकास जायसवाल भी मौजूद थे।

हत्या में पत्नी व साले को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की कोर्ट ने सुनाया फैसला
- 2015 में युवक को ससुरालीजनों ने खिलाया था जहर, हो गई थी मौत

अमृत विचार। पति की जहर खिलाकर हत्या करने के आरोप में मंगलवार जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की कोर्ट ने पत्नी व उसके भाई को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 35-35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

मूलरूप से जौनपुर जिले के मखदूमशाह अढ़न गांव निवासी सैय्यद सरदार हुसैन ने नौबस्ता थाने में वर्ष 2016 में अपने बेटे सैय्यद जफर अब्बास की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। सरदार हुसैन ने बताया था कि 20 जून 2015 को उनके बेटे जफर अब्बास की जहर खिला कर हत्या उसकी पत्नी नफीसा फातिमा उर्फ शमा, साले फराज समेत ससुरालीजनों ने यशोदा नगर में कर दी थी। ससुरालीजनों ने शव को जौनपुर स्थित इमामबाड़े में सुपुर्द ए खाक कर दिया था। जफर अब्बास के परिजनों ने आशंका पर तत्कालीन आईजी को जांच के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। तब पुलिस ने शव को कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होने के बाद परिजनों ने नौबस्ता थाने में जफर अब्बास की पत्नी व उसके भाई के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी रविंद्र अवस्थी ने बताया कि मामले में जफर अब्बास के दो भाई आरिफ अब्बास, मो. अब्बास उर्फ शारिब समेत 15 गवाहों ने कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ बयान दर्ज कराए थे। कोर्ट ने जफर अब्बास की पत्नी नफीस फातिमा व उसके भाई फराज को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 35-35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

गूगल पर सर्च किया तो 20 हजार रुपये पार

कानपुर। विष्णुपुरी निवासी सुरेश चंद्र शुक्ला ने पुलिस को बताया कि 14 फरवरी को अपने भतीजे शिवम शुक्ला को लखनऊ में डॉक्टर को दिखाने के लिए गूगल पर हॉस्पिटल का सम्पर्क नम्बर सर्च कर मोबाइल मिलाया तो एक व्यक्ति ने मोबाइल उठाया और अपना नाम आशीष आनन्द बताया। डॉक्टर से अपाइन्टमेन्ट मांगा तो ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही। उनके अनुसार उन्होंने व्हाट्सएप पर एक एप भेजकर मरीज की सूचना भरने के लिए कहा। जिसका रजिस्ट्रेशन शुल्क 20 रुपये यूपीआई से देने के लिए कहा। गूगल पे का पासवर्ड भी भर दिया लेकिन पैसे नहीं गये। उधर से अभिषेक आनंद का फोन आया जिसने अपाइन्टमेन्ट हो जाने की बात कही। पैसे कटे नहीं और अपाइन्टमेन्ट हो गया। यह बात उन्हें खटकी। जिसके बाद वह नवाबगंज स्थित अपने सेन्ट्रल बैंक पहुंचे। जहां 15 फरवरी की शाम 6.30 बजे खाते से 20,700 कटने का पता चला। उन्होंने कोहना थाने और साइबर सेल में मामले की शिकायत की।

रोजगार मेले में 169 का हुआ चयन

कानपुर। कौशल विकास मिशन व सेवायोजन विभाग की ओर से रोजगार मेले का आयोजन कमला नगर स्थित यदुपति सिंहानिया सेंटर फॉर वोकेशनल स्किल डेवलेपमेंट में हुआ। मेले में 21 निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं के साक्षात्कार लिए। मेले में 497 युवाओं ने अपनी सहभागिता दिखाई। साक्षात्कार के बाद 169 युवाओं का चयन किया गया। मेले में आईटीआई के प्रिंसिपल डॉ नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।



अधूरा विकास सीएम की प्राथमिकता वाले आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर का मामला

पहला चरण ही अधूरा, दूसरे की कौन कहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर के प्रथम चरण का कार्य पूरा नहीं हुआ है। वहीं, दूसरे चरण में तो अभी शुरुआत तक नहीं हुई है। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने पिछले दिनों निरीक्षण कर दूसरे चरण का काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिये थे। लेकिन, पहले चरण में अनियमितता मिल चुकी है। अब लोकसभा चुनाव आ रहे हैं, जिससे एक बार फिर काम लटक सकता है।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर धाम के कायाकल्प का काम चल रहा है। 25 करोड़ की लागत से तीन फेज में कॉरिडोर का काम पूरा होना है। पहले चरण में छह करोड़ रुपये से काम हो रहा है। कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड (केएससीएल) की देख-रेख में यहां 2022 अक्टूबर में कार्य शुरू किया था। प्रथम चरण में वीआईपी रोड पेट्रोल पंप से मंदिर तक सड़क, सुलभ शौचालय तक नाले पर स्लैब डालने का काम, बिजली के खंभे लगाने, इंटरलाकिंग टाइल्स लगाने और पार्किंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। मंदिर मुख्य गेट से परिसर तक दोनों ओर लगी दुकानों को हटाना बाकी है।

कई काम अभी अधूरे पड़े हैं। अमृत विचार

तीसरे चरण में यह कार्य लटके

अब दूसरे व तीसरे चरण में मंदिर के तीन भव्य मुख्य द्वार, मां भागीरथी की आरती के लिए तट पर विशाल आरती स्थल, मंदिर के मुख्य गेट से त्रिशूल वाले गेट तक दुकानदारों और अतिक्रमण को हटाना, मंदिर परिसर व आसपास के स्थल का सुंदरीकरण, सेल्फी प्वाइंट, परमट घाट से मंदिर तक आरओबी, आस-पास की बस्तियों का विकास, गंगा नदी में जा रहे आवासीय गंदे पानी को सीवर लाइन से जोड़ने का काम होना है।

25 करोड़ रुपये प्रोजेक्ट की लागत

03 फेज में कॉरिडोर का होना है काम

06 करोड़ आंवटित पहले चरण के लिए

07 सदस्यीय निगरानी समिति बनी है

निगरानी समिति भी नहीं रख पाई ध्यान

बाबा आनंदेश्वर कॉरिडोर के कार्य की रिपोर्ट जानने के लिए पूर्व मंडलायुक्त राजशेखर के निर्देश पर डीएम ने सात सदस्यीय प्रशासनिक कमेटी बनाई थी। इसमें सचिव, एसडीएम सदर, अपर नगर आयुक्त सदर, तहसीलदार सदर, प्रभारी अधिकारी नजूल, एसीएम तृतीय, नगर निगम जोन 4 के जोनल अधिकारी निगरानी समिति के सदस्य हैं। जिनको कॉरीडोर के कार्य की प्रगति और मॉनीटरिंग करनी है, पहले ही चरण में हुए घटिया कार्य ने अधिकारियों पर सवाल खड़े कर दिये हैं।

> पहले चरण में काम पूरा है। दूसरे चरण का काम भी जल्द ही शुरू हो जाएगा।
>
> – आरके सिंह, प्रभारी, कानुपर स्मार्ट सिटी मिशन

नाबालिग से किया कुकर्म गिरफ्तार

कानपुर। जाजमऊ थानाक्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग टेनरी कर्मी से आरोपी ने बहाने से घर ले जाकर कुकर्म किया। इसके साथ ही उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए कई बार कुकर्म किया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ जाजमऊ थाने में मामला दर्ज कराया है। जाजमऊ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जाजमऊ निवासी 16 वर्षीय किशोर के अनुसार वह अशरफाबाद स्थित एक टेनरी में काम करता है। करीब बीस दिन पहले रात में इलाके का 52 वर्षीय नवाब बहाने से अपने साथ ले गया। इसके बाद चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश करने के बाद कुकर्म किया। उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद से आरोपी उसे वीडियो वायरल कर देने की धमकी देकर कुकर्म करता रहा। पीड़ित ने जाजमऊ थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आज का मौसम
बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना।

29.0°	13.4°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:40	सूर्यास्त 06:05

एक नजर

सुधांशु महाराज का सत्संग शास्त्री नगर में

कानपुर। विश्व जागृति मिशन कानपुर मण्डल के आचार्य रजनीश भट्ट ने बताया 22 से 25 फरवरी तक सेंट्रल पार्क शास्त्रीनगर में सुधांशु महाराज के सानिध्य में भक्ति सत्संग का आयोजन होगा। सुधांशु महाराज 22 फरवरी को शाम चार-छह बजे तक सेंट्रल पार्क शास्त्री नगर में सत्संग में करेंगे। अगले दिन सुबह नौ से 11 बजे तक भी सत्संग होगा। चार दिवसीय इस कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सेंट्रल पार्क में भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय गोकुल विद्यापीठ के महर्षि वेदव्यास ऋषि कुमार के साथ मिशन के आरपी सिंह, मनोज शास्त्री, महेश शर्मा, पार्षद मनोज गुप्ता, रामनाथ अग्रवाल, राम शंकर चौरसिया, कमलेश तिवारी, ज्ञानेंद्र विश्नोई, कमलेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

मकान मालिक और किरायेदार में मारपीट

कानपुर। बर्रा कर्रही के भारत गैस एजेंसीज के पास मकान मालिक और किरायेदार में जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि किरायेदार ने मकान में रहने वाली महिलाओं और बच्चों को लाठी डंडों से पीटा। इस दौरान मोहल्ले में भीड़ जुट गई। किरायेदार सत्ताधारी दल के बीजेपी विधायक को अपना रिश्तेदार बताता है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

घंटाघर पर सभा के बाद खत्म हो जाएगी यात्रा

कानपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा बुधवार को घंटाघर पर जनसभा के साथ समाप्त हो जाएगी। यात्रा झाड़ी बाबा पड़ाव से पनचक्की, नरौना चौराहा, घसियारी मंडी, हूलागंज के रास्ते गणेश मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद घंटाघर में राहुल सभा करेंगे।

चुनाव में 73 फीसदी मतदान, 61 प्रत्याशियों का भाग्य बक्से में कैद

आधे घंटे देरी से शुरू हुआ मतदान, शंख बजा-चंदन लगा, पैर छू वोटरों को रिझाया

लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लॉयर्स एसोसिएशन का चुनाव मंगलवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा में निर्धारित समय से आधे घंटे देरी में शुरू हुआ। दावेदारों के समर्थकों की नारेबाजी व हूटिंग के बीच शाम तक 73 फीसदी मतदान हुआ। 20 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए कुल 4941 वोट पड़े। चुनाव में बुजुर्ग व दिव्यांग वोटरों ने अपना जोश दिखाया। वोटिंग के बाद विभिन्न पदों के लिए चुनावी मैदान में उतरे 61 प्रत्याशियों की किस्मत बैलेट बॉक्स में कैद हो गई। बुधवार को लॉयर्स एसोसिएशन स्थित पं. रामकुमार शुक्ल हाल में मतगणना सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित डीएवी डिग्री कॉलेज में लॉयर्स एसोसिएशन का चुनाव कराया गया। पूरा कचहरी परिसर सरसैया घाट होते हुए डीएवी कॉलेज तक का परिसर होर्डिंग, बैनरों से पटा हुआ था। सिविल लाइंस स्थित गोरा कब्रिस्तान के पास से सुबह से ही समर्थक अपने-अपने दावेदारों को जिताने के लिए बैनर, पोस्टर, विजिटिंग कार्ड व पर्चियां लेकर डटे हुए थे। मतदान तय समय से आधे घंटे देरी से सुबह करीब 9:30 से शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे तक एक हजार अधिवक्ताओं ने अपने पसंदीदा दावेदार पर मोहर लगा दी थी। अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के दावेदारों के समर्थक प्रत्याशी का पंपलेट देने के साथ बैलेट पेपर में क्रम संख्या बता कर हाथ जोड़ पैर छूकर वोट मांगते नजर आए। समर्थक वोटरों को लुभाने के लिए कही शंखनाद कर रहे थे तो कही चंदन लगाकर वोट देने की अपील कर रहे थे। महिला अधिवक्ताओं ने भी भारी संख्या में चुनाव में हिस्सा लिया। प्रत्याशी उनके चरण वंदन करते दिखे। दो बजे से पांच बजे तक सभी 14 बूथों में मतदाताओं की कतार लगी रही। वोटिंग शाम 5:20 बजे तक हुई। इस दौरान 6794 मतदाताओं में से 4941 वोटरों ने वोट डाला।

वोट डालतीं महिला अधिवक्ता। अमृत विचार

- मतदान परिसर में घुसने व सीओपी कार्ड को लेकर हुई छिटपुट झड़प
- बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को गोद में उठा कर पहुंचे दावेदार
- चुनाव के चलते पुलिस ऑफिस, मॉल रोड पूरी तरह से रही जाम

मतदान केंद्र के बाहर अधिवक्ताओं की भीड़। अमृत विचार

यह रहे चुनावी आंकड़े

कुल मतदाता	6794
कुल वोट	4941
बूथों की संख्या	14
दावेदार	61
कुल पद	20

20 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए चुनाव

6794 कुल मतदाता थे लॉयर्स के

4941 वोट पड़े लॉयर्स चुनाव में

61 प्रत्याशियों की किस्मत लॉक

चुनाव के कारण पूरे दिन रहा जाम

लायर्स चुनाव के चलते ट्रैफिक पुलिस ने गोरा कब्रिस्तान से लेकर ग्रीनपार्क चौराहे तक बेरीकेडिंग लगाकर रास्ते को बंद कर ट्रैफिक डायवर्जन कर दिया था। डायवर्जन के दौरान मॉल रोड, बड़ा चौराहा, चेतना चौराहा, दूध बंगला वाली रोड पर लोगों को भारी जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। कचहरी के पास रुक-रुक कर दिन में कई बार जाम लगता रहा। जाम के कारण कचहरी में पैदल निकलने वालों तक को दिक्कत हुई। शाम को डायवर्जन खत्म होने पर लोगों को जाम से निजात मिला।

बुजुर्ग मतदाता को गोद में लेकर जाता अधिवक्ता। अमृत विचार

दो चरणों में बनाया गया सुरक्षा घेरा

चुनाव के दौरान दो चरणों में सुरक्षा घेरा बनाया गया। हर प्रवेश व निकास स्थान पर राजपत्रित अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई। साथ ही पीएसी और एलआईयू को भी सक्रिय किया गया। दो एडीसीपी, सात एसीपी, 29 इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी क्यूआरटी, पीएसी, तैनात रहे।

हूटिंग व छिटपुट झड़प

गोरा कब्रिस्तान से लेकर मतगणना स्थल तक अलग-अलग गुट नारेबाजी कर रहे थे। सिविल लाइंस रोड चुनावी पर्चों से पटी पड़ी हुई थी। प्रतिद्वंदी गुटों में आमने सामने आने पर झड़प और हूटिंग भी हुई।

वोटरों को लुभाने के लिए शंख बजाता समर्थक। अमृत विचार

चुनाव के दौरान डटे रहे ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर

पिछले चुनाव में हुई हिंसा से सबक लेते हुए मतदान के दौरान भारी पुलिस फोर्स और रिटायर्ड सैन्य कर्मचारी भी तैनात रहे। पूरे चुनाव के दौरान ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर, डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार समेत अन्य आलाधिकारी डीएवी कॉलेज के मुख्य गेट के बाहर ही तैनात रहे। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने आसपास लगे कैमरों पर नियंत्रण रखने के लिए यूनियन बैंक में बने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। वोटिंग को भी देखा।

सीओपी कार्ड न होने से मायूस होकर लौटे अधिवक्ता

निष्पक्ष चुनाव के लिए एल्डर्स कमेटी ने सीओपी कार्ड लेकर वोट डालने के निर्देश अधिवक्ताओं को दिए थे। मंगलवार को कई अधिवक्ता बिना सीओपी कार्ड के वोट डालने पहुंच गए। कुछ अधिवक्ता सीओपी कार्ड की फोटो कॉपी लेकर गए, जिस कारण उनको बैरंग वापस लौटा दिया गया। वोट न डाल पाने की मायूसी को लेकर कुछ मतदाताओं ने एल्डर्स कमेटी से निवेदन भी किया, लेकिन कोई हल न निकल सका।

आज आएगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा

विशेष संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार को कानपुर पहुंचेगी। घंटाघर पर जनसभा संबोधित करने के बाद राहुल चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली चले जाएंगे। मंगलवार को सुरक्षा टीम ने यात्रा रूट का निरीक्षण किया और सभा स्थल देखा। बाट में टीम चकेरी एयरपोर्ट भी पहुंची। सुरक्षा टीम ने शहर कांग्रेस के नेताओं से बातचीत में भीड़ का जायजा लिया।

कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा मार्ग और घंटाघर के आसपास का क्षेत्र होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों से पाट दिया है। प्रमुख रूप से टिकट के दावेदारों और संगठन के पदाधिकारियों ने प्रचार सामग्री लगाई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने मंगलवार को दस वार्डों का सघन दौरा कर लोगों से राहुल की यात्रा में शामिल होने अपील की। ग्रामीण अध्यक्ष अमित पांडे ने जनसंपर्क किया। राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक अजय कपूर, यात्रा के सह समन्वयक पवन गुप्ता, मदन मोहन शुक्ला, एआईसीसी सदस्य आलोक मिश्रा, विकास अवस्थी ने भी यात्रा और सभा को सफल बनाने के लिए संपर्क किया।

कांग्रेस नेताओं से जानकारी लेते सुरक्षा अधिकारी। अमृत विचार

- सुरक्षा टीम ने रूट और सभा स्थल का लिया जायजा
- कांग्रेसियों ने पूरे मार्ग को बैनर और पोस्टरों से पाटा

झाड़ीबाबा पड़ाव से घंटाघर तक पद यात्रा का प्रस्ताव

राहुल गांधी शुक्लागंज से झाड़ी बाबा पड़ाव तक वाहन से आएंगे। पवन गुप्ता के अनुसार यहां से वह कांग्रेसजनों के साथ पैदल चल सकते हैं। हालांकि ऐसा शेड्यूल नहीं आया है पर शहर कमेटी की कोशिश है कि घंटाघर तक राहुल पैदल यात्रा करें।

सुबह साढ़े आठ बजे शहर में प्रवेश करेगी न्याय यात्रा

कानपुर। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शहर में झाड़ी बाबा पड़ाव के रास्ते प्रातः साढ़े आठ बजे आगमन होगा। यहां पार्टी ने यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारी की है। पूरे यात्रा मार्ग को पार्टी के तिरंगे झंडे और झंडियों से सजाया गया है। फ्रन्टल संगठन, कांग्रेसजनों के साथ सहयोगी दल, अन्य संगठन, सामाजिक लोग कहां स्वागत करेंगे, इसका स्थल तय कर दिया गया है।

तिलक हाल में मेला

कांग्रेस कार्यालय तिलक हाल में न्याय यात्रा की व्यवस्था से जुड़े प्रमुख नेताओं और पदाधिकारियों का दिन भर मेला जुटा रहा। यात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए रात तक गहमागहमी के बीच बैठकों का दौर चलता रहा। प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल राय व संजीव दरियाबादी, प्रदेश सचिव संतराम नीलांचल के अलावा अनुज मिश्रा, नरेश कटियार के अलावा सभी पूर्व विधायक सक्रिय रहे। देर रात तक मंथन होता रहा।

साढ़े तीन घंटे बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कानपुर। बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शहर आ रही है। उन्नाव से होकर यात्रा झाड़ी बाबा पुल होते हुए शहर में प्रवेश करेगी और घंटाघर चौराहे पर राहुल गांधी का संबोधन होगा। ट्रैफिक पुलिस ने शहर में सुबह नौ बजे से 12:30 बजे तक के लिए रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू की है। रूट डायवर्जन वाले चौराहों पर ई-रिक्शों का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

यह रहेगी यातायात व्यवस्था

- नरोना चौराहा से घंटाघर की ओर कोई भी वाहन नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन मुरे कंपनी पुल से दाहिने मुड़कर मीरपुर होते हुए कैंट की ओर जा सकेंगे।
- हरवंश मोहाल रोड से कोई भी वाहन सीधे घंटाघर की साइड नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन दुग्धमंडी, आटो पार्किंग से यूटर्न होकर वापस होंगे।
- स्टेशन से निकल कर कोई भी वाहन कार्यक्रम के दौरान घंटाघर नहीं आ सकेगा, ऐसे स्टेशन गेट नंबर दो से होते हुए टाटमिल की तरफ जाएंगे।
- कार्यक्रम के दौरान टाटमिल चौराहे से घंटाघर की तरफ कोई वाहन नहीं जाएगा, ऐसे वाहन वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।
- बांसमंडी कोपरगंज की ओर से आने वाले वाहन घंटाघर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन कोपरगंज तिराहे से बाएं मुड़कर गुड़मंडी होते हुए श्याम बिहारी मिश्रा चौक से जाएंगे।
- मूलगंज चौराहे की से सीधे घंटाघर की ओर जाने वाले वाहन श्याम बिहारी मिश्रा चौक से दाहिनें व बाएं मुड़ कर जाएंगे।
- बिरहाना रोड, नयागंज से कोई भी वाहन घंटाघर की ओर नहीं जाएंगे, ऐसे वाहन अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

व्यवस्था | स्मार्ट सिटी से पार्क विकसित होने के बाद श्रम विभाग ने लगाई रोक

अब सेंट्रल पार्क में नहीं हो सकेंगे समारोह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शास्त्री नगर बड़ा सेंट्रल पार्क में अब सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम व शादी समारोह नहीं हो सकेंगे। श्रम विभाग ने रोक लगा दी है। कानपुर स्मार्ट सिटी की ओर से पार्क को करीब 2 करोड़ रुपये से डेवलप किया गया है। इस पार्क पर श्रम विभाग का स्वामित्व है और कार्यक्रमों के लिए श्रम विभाग ही बुक करता है।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने कार्यक्रमों की बुकिंग को लेकर आपत्ति जताई थी। कहा था कि कार्यक्रमों से पार्क में पाथवे, लाइट, वृक्षों पर अन्य विकास कार्यों को क्षति पहुंच रही है। इसके बाद श्रम विभाग ने बुकिंग पर रोक लगा दी है। सहायक श्रमायुक्त कीर्ति वर्धन ने बताया कि नगर निगम की आपत्ति के बाद अब कोई भी बुकिंग नहीं की जाएगी। 16 फरवरी से 27 फरवरी तक सुधांशु जी महाराज का कार्यक्रम वर्ष 2023 में ही बुक कर दिया गया था।

पटाखे की दुकानें भी नहीं लगेंगी

सहायक श्रमायुक्त कीर्ति वर्धन ने नगर निगम की आपत्ति के बाद किसी भी कार्यक्रम पर रोक लगा दी है। दीपावली में पटाखों की दुकानें भी अब सेंट्रल पार्क में नहीं लगेंगी। इस पार्क में पारंपरिक रूप से रामलीला का आयोजन होता है, अब इस पर भी ग्रहण लग सकता है। इस फैसले का विरोध भी हो सकता है। अब इस पार्क को सिर्फ लोगों के टहलने के लिए ही रखा जाएगा।

कानपुर नगर के सम्पूर्ण विकास के लिये सतत् सघंर्षरत

जननायक
मा. अजय कपूर
राष्ट्रीय सचिव, अ. भा. कांग्रेस कमेटी
को जन्म दिवस (21 फरवरी) की
हार्दिक शुभकामनायें
जन्म दिवस के अवसर पर गोविन्द नगर स्थित कार्यक्रम में प्रातः 11:30 बजे से
आप सभी सादर आमंत्रित हैं

शुभेच्छु:- श्रीप्रकाश जायसवाल, संजीव दरियावादी, हर प्रकाश अग्निहोत्री मदन मोहन शुक्ला, सुहैल अंसारी (पूर्व विधायक), नौशाद आलम मंसूरी (शहर अध्यक्ष उत्तर), अमित पाण्डेय (नगर ग्रामीण अध्यक्ष), पवन गुप्ता, हरविन्दर सिंह लार्ड, इकबाल अहमद, हेमराज सिंह गौर, अम्बुज शुक्ला, दीपक त्रिवेदी बल्ली, बलजीत यादव, नरेश चन्द्र त्रिपाठी, सचिन त्रिपाठी, सन्दीप शर्मा, विनोद दीक्षित, महेश प्रसाद दीक्षित, ललित मोहन श्रीवास्तव, इस्लाम अंसारी, अरविन्द त्रिवेदी, नव तिवारी, अम्बरीश सिंह गौड, अंकज मिश्रा, विजय सिंह मार्तोलिया, दिलीप शुक्ला उमंग शुक्ला, कृष्णमाणि देव सिंह 'टिल्लू', विमलेश पाण्डेय, अशोक मिश्रा भूटानी, सुरेन्द्र बिहारी, वीरेन्द्र वर्मा, दिलशाद हाशमी मुकरी, पंकज दुबे 'पिण्टू जूनियर', जितेन्द्र मिश्रा, संगीत तिवारी, अनूप सिंह, बबलू अवस्थी, अनिल यादव पार्षद, विष्णू शुक्ला, अनिल अग्रवाल (इंटक), नीरज चढ्ढा, श्रीमती सरोज चढ्ढा पार्षद, अमित जायसवाल पार्षद, अंजुली आदर्श दीक्षित पार्षद, शालू सुनील कनौजिया पार्षद, राज कुमार यादव, धवल पाण्डेय, चन्द्र मणि मिश्रा, नीलम सचान, हरीश बाजपेई, हैलीना सिंह, डा. रमा पाण्डेय, प्रियंका सिंह, शकुन्तला तिवारी, अमीम खाँ, कमलशुक्ल बेबी, सुनील कनौजिया, नीतू संजीव मिश्रा, योगेन्द्र सिंह, शैलेश आनन्द पम्मी, जे. पी. पाल, अमनदीप सिंह गम्भीर 'लवी', शाहीन इरफान, मेनका सिंह सेंगर, राजीव सेतिया, मो. आरिफ, कौसर अली, मोहिनी कनौजिया, जरीना खातून, राम स्वरूप तिवारी, अमित सोनकर, अनिल त्रिपाठी, सिद्वार्थ सिंह, रविन्द्र कुशवाहा, रामजी त्रिपाठी, करन सिंह, सजंय मिश्रा, एस. डी. पाण्डेय, उमा सिंह, दिनेश तिवारी, राजेन्द्र सिंह, राधेश्याम तिवारी, राजाराम मिश्रा, रज्जू भट्ट, दिनेश सागर, संजीव मिश्रा, जय दुबे, मनोज तिवारी, मुकेश दुबे, प्रदीप शुक्ला रजोल, महेश दीक्षित, नितेश बाजपेई 'निन्नी', मो. शमशुल हक, आलोक चौबे, शिवप्रसाद लोधी, हरेराम सिंह, लालचन्द्र मौर्या, देवराज जोशी, सना उल्लाह खाँ, इकबाल अहमद श्भल्लू, मोहन पासवान, पीर मोहम्मद, बिन्दा गौतम, बृजेश दीक्षित, अजय गुप्ता, तेज नारायण शुक्ला, शोभित शुक्ला, राम सिंह, अशोक वर्मा, पप्पू वर्मा, पवन तिवारी, अवधेश त्रिपाठी, अनुराग शुक्ला, मंजुल अवस्थी, शिव बालक दुबे, दिनेश तिवारी, डी. के. चतुर्वेदी, नसीम खाँ, प्रभात मिश्रा, इम्तियाज अहमद, सज्जन तिवारी, धनन्जय श्रीवास्तव, कुलदीप गुप्ता, देवी प्रसाद चतुर्वेदी, स्वदेश शुक्ला, कमलेश चतर्बुदी, कमलेश दीक्षित, मन बोधन सिंह, अवनीश ठाकुर, पं. शरद त्रिपाठी, अनिल तिवारी, जय किशन गुप्ता, सतीश उत्तम, विजय शुक्ला, सुधीर खन्ना 'पम्मी', वीरेन्द्र मिश्रा, मनोज कपूर, अजय श्रीवास्तव 'पप्पी', संजय श्रीवास्तव 'बब्बू', सुभाष शुक्ला, देशबन्धु तिवारी, तारकेश्वर नाथ त्रिपाठी, नरेन्द्र श्रीवास्तव, तरूणेन्द्र कुमार बाजपेयी एड., सुरेश सिंह चौहान एड., अविनाश चन्द्र बाजपेई एड., इन्द्रपाल सिंह चौहान एड., रामेन्द्र सिंह कटियार एड., दिनेश कुमार शुक्ला एड., सर्वेश कुशवाहा एड., भानू प्रताप सिंह एड., जितेन्द्र सिंह तोमर एड., अवध किशोर त्रिपाठी एड., मुगताज रसूल एड., अरविन्द दीक्षित एड., विनय मिश्रा एड., राम सिंह गौड एड., मनोज कुमार द्विवेदी एड., उपेन्द्र सिंह भदौरिया एड., वीर बहादुर सिंह एड., दिनेश वर्मा एड., श्याम जी श्रीवास्तव एड., राम शंकर अग्निहोत्री एड., प्रदीप गोयल एड., मनीष बाजपेई एड., इजाहरूल अंसारी, हिमान्शू अवस्थी, कामेश्वर चौबे, सत्यप्रकाश यादव।

सौजन्य से :- मनोज गुप्ता, राघवेन्द्र सेठ, गिरीश गुप्ता, राजेश शुक्ला

Ad-Nation

हृदयगति रुकने के तीन मिनट के अंदर सीपीआर देना जरूरी

कमिश्नरेट में आईएमए और प्रणोदय संस्था के तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सड़क हादसे, हृदय घात, इलेक्ट्रॉक्यूशन (बिजली का झटका) या अन्य किसी कारण के हृदय गति रुकने पर सीपीआर देना अति आश्वयक है। किसी भी वजह से हृदय गति रूकने पर संबंधित व्यक्ति को तीन मिनट के अंदर सीपीआर दी जाए तो दिल की धड़कन दोबारा चालू हो सकती है। यह जानकारी आईएमए जिला अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने पुलिस कर्मियों को दीं।

पुलिस कमिश्नरेट के सभागार में मंगलवार को आईएमए और प्रणोदय संस्था ने कार्डियो पल्मोनरी रिस्सिटेशन (सीपीआर) पर कार्यशाला का आयोजन किया। प्राणोदय संस्था और आईएमए के डॉ. सुनील गुप्ता और डॉ. प्रदीप टंडन ने सभागार में मौजूद सभी पुलिस कर्मियों को सीपीआर देने की तकनीक का प्रशिक्षण दिया। दोनों डॉक्टरों ने पुलिस कर्मियों को डमी (पुतला) के माध्यम से कैसे चेस्ट पुश करना और माउथ ब्रीथिंग करनी है, इसकी जानकारी दी। आईएमए अध्यक्ष ने बताया कि 24 घंटे हर जगह पर प्रशिक्षित व्यक्ति या डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, इसलिए सीपीआर कैसे दिया जा सके, इसकी जानकारी सभी को होनी चाहिए। सीपीआर देने की तकनीक देश में एक प्रतिशत लोगों को भी नहीं आती है, जबकि इसकी जानकारी होना बेहद जरूरी है। प्रशिक्षित लोगों का ग्राफ बढ़ने से आईएमए ने कार्यशालाओं का आयोजन करने की तैयारी की है। पुलिस कमिश्नर के सहयोग से हफ्ते में दो बार शहर के विभिन्न थानों में इसी तरह वर्कशॉप आयोजित करने की तैयारी की गई है। इस दौरान आईएमए के पूर्व सचिव डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष डॉ.बृजेंद्र शुक्ला, पूर्व सचिव डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, डॉ. सुनीत गुप्ता रहे।

सीपीआर पर बोलते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, साथ में आईएमए अध्यक्ष डॉ .नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ .कुनाल सहाय।

करंट लगने व दम घुटने में भी सीपीआर सहायक

आईएमए सचिव डॉ .कुनाल सहाय ने बताया कि जब किसी को सांस लेने में दिक्कत हो या वह सांस नहीं ले पा रहा हो और बेहोश जाए तो सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। करंट लगने पर, पानी में डूबने पर और दम घुटने पर सीपीआर से तुरंत आराम पहुंचाया जा सकता है। हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देकर चिकित्सीय सुविधा मिलने से पहले व्यक्ति को काफी हद तक बचाया जा सकता है। इसकी जानकारी सभी को होना अतिआवश्यक है।

वर्चस्व की जंग में दो गुटों में बमबाजी

कानपुर। साकेत नगर में दो गुटों के बीच काफी समय से चल रही वर्चस्व की जंग एक बार फिर सामने आ गई। पराग डेयरी स्थित डीसीपी साउथ कार्यालय के बाहर दोनो गुटों के बीच मंगलवार शाम जमकर लात घूसें व बेल्टें चलीं। अराजकतत्वों ने सड़क पर बमबाजी भी की, जिससे राहगीरों में अफरा तफरी मच गई। गोविंद नगर, किदवई नगर थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा और तीन युवकों को हिरासत में लिया।

साकेत नगर निवासी दो भाईयों का कई वर्षों से क्षेत्र में गैंग सक्रिय है। दोनों पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमें भी दर्ज हैं। क्षेत्र में फल व सब्जी मंडी वालो से वसूली को लेकर दो गुटों के बीच में अक्सर जंग होती रहती है। बर्रा दो निवासी अमित ने बताया कि साकेत नगर नहर के पास स्थित कॉलेज के बाहर फास्ट फूड की दुकान पर खड़ा था, तभी दोनों भाइयों के साथी आयुष पांडेय, नितीश व प्रतीक यादव समेत एक दर्जन लोग आए और मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान युवकों ने दईमार बम भी चला दिए, जिससे बाजार में अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। किदवई नगर इंस्पेक्टर बहादुर सिंह ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी की जांच की, जिसमें कुछ युवक बमबाजी करते कैद हुए हैं। तीन को हिरासत में लिया।

रेलकर्मी के घर से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शादी समारोह में शामिल होने कौशांबी गया था परिवार
- तीन युवक घर में घुसते हुए सीसीटीवी में कैद

अमृत विचार। योगेंद्र विहार में रेलवे कर्मचारी के बंद घर से चोरों ने लाखों के जेवरात समेत नकदी पार कर दी। मंगलवार सुबह घर पहुंचने पर गृहस्वामी ने मेन गेट का ताला टूटा व बिखरा सामान देख पुलिस को सूचना दी। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। हनुमंत विहार पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

मूल रूप से कौशांबी निवासी रेलवे कर्मचारी विद्या सागर खाड़ेपुर योगेंद्र विहार में परिवार के साथ रहते हैं। विद्या सागर ने बताया कि शादी समारोह में शामिल होने के लिए परिवार के साथ रविवार शाम कौशांबी गए हुए थे। मंगलवार सुबह वापस आए तो मेन गेट का ताला टूटा देख चोरी की आशंका हुई। अंदर जाकर देखा तो अलमारी टूटी पड़ी थी और उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात समेंत नकदी चोरों ने पार कर दी थी। विद्या सागर ने मामले की जानकारी हनुमंत विहार पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें रात में 2:30 बजे तीन युवक घर में घुसते हुए कैद हो गए।

जीआरपी ने खंगाले सीसीटीवी अब कर रही तहरीर का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बदमाशों ने किसान को पीट-पीटकर मार डाला था

अमृत विचार। कानपुर रेलवे स्टेशन के पार्किंग स्टैंड के पास किसान की लूट के बाद पीट-पीटकर हत्या के मामले में दूसरे दिन जीआरपी ने घटनास्थल से लेकर आसपास के जगहों के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पसलियों के टूटने और रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है। जीआरपी हत्या मानने को तैयार नहीं है। तहरीर का इंतजार कर रही है।

बिहार के गया जिले के लारपुर गांव निवासी 51 वर्षीय किसान शिवकुमार यादव 16 फरवरी को ट्रेन से फर्रुखाबाद में रहने वाले अपने दोस्तों के यहां घूमने आए थे। बहनोई तरुण कुमार ने बताया कि रविवार को उन्हें लौटना था। रविवार शाम वह सेंट्रल स्टेशन पहुंच गए थे। तरुण का आरोप है कि जहरखुरानों ने उन्हें खाने पीने की चीज में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिलाने के बाद मारपीट करने के बाद 50 हजार रुपये लूट लिए। रविवार देर शाम उनका शव स्टैंड किनारे पड़ा पाया गया। अगर घटना केवल जहरखुरानी होती तो शरीर पर इतनी चोटें नहीं आतीं। इस संबंध में एसपी रेलवे प्रयागराज अष्टभुजा प्रसाद ने बताया कि स्टेशन के आसपास लगे सीसी कैमरों के फुटेज जुटाने के साथ ही मृतक के मोबाइल को सर्विलांस से जानकारी जुटाई।

नेत्रदानी की आंखों से दो लोगों की जिंदगी रोशन

कानपुर। शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद के साथी रहे कानपुर के दिवंगत डॉ. गया प्रसाद की पत्नी निर्मला देवी कटियार की आंखों से दो लोगों की जिंदगी में एक बार फिर से उजाला आ सका। 14 फरवरी को 94 वर्षीय निर्मला देवी की मौत के बाद उनकी आंखें और देहदान की गई थी।

अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में दिवंगत निर्मला देवी की एक कार्निया बांगरमऊ के डहान गांव निवासी राजू (50) और दूसरी कार्निया कन्नौज के तालग्राम निवासी सुरेंद्र (45) को प्रत्यारोपित की गई। नेत्र प्राप्त करने वालों ने खुशी जताई है।

सपा नेता समेत 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्वालटोली थानाक्षेत्र का मामला, पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचार। ग्वालटोली थानाक्षेत्र में एक महिला ने समाजवादी पार्टी नेता और उनके साथियों पर घर का ताला तोड़ने के प्रयास का आरोप लगाया। दोनों पक्षों में विवाद बढ़ा तो हंगामा शुरू हो गया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी भाग निकले। महिला ने समाजवादी पार्टी नेता समेत 15 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराई है।

खलासी लाइन ग्वालटोली निवासिनी अनीता गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 16 फरवरी की शाम को छह बजे बजे करीब समाजवादी पार्टी नेता दुर्गेश यादव, उनके 4-5 अज्ञात साथी व 8-10 अज्ञात महिलाएं घर का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने विरोध किया तो दुर्गेश ने उनके व परिवार के साथ मारपीट कर वस्त्र फाड़ दिए। इस दौरान उसने गालीगलौज देते हुए मारने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि वहां से भागकर किसी तरह वह जान बचाकर भागी। इस घटना के बाद परिवार दहशत में जी रहा है। इस संबंध में ग्वालटोली थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि पीड़ित अनीता गुप्ता की तहरीर पर आरोपी सपा नेता दुर्गेश यादव, चार से पांच अज्ञात और आठ से 10 अज्ञात महिला के खिलाफ बलवा, मारपीट और धमकी में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। महिला का आरोप था कि किसी तरह उसने और परिवार के अन्य लोगों ने भागकर जान बचाई। जिसके बाद वह लोग भीड़ इकट्ठा होते देख मौके से भाग निकले।

अधिक राजस्व देने पर भी झेल रहे उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर मंडल सबसे ज्यादा राजस्व देता है, इसके बावजूद मंडल के व्यापारियों को सबसे ज्यादा उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। भाजपा राज में व्यापारी भीख मांगने की कगार पर है। जीएसटी, मंदी व महंगाई से लेकर विभागीय उत्पीड़न के कारण व्यापारी आत्महत्या करने को मजबूर हैं। यह बातें व्यापार सभा की मंडलीय बैठक में सपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहीं।

किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को सपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने कानपुर मंडल के सभी जिलों के व्यापारियों और पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया। बैठक में व्यापारियों ने सपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जितवाने का संकल्प लिया।

मंच पर प्रदीप जायसवाल, अभिमन्यु गुप्ता आदि। अमृत विचार

- व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा

प्रदीप जायसवाल ने कहा कि कानपुर प्रदेश की व्यापार राजनीति का केंद्र बिंदु है, इसलिए कानपुर से ही व्यापारियों को लोकसभा चुनाव में जुड़ने की मुहिम का शुरुआत की गई है। समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन ही व्यापारियों को उनकी समस्याओं से मुक्ति दिलवा सकता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि कानपुर मंडल के सभी जिलों के व्यापारियों को एकजुट कर उनसे सपा और इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का आह्वाहन किया। इस दौरान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सूद, प्रदेश उपाध्यक्ष हरदीप सिंह राखड़ा, प्रदेश सचिव विनय कुमार, प्रदेश सचिव दीपू श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव प्रदीप तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साकिफ कुरैशी, सदस्य काले खान, ऋषि अग्रवाल, कानपुर नगर अध्यक्ष नंदलाल जायसवाल, कन्नौज अध्यक्ष प्रियतेश सिंह, इटावा अध्यक्ष राजीव चंदेल, फर्रुखाबाद अध्यक्ष रोमित सक्सेना, औरैया अध्यक्ष विपिन गुप्ता, कानपुर ग्रामीण अध्यक्ष रवि सिंह आदि रहे।

कानपुर दक्षिण में कमजोर है सपा व गठबंधन

सपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि कानपुर दक्षिण में सपा और गठबंधन कमजोर है, इसलिए किदवई नगर में कार्यक्रम का आयोजन कर दक्षिण को मजबूत करने का संदेश दिया गया है। व्यापारी और पीडीए मिलकर सपा और इंडिया गठबंधन की सरकार बनवाएंगे। वर्तमान में व्यापारी बेहद परेशान हैं।

सार-संक्षेप

छात्रों को स्मरण क्षमता बढ़ाने के उपाय बताए। अमृत विचार

स्मरण शक्ति बढ़ाने के उपाय बताए

कानपुर। सेंट फ्रांसिस जेवियर्स इंटर कॉलेज के सभागार में मंगलवार को एसएफएक्स लर्निंग प्लेटफार्म एंड एप का उद्घाटन प्रधानाचार्य फादर राजेश साइमन ने किया। कार्यक्रम में हैदराबाद से आए दर्पण वासुदेव ने छात्रों व अभिभावकों को उन्नत, स्मरण शक्ति बढ़ाने के उपाय बताए। कॉलेज सभागार में मौजूद विद्यालय के कक्षा छह से 12 तक के छात्रों व अभिभावकों ने कार्यक्रम को सफल बनाया और शिक्षा में तकनीकी के प्रयोग की सराहना की। इस मौके पर शिक्षक प्रमोद कुमार, जोसेफ जूलियस, विंसेंट जैकब, प्रदीप विश्वकर्मा, जसिंथा, स्वीटी पीटर, आकांक्षा अत्री, रिषभ शुक्ला, गोपाल मिश्रा, अजय त्रिपाठी, चंद्रेश बाजपेई, शैलेंद्र श्रीवास्तव, बिपिन श्रीवास्तव, कुणाल बाजपेई व रमेश मौर्य आदि रहे।

साइबर ठगों ने 58 हजार रुपये पार कर दिए

कानपुर। साइबर ठगों ने एक शहरी को यूपीआई और एटीएम की मदद से ठग लिया। ठगों ने कई बार में फ्रॉड कर 58 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित जब बैंक पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। खलासी लाइन ग्वालटोली निवासी रविचार पांडेय ने पुलिस को बताया कि उनका पंजाब नेशनल बैंक की शाखा ग्वालटोली में खाता है। बताया कि उनके पास उक्त बैंक का न तो कोई एटीएम कार्ड है और न ही स्मार्ट फोन का इस्तेमाल करते हैं। इसके बावजूद जमा रकम से एटीएम बूथ व यूपीआई के माध्यम से 10,019 रुपये की निकासी की गई तथा आठ अक्टूबर को उसी माध्यम से 20,010 रुपये की निकासी फिर हुई। इसके बाद नौ अक्टूबर को फिर से 18,072 रुपये की निकासी यूपीआई के माध्यम से हुई। बताया कि अलग-अलग तारीखों में खाते से कुल 58,312 .62 रुपये धनराशि निकासी हुई। बैंक से जानकारी की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को बताया। इस संबंध में ग्वालटोली थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि पीड़ित रविचार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

सपा के साथ बिना यात्रा की सफलता पर संशय

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

- प्रदेश में सीटों पर समझौता नहीं हो पाने के कारण अखिलेश ने किया किनारा
- 24 फरवरी को मुरादाबाद से यात्रा शामिल होंगी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी

कानपुर। लोकसभा सीटों को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच कोई सहमति नहीं बन पाने का असर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर दिख सकता है। पहले दावा किया जा रहा था कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी घंटाघर की जनसभा में शामिल हो सकते हैं। लेकिन फिलहाल अब इसकी कोई उम्मीद नहीं है। प्रियंका गांधी भी यात्रा में नहीं होंगी। प्रियंका ने 24 फरवरी को मुरादाबाद से यात्रा में शामिल होने की बात कही है।

बुधवार को कानपुर में राहुल गांधी की न्याय यात्रा का 39वां दिन होगा। प्रदेश की मुस्लिम बहुल सीटों के चक्कर में तमाम प्रयासों के बाद भी कांग्रेस और सपा में बात नहीं बन पाई है। इससे यात्रा में एकजुटता का संदेश नहीं जा रहा है। सपा 17 सीटें कांग्रेस को देने पर राजी है, पर मुरादाबाद में पेंच फंसा है। यहां से 2004 में मोहम्मद अजहरुद्दीन सांसद रहे थे। मेयर चुनाव में कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही है। बताते हैं कांग्रेस ने 28 सीटों की सूची सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपी है। सपा ने देवरिया, बाराबंकी, बांसगांव, अमरोहा, सहारनपुर, झांसी, हमीरपुर, सीतापुर, कानपुर, रायबरेली, अमेठी, गाजियाबाद, फतेहपुर सीकरी, बुलंदशहर, मथुरा, वाराणसी और अमरोहा सीट कांग्रेस को ऑफर की है। लेकिन सपा और कांग्रेस दोनों के बीच 30 से 50 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले संसदीय क्षेत्रों को लेकर रस्साकशी है। कांग्रेस को लगता है कि मुस्लिम वोट उसकी तरफ लौट रहा है जबकि सपा एमवाई फैक्टर जो आजकल पीडीए में तब्दील हो चुका है, को ज्यादा तरजीह दे रही है। सपा को भय है कि यदि कांग्रेस एक बार यूपी में मुस्लिम वोट झटक ले गयी तो यह वोट उसके पास आसानी से नहीं लौटेगा। इसी वजह से दोनों दलों में सामंजस्य नहीं बैठ पा रहा है।

केडीए कार्यालय में हंगामे पर मां बेटे पर रिपोर्ट

कानपुर। कानपुर विकास प्राधिकरण में एक माह पूर्व मां बेटे ने जमकर हंगामा काटा था। इस दौरान उन लोगों ने कार्यालय में अभद्रता कर आत्महत्या की धमकी दी थी। इस मामले में विशेष कार्याधिकारी की तहरीर पर मां बेटे पर एफआईआर दर्ज की गई।

केडीए के विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला ने पुलिस को बताया कि हिमांशु सिंह निवासी विजय नगर तथा इनके पड़ोसी रवि कुमार शाह ने अवैध निर्माण किया है। जिसके संबंध में कानपुर विकास प्राधिकरण ने अवैध उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की थी। बताया कि हिमांशु सिंह अपनी मां हेमन्ती सिंह के साथ कार्यालय में 27 जनवरी 2024 को आए और जमकर हंगामा किया। अभद्रता की और सरकारी कार्य में बाधा डाली। आत्महत्या करने की धमकी दी थी।

इस संबंध में स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि केडीए के विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला की तहरीर पर हिमांशु सिंह और हेमंती सिंह पर एफआईआर दर्ज की गई है।

अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

अनुवाद अध्ययन में एक नए युग की शुरुआत, एसडी कॉलेज में अनुवाद व बहुसंस्कृतिवाद पर हुई चर्चा

अब राम कथाओं को विश्व स्तर पर पढ़ा जाता, गीता भी छायी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वीएसएसडी कॉलेज में तीन दिवसीय अनुवाद और बहुसंस्कृतिवाद पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भारत पढ़ता है का आयोजन हुआ। इसमें अंग्रेजी विभाग की कन्वेनर व विभाग प्रभारी प्रोफेसर नीरू टंडन ने 'रीडरर्स आर दा लीडरर्स' का नारा दिया। उन्होंने कहा मौजूदा समय में राम को विश्व स्तर पर पढ़ा जाता है और 59 भाषाओं में गीता का अनुवाद होने से पूरा विश्व राम-कृष्ण के आदर्श मूल्यों को आत्मसात कर सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों महाकाव्य भारत की समृद्ध, संस्कृति और इतिहास की झलक पेश करते हैं और विश्व भर के लोगों को भारत के बारे में जानने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

यूएसए के वर्जीनिया विवि के प्रोफेसर रतन भट्टाचार्य के संबोधन और कैलिडोस्कोपिक इंडियन अमेरिकन सोसाइटी (केआईएएस) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसी के साथ अनुवाद अध्ययन के क्षेत्र में सहयोग के एक नए युग की शुरुआत हुई। कॉलेज के प्राचार्य विपिन कौशिक ने स्वागत भाषण के साथ महाविद्यालय के 101 सालों का गरिमामय इतिहास साझा किया। कॉलेज के प्रबंधन बोर्ड की संयुक्त सचिव नीतू सिंह ने सत्रों के लिए दिशानिर्देश दिए।

- एएलटीएआई और केआईएएस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति समानता, सहिष्णुता और वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांतों पर आधारित है। संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने का सबसे अच्छा तरीका है कि हम अनुवाद करें और उन्हें विश्व भर के लोगों के साथ साझा करें। संगोष्ठी के दूसरे सत्र में प्रो. रतन भट्टाचार्य ने बहुसंस्कृतिवाद को बढ़ावा देने में अनुवाद की भूमिका का महत्व बताया। डॉ. नितादवे जैन ने सत्र की अध्यक्षता व संचालन डॉ. फातिमा आशना ने किया। डॉ. प्रत्यूष चंद्र ने अनुवाद और बहुसंस्कृतिवाद पर संगोष्ठी को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. नवीन मोहिनी निगम, डॉ. सुप्रिया शुक्ला, डॉ. छाया जैन, प्रो. अरविंद दीक्षित, डॉ. एबी जायसवाल, प्रो. मनोज अवस्थी, प्रो. आनंद शुक्ला, प्रो. नंदलाल और प्रो. डोबल ने विचार रखे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों में महासचिव एआईएफयूसीटीओ प्रो. विवेक द्विवेदी, संयोजक अंग्रेजी अध्ययन सीएसजेएमयू डॉ. निवेदिता टंडन रहीं। प्रो. बीडी पांडेय, प्रो. श्रवण कुमार, प्रो. निशा गुप्ता, प्रो. अंजिता सिंह ने ज्ञानवर्धक चर्चा की।

गोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

गोष्ठी में उपस्थित लोग। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने जगदीशपुर भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी लिया है जिसका नंबर–215006030 है। जिसमें बजरंग अग्रहरि दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड और बैंक पासबुक में हर्ष गुप्ता अंकित है दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के हैं। इसी दोनों नाम से मुझे जाना वा पहचाना जाए। **– हर्ष गुप्ता उम्र 21 वर्ष सुत गिरधारी लाल गुप्ता मकान नंबर 256 गली नंबर 8 न्यू लाहौर शास्त्री नगर गांधीनगर एस0ओ0, ईस्ट दिल्ली 11003**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने HARAROOL HAK से अपना नाम बदलकर AHARAROOL HAK S/O SIRAJUL HAK **निवासी– ग्राम अकबरपुर बुजुर्ग पोस्ट मुड़की थाना फखरपुर बहराइच उत्तर प्रदेश** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मैं **हुस्ना जहाँ पत्नी ताहिर शेख पुत्री मोहम्मद शानू, निवासी– 419/115, हाता सूरत सिंह, ठाकुरगंज लखनऊ,** मेरे पुत्र मो0उजैर (MOHD UZAIR) के पिता का नाम (TAHIR SHAIKH) है परन्तु उसके पासपोर्ट में पिता का नाम त्रुटिवश (MOHD TAHIR SHAIKH) अंकित हो गया है। अतः मेरे पुत्र को (MOHD UZAIR) पुत्र (TAHIR SHAIKH) के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सुचित किया जाता है कि RAHUL पुत्र RAJESH **निवासी– लौवाबीरपुर, पो0– नवावगंज जिला गोण्डा** मैंने अपना नाम बदल कर RAHUL YADAV **पुत्र** RAJESH YADAV रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य पूरक परीक्षा सन् 2010 अनुक्रमांक 788608 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **– प्रदीप कुमार पुत्र धर्मराज सिंह, निवासी– ग्राम– करहा, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश**

निजी अस्पताल नि:शुल्क लगाएंगे 'बर्थ डोज'

अच्छी खबर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जन्म के बाद बच्चे का टीकाकरण बहुत जरूरी होता है। इससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वह कई बीमारियों तथा संक्रमण से सुरक्षित रहते हैं। इसे देखते हुए निर्णय हुआ है कि अब जिले के सभी निजी अस्पतालों में शिशु के जन्म के 24 घंटे के भीतर निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. यूबी सिंह ने दी।

सभी निजी अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों को बर्थ डोज लगाई जा सके, इसके लिए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने जिले में पंजीकृत 394 उन निजी अस्पतालों की सूची तैयार की है, जहां प्रसव सुविधा उपलब्ध है। इन निजी अस्पतालों में अब शिशु को जन्म के 24 घंटे के अंदर बर्थ डोज लगाना अनिवार्य होगा, जिसका कोई शुल्क नहीं देना होगा।

इस तरह दिए जाते हैं टीके : जन्म के छह, 10 व 14 सप्ताह पर ओपीवी (ओरल पोलियो वैक्सीन), पेंटावेलेंट दिया जाता है। पहले और तीसरे ओपीवी और पेंटावेलेंट्स के साथ आईपीवी (पोलियो इंजेक्शन) दिया जाता है। नौ से 12 माह में खसरा के टीके के साथ विटामिन-ए की खुराक दी जाती है।

16 से 24 माह में डीपीटी, ओपीवी बूस्टर, खसरा की दूसरी खुराक विटामिन-ए के साथ दी जाती है। पांच से छह साल में डीपीटी की दूसरी बूस्टर डोज दी जाती है। किशोर और किशोरियों को 15 साल में टिटनेस का टीका लगाया जाता है।

24 घंटे के भीतर शिशु को जन्म के तीन टीके लगाना होता अति जरूरी

तीन टीके होते बर्थ डोज में शामिल

- बर्थ डोज में ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी), हेपेटाइटिस बी व बीसीजी का टीका लगाया जाता है। जन्म के समय बीसीजी का टीका देने से दोबारा लगाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

सरकारी अस्पतालों में 96 फीसदी टीकाकरण

- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के मुताबिक जिले में 12 से 23 महीने तक के शिशुओं का सरकारी अस्पतालों में 96.4 फीसदी टीकाकरण किया गया। लेकिन निजी अस्पतालों में यह आंकड़ा सिर्फ 3.6 फीसदी ही रहा।

अपनी मर्जी की वैक्सीन भी लगवा सकते

- डॉ.यूबी सिंह ने बताया कि निजी अस्पताल संचालक सरकारी की जगह निजी वैक्सीन भी लगा सकते हैं। अभिभावकों की मांग पर निजी वैक्सीन लगाने के लिए वह स्वतंत्र हैं और इसका शुल्क ले सकते हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग को सूचित करना और रिपोर्ट देना जरूरी हैं, वर्ना संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

शिशु मृत्यु दर में कमी और कुपोषण से होता बचाव

- नियमित टीकाकरण व स्वस्थ पोषाहार न मिलने से बच्चे में कुपोषण की स्थिति पैदा होती है। वह जानलेवा बीमारियों की चपेट में भी आ जाते है। टीकाकरण से इसका बचाव होता है। शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए नियमित संपूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जाता है।

मिश्रिख से सपा ने भाजपा सांसद के रिश्तेदार को मैदान में उतारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीतापुर, हरदोई और कानपुर की विधानसभा सीटों को मिलाकर बने लोकसभा क्षेत्र मिश्रिख (सु) में इस बार रोचक मुकाबले के आसार दिख रहे हैं। यहां से सपा ने भाजपा सांसद अशोक रावत के रिश्तेदार बताए जाने वाले रामपाल राजवंशी को मैदान में उतारा है। गठबंधन होने पर राजवंशी को कांग्रेस का भी समर्थन मिलेगा।

रामपाल राजवंशी सपा के वरिष्ठ नेता हैं। दो बार मंत्री रह चुके राजवंशी 1996 में पहली बार मिश्रिख विधानसभा क्षेत्र से लोजपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे। वह कारागार मंत्री भी रहे हैं। 2007 व 2012 में वह सपा के टिकट पर विधायक बने। सपा ने 2017 व 2022 में भी उन्हें प्रत्याशी बनाया था, लेकिन वह चुनाव हार गए थे। मिश्रिख को महर्षि दधीचि की जन्मभूमि कहा जाता है। यहां उनका आश्रम भी है। हिंदुओं के लिए यह क्षेत्र बहुत महत्व का है।



रामपाल राजवंशी। अमृत विचार

- तीन बार के विधायक सपा प्रत्याशी रह चुके कारागार मंत्री

मिश्रिख लोकसभा सीट पर भाजपा से सांसद अशोक रावत एक बार फिर दावेदार हैं। ऐसे में सपा के राजवंशी से उनकी सीधी टक्कर हो सकती है। दोनों करीबी रिश्तेदार भी हैं। सपा प्रत्याशी पासी समुदाय के बड़े नेता माने जाते हैं, इस बिरादरी का वोट यहां बहुतायत में है। मिश्रिख लोकसभा सीट पर सात बार कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव जीत चुका है, लेकिन पहला चुनाव जनसंघ (अब भाजपा) के खाते में गया था।

भाजपा ने 2014 में अंजूबाला को प्रत्याशी बनाया था, जिन्होंने बसपा के अशोक रावत को हरा दिया था। 2019 में अशोक रावत ने भाजपा ज्वाइन कर ली तो भाजपा ने अंजू का टिकट काटकर उन्हें उम्मीदवार बनाया। इस बार रावत ने बसपा को हरा दिया था।

एक नजर

कृषि विज्ञान केंद्र रखें व्यावसायिकता का ध्यान

कानपुर। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में कृषि विज्ञान केंद्रों की समीक्षा बैठक में निदेशक प्रसार डॉ. आरके यादव ने बीते माह की प्रगति आख्या प्रस्तुत करने के साथ आगामी माह की कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केंद्र पर सभी इकाइयां योग्य और व्यावसायिक रहें। अधिकांश केंद्रों पर इकाइयां अच्छी स्थिति में हैं। केंद्रों के कार्यों की साप्ताहिक रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाए। केवीके के पोर्टल को भी अपडेट रखें। बैठक का संचालन डॉ. एसएल वर्मा ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. जितेंद्र यादव ने दिया। डॉ. करम हुसैन, डॉ. वीके कन्नौजिया, डॉ. एके सिंह मौजूद रहे।

दरोगा पर भड़की थप्पड़बाज युवती का नहीं लगा सुराग

कानपुर। कोहना थाना क्षेत्र में गंगा बैराज पर दरोगा को थप्पड़ मारने वाली युवती का सुराग अब तक नहीं लग सका है। पुलिस 50 बीपीओ और मुखबिर तंत्र की मदद से युवती की तलाश करेगी। एसीपी कर्नलगंज का दावा है कि जल्द ही युवती को गिरफ्तार किया जाएगा। गंगा बैराज पर दो सप्ताह पूर्व चौकी इंचार्ज पवन कुमार से स्कूटी सवार युवती ने अभद्रता कर थप्पड़ मारा था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद एसीपी के आदेश पर कोहना थाने में युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। स्कूटी पर नंबर न होने के चलते पुलिस को कोई रिकार्ड नहीं मिल सका था। इस पर स्मार्ट सिटी व ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाये गये कैमरों से युवती को ट्रेस किया गया था। जिसमें वह आखिरी बार ग्वालटोली में ट्रेस हुई है। लेकिन गलियों में कैमरे न होने के चलते इससे आगे युवती की तलाश नहीं हो सकी।

एयरोस्पेस, विमानन और रक्षा क्षेत्र में युवाओं का होगा कौशल विकास

प्रधानमंत्री ने जम्मू से किया कानपुर स्थित भारतीय कौशल संस्थान का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गोविंद नगर स्थित एनएसटीआई परिसर में भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री जम्मू कश्मीर के दौरे पर थे, वहीं से उन्होंने संस्थान देश को समर्पित किया। इस संस्थान में युवा विमानन और रक्षा क्षेत्र में नए युग के पाठ्यक्रमों में गुणवत्तापूर्ण मॉड्यूल से प्रशिक्षित हो सकेंगे। आईआईएस के भवन में बड़ी स्क्रीन पर पीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाई गई। इस दौरान सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक सुरेंद्र मैथानी के अलावा आईआईटी और एचएएल के अधिकारी उपस्थित रहे।

भारतीय कौशल संस्थान की आधारशिला पीएम नरेंद्र मोदी ने कानपुर में 19 दिसम्बर 2016 को रखी थी। जम्मू-कश्मीर में पीएम ने 'विकसित भारत की ओर विराट उड़ान' कार्यक्रम के तहत देश को 13,300 करोड़ से अधिक की लागत वाली शिक्षा और कौशल विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें कानपुर का आईआईएस भी शामिल रहा। संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में सांसद पचौरी ने कहा कि आईआईएस देश के युवाओं को हुनरमंद बनाने की तरफ बड़ा कदम है।

सांसद ने विधायक मैथानी के साथ संस्थान की लैब भी देखी। कार्यक्रम में आईआईएस के सहयोगी आईआईटी और एचएएल के अधिकारी, कौशल विकास मंत्रालय के डीडीजी अनिल कुमार, आरडीएसडीई के क्षेत्रीय निदेशक जेडी मासीलामणि समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आईआईएस के लोकार्पण अवसर पर सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक सुरेंद्र मैथानी और अधिकारी। अमृत विचार

66.13 करोड़ रुपये आई संस्थान पर लागत

86 माह में बनकर तैयार हुआ भारतीय कौशल संस्थान

आईआईटी करेगा मार्गदर्शन, एचएएल, डसॉल्ट से करार

- भारतीय कौशल संस्थान कानपुर ने युवाओं को एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आईआईटी कानपुर, एचएएल और डसॉल्ट एयरक्राफ्ट सर्विसेज इंडिया (डीएएसआई) के साथ तीन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत आईआईटी अगले पांच वर्ष तक संस्थान का मार्गदर्शन करेगा। इसमें प्रयोगशाला के बुनियादी ढांचे का विकास, प्रयोगशाला प्रणाली के आधार पर पाठ्यक्रम विकास और दोनों संस्थानों से अनुमोदित संयुक्त डिप्लोमा प्रमाणपत्र जैसे बिंदु शामिल हैं।

उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की मिली सौगात

- ऑटोमोबाइल लैब, सीएनसी लैब, कन्वेंसनल मशीन लैब, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन लैब, मैक्रोनिक्स लैब, अपेरल सेक्टर, ब्यूटी सेक्टर, लेदर डिजाइन और कैड/कैम, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, आईटी, नेटवर्किंग, क्लाउड लैब।

डिफेंस कॉरिडोर को मिलेगा लाभ, उद्यमिता के नए द्वार

- संस्थान प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर से पैदा होने वाले अवसरों का लाभ उठाने के साथ एयरोस्पेस, विमानन और रक्षा क्षेत्र में युवाओं को कौशल प्रदान करके रोजगार और उद्यमिता के नए मौके उपलब्ध करवाएगा।

पुलिस ऑफिस में बेहोश हुई मां तो सुनी फरियाद

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र में चार दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में 11 वीं की छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना में नया मोड़ आ गया है। मंगलवार को पुलिस ऑफिस पहुंची छात्रा की मां ने कुछ लोगों पर मकान हड़पने की नियत से बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पीड़िता काफी देर तक इधर उधर फरियाद लेकर घूमती रही इसके बाद रोते-रोते बेहोश हो गई। पुलिस कमिश्नर की स्टॉफ अफसर अमिता सिंह ऑफिस से बाहर आईं और जानकारी ली। पुलिस कमिश्नर ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए।

विजय नगर जे-ब्लॉक के रहने वाले अनूप कुमार टंडन और उनकी पत्नी सावित्री टंडन मंगलवार दोपहर पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचे। सावित्री ने आरोप लगाया कि उनके मकान को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। आरोप है कि उन्हीं लोगों में से एक व्यक्ति किराए पर रहता है। जिसने उनकी इकलौती नाबालिग बेटी की 16 फरवरी 2024 को जहर देकर हत्या कर दी। आरोप लगाया कि अंतिम संस्कार के बाद कमरे की सफाई के दौरान व्यक्ति के कपड़े से सल्फास की गोलियां मिलीं तो संदेह हुआ कि उसने विरोधियों से साजिश करके मकान हड़पने को उनकी बेटी की हत्या की है। काकादेव पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। रोते-रोते वह अचेत होकर गिर पड़ीं और फिर बेटी के हत्यारों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर चीखने लगीं।

यूपी टीम सीके नायडू के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

यूपी और जम्मू-कश्मीर के मैच मे कैच आउट। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम में अंडर-23 कर्नल सीके नायडू क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच में तीसरे दिन जम्मू कश्मीर की टीम को पारी और 42 रनों से हराकर यूपी की टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

यूपी टीम ने जम्मू-कश्मीर के पहली पारी में बनाए गए 216 रनों के जवाब में 125 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 493 रनों का स्कोर खड़ा किया था। दूसरी पारी में जम्मू को पारी की हार से बचने के लिए 277 रन बनाने थे। लेकिन जम्मू की टीम 62 ओवर में 235 रन पर ही ऑल आउट हो गई। हालांकि काजी जुनैद ने जम्मू टीम ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन यूपी के गेंदबाज कृतज्ञ सिंह व विपरज निगम के आगे उसके बल्लेबाज देर तक नहीं टिक सके। ओपनर रिदम चौथे ओवर में ही बिना खाता खोले लौट गए। दूसरे विकेट के लिए यावेर हसन और काजी जुनैद के बीच 75 गेंदों में 67 रनों की साझेदारी हुई। लेकिन कृतज्ञ सिंह ने यावेर हसन को 40 रनों पर बोल्ड कर दिया। जम्मू का तीसरा विकेट कन्हैया वाधवान के रूप में गिरा, जिन्हें 24.2 ओवर में विपरज ने बोल्ड किया। इसके बाद शिवांश शर्मा व काजी के बीच चौथे विकेट के लिए 108 गेंदों पर 71 रनों की पार्टनरशिप हुई। लेकिन 42.2 ओवर में कृतज्ञ की गेंद पर काजी ने आराध्या को कैच दे दिया। काजी ने 86 रन बनाए। 44.1 ओवर में कृतज्ञ ने शिवांश शर्मा को 33 रन पर एलबीडब्ल्यू कर दिया। इस समय जम्मू का स्कोर पांच विकेट पर 172 रन था। इसके बाद कोई बल्लेबाज मैदान में नहीं टिक पाया। कृतज्ञ की गेंद पर एक रन बनाकर गोविंद शर्मा कैच आउट हो गए। विपरज ने मुस्तफा यूसुफ को 15 रन पर एलबीडब्ल्यू किया। कृतज्ञ की गेंद पर 23 रन बना चुके अर्नव गुप्ता ने आराध्य को कैच दे दिया।

- जम्मू-कश्मीर टीम को मैच के तीसरे दिन एक पारी और 42 रन से ग्रीनपार्क में धूल चटाई

लोकार्पण में पुस्तक दिखाते अतिथि। अमृत विचार

कनवेंशन सेंटर का नामकरण बद्रीनारायण के नाम पर करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डॉ. बद्रीनारायण तिवारी के जीवन पर डॉ. अलका की पुस्तक का हुआ विमोचन

अमृत विचार। प्रयाग नारायण शिवाला परिसर में मंगलवार को स्व. डॉ. बद्रीनारायण तिवारी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर डॉ. अलका प्रदीप दीक्षित की लिखित पुस्तक तुम्हीं सो गए दास्तां कहते-कहते का विमोचन किया गया। सांसद देवेंद्र सिंह भोले, पूर्व अध्यक्ष हिंदी साहित्य सम्मेलन डॉ. रजनी सरीन, पंडित उमाशंकर व्यास, मुकुल विजय नारायण तिवारी, डॉ. अलका दीक्षित ने पुस्तक का विमोचन किया।

पुस्तक के लेखक डॉ. प्रदीप दीक्षित ने मांग रखी कि चुन्नीगंज में निर्माणाधीन कनवेंशन सेंटर का नामकरण स्व. डॉ. बद्रीनारायण के नाम पर किया जाए। उन्होंने तुलसी उपवन व शहीद उपवन नगर निगम को दिए हैं। मानस संगम के माध्यम से 55 वर्षों तक भारतीय संस्कृति का प्रकाश फैलाया है। इसलिए सबसे बड़े सांस्कृतिक केंद्र का नाम उनके नाम पर होना चाहिए। डॉ. सुरेश अवस्थी ने तुलसी उपवन में उनकी मूर्ति लगवाने का प्रस्ताव रखा। सांसद ने दोनों प्रस्तावों में सांसद निधि से सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. रजनी सरीन ने बद्री नारायण को राष्ट्र भक्त व समाज सेवक बताया। उमाशंकर व्यास ने कहा कि उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को बड़प्पन का अहसास कराया। इस मौके पर प्रांत प्रचारक रामजी, विभाग प्रचारक भवानी भीख तिवारी, दिलीप दुबे, विजय प्रकाश तिवारी, डॉ. विकास मिश्रा, उमंग अग्रवाल, सचिन दीक्षित, बबिता तिवारी, सतीश तिवारी आदि मौजूद थे। मुकुल तिवारी ने कहा कि पिता के सभी प्रकल्प यथावत संचालित रहेंगे। संचालन अंशुमान दीक्षित ने किया।

नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत

कानपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में मंगलवार को बैठक में अपर जिला सत्र न्यायाधीश शुभी गुप्ता ने बताया कि यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, जनपद न्यायाधीश के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय की अध्यक्षता में अधिक वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया जाएगा। इस मौके पर बैंकों के ऋण संबंधित, इलेक्ट्रिसिटी, मोटर दुर्घटना, शमनीय वादों का निस्तारण किया जाएगा।

हैलट अस्पताल में सर्वर ठप, मरीजों की आफत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैलट अस्पताल में इन दिनों ऑनलाइन व्यवस्था फेल होने से मरीजों के साथ तीमारदारों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इमरजेंसी तक में मरीजों को एक घंटे बाद इलाज मिल पा रहा है। फिल्म खत्म होने से मरीजों के डिजिटल एक्सरे भी नहीं हो पा रहे हैं। मरीजों का आरोप है कि जांचों के लिए किट तक बाहर से खरीदनी पड़ रही है।

हैलट अस्पताल में एक सप्ताह से ऑनलाइन व्यवस्था लड़खड़ाई है। सर्वर समस्या से पर्चा काउंटरों व यूजर चार्ज काउंटर पर मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। ओपीडी में कुछ कंप्यूटर ऑपरेटर अपने मोबाइल के इंटरनेट से पर्चा बना रहे हैं, तो कुछ ऑपरेटर ऑफलाइन पर्चा बनाने का काम कर रहे हैं। इससे सर्वाधिक परेशानी इमरजेंसी में आने वाले गंभीर मरीजों को हो रही है। डॉक्टर इमरजेंसी में तीमारदार से मरीज का पर्चा मांगते हैं। पर्चा काउंटरों पर सर्वर की समस्या के कारण तीमारदार को पर्चा बनवाने में कम से कम आधा घंटा लगता है। जब वह पर्चा लेकर डॉक्टर के पास पहुंचते हैं तो पर्चे में बीमारी या इलाज आदि लिखकर डॉक्टर फाइल बनवाने के लिए तीमारदार को दौड़ा देते हैं। फाइल बनने में भी आधे घंटे का समय लग जाता है। मेडिसिन की इमरजेंसी में यह शिकायत आम है।

हैलट इमरजेंसी के पर्चा काउंटर पर लगी तीमारदारों की लंबी लाइन। अमृत विचार

चकरघिन्नी बने तीमारदार हलकान होते बीमार

- एक हफ्ते से ऑनलाइन व्यवस्था चल रही फेल
- पर्चा काउंटरों पर रोज लग रही है लंबी लाइन
- फाइल बनवाने के लिए इधर उधर दौड़ना पड़ता
- इमरजेंसी में एक घंटा लग जाता इलाज शुरू होने में

डिजिटल एक्सरे की फिल्म और जांच किट भी खत्म

हैलट में रोज बड़ी संख्या में घायल मरीज आते है। मेडिसिन विभाग में भी मरीजों को डॉक्टर डिजिटल एक्सरे लिखते हैं। लेकिन एक्सरे विभाग में फिल्म खत्म होने से मरीजों का डिजिटल की जगह सामान्य एक्सरे किया जा रहा है। यही नहीं डॉक्टर की लिखी जांच के लिए इमरजेंसी में किट की भी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में मरीजों या तीमारदारों को बाहर भागना पड़ता है।

इंटरनेट सर्वर के संबंध में बीएसएनएल कंपनी के अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। हैलट में जल्द ही 300 एमबीपीएस की स्पीड से इंटरनेट दौड़ेगा। यह काम कंपनी को करना है। मरीजों को दिक्कत न हो, इसलिए ऑफलाइन पर्चे बनाए जा रहे हैं। फिल्म खत्म होने के संबंध में संबंधित अधिकारी से जानकारी ली जाएगी। – डॉ.आरके सिंह, प्रमुख अधीक्षक, हैलट अस्पताल

कमिश्नरेट पुलिस का निर्णय | बीट पुलिस कर्मी के साथ प्रतिमा स्थल के आसपास के लोगों की कमेटी भी रखेगी निगाह

महापुरुषों की प्रतिमाओं की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

अमृत विचार। शहर में आए दिन महापुरुषों की प्रतिमाएं खंडित करने के मामले सामने आने से सतर्क हुए पुलिस प्रशासन ने प्रतिमाओं की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी का फैसला लिया है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कानपुर कमिश्नरेट पुलिस किसी भी हालत में कानून व्यवस्था की स्थिति नहीं बिगड़ने देना चाहती है। कुछ दिनों पूर्व डॉ. आंबेडकर और संत रविदास की प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त कर दी गई थीं। इस पर समाज के लोगों ने हंगामा किया था। पुलिस ने अराजक तत्वों पर माहौल खराब करने की बात बताकर नई प्रतिमा लगवाकर एफआईआर दर्ज की थी।

लोकसभा चुनाव से पहले अराजकतत्व दोबारा महापुरुषों की प्रतिमाओं से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकें, इसके लिए सुरक्षा योजना बनाई गई है। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर ने बताया कि शहर में उन स्थानों को थानास्तर पर चिह्नित किया जा रहा है जहां सुनसान स्थल पर महापुरुषों की प्रतिमा लगी है। ऐसे प्रतिमा स्थलों के आसपास रहने वाले लोंगो को साथ लेकर प्रतिमा की सुरक्षा के लिए कमेटी का गठन किया जा रहा है। इसके अलावा प्रतिमा स्थल के आसपास सीसीटीवी लगेंगे और इसका आउटपुट संबंधित थाने में लगी स्क्रीन पर होगा। कमेटी के सदस्य के घर में भी इसका डीवीआर रखा जाएगा। बीट पुलिस कर्मी संबंधित स्थान पर निगरानी करेगा, जिसका समय बीट बुक में दर्ज करेगा। गश्त के दौरान गश्त पार्टी और थानेदार भी प्रतिमाओं पर नजर रखेंगे।

अराजकतत्व बाज नहीं आ रहे माहौल बिगाड़ने से

- सचेंडी में एक कॉलेज के पास लगी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को अराजकतत्वों ने तोड़ दिया था। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया था। पुलिस ने मोर्चा संभाल कर माहौल बिगड़ने से बचाया था। सजेती में भी डा. आंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने से माहौल खराब होते बचा था। 19 दिसंबर 2023 को बुद्ध कथा से पहले संत रविदास की प्रतिमा घाटमपुर में तोड़कर माहौल खराब किया गया था। पहली जनवरी को मेस्टन रोड स्थित बीच वाला मंदिर में पर्चे चिपका कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई थी।

महापुरुषों की प्रतिमाओं की सुरक्षा पुलिस की जिम्मेदारी है। सीसीटीवी लगाकर और स्थानीय लोगों की मदद से प्रतिमाओं की सुरक्षा की जाएगी। किसी ने भी माहौल खराब करने का प्रयास किया तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

– हरीश चन्दर, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था)

ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनवा पाए लोगों को राहत

कानपुर। जिन लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता 31 जनवरी से 15 फरवरी के बीच समाप्त हो गई थी और वह नया लाइसेंस नहीं बनवा सके थे, उनके ड्राइविंग लाइसेंस 29 फरवरी तक वैध रहेंगे। परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी के कारण शहर में भी तमाम लोग अपने लर्निंग या परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनवा पाए हैं। आरटीओ कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने 29 फरवरी तक लाइसेंस की वैधता का आदेश जारी कर दिया है।

एक नजर

लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की

कानपुर। लंबित विवेचनाओं को लेकर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने थाना महाराजपुर की अपराध समीक्षा की। इस दौरान लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण के लिए विवेचको को निर्देशित किया। पुलिस उपायुक्त ने थाने में फाइलों के रखरखाव को ठीक ढंग से रखने के लिए कहा।

धू-धूकर जली बाइक

कानपुर। हैलट अस्पताल में बाल रोग विभाग के पास औरैया से आए युवक की बाइक में आग लग गई। सुरक्षाकर्मियों ने मिट्टी और पानी डालकर आग पर काबू पाया। अंदेशा जताया जा रहा है कि औरैया से आने के कारण इंजन गर्म होने के कारण आग लग गई।

तीन आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। चकेरी पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में फरार चल रहे शिवम यादव निवासी भगवंत टटिया, शुभम वर्मा निवासी श्यामनगर, शुभम तोमर निवासी कोयला नगर दहेजी सुजानपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

परीक्षा दोबारा कराने की मांग पर प्रदर्शन

कल्याणपुर बुद्धा पार्क के बाहर पहुंचे सैकड़ों छात्र, पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की अफवाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सैकड़ों छात्र कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बुद्धा पार्क के बाहर पहुंचे। इस दौरान हाथों में पोस्टर लेकर परीक्षा को दोबारा किए जाने की मांग करने लगे। कई थानों का फोर्स पहुंच गया। छात्रों ने अपनी मांगों का ज्ञापन एसीपी को सौंपा।

मंगलवार शाम करीब चार बजे बुद्धा पार्क में छात्रों की संख्या जुड़ती चली गई। लगभग 200 से ज्यादा छात्र एक साथ जिलाधिकारी कार्यालय जाने के लिए बढ़े तो उन्हें कल्याणपुर पुलिस और एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय ने रोक लिया। छात्र अपनी मांग पर डटे थे कि मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को ही देंगे, लेकिन पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर सभी को मनाया और उनकी मांगें मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। लगभग तीन घंटे चले प्रदर्शन के बाद छात्र एसीपी को ज्ञापन देने के लिए छात्र राजी हो गए। छात्रों ने एसीपी को ज्ञापन देते हुए बताया कि कई सेंटर ऐसे थे, जहां पर परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही डेढ़-डेढ़ सौ रुपये में पेपर मिल रहे थे, लेकिन उस समय उनके इस पेपर पर किसी ने विश्वास नहीं किया, जब पेपर सामने आया तब पता चला कि पेपर लीक हो चुका है।

बुद्धा पार्क के बाहर धरना देते छात्र। अमृत विचार

छात्र गौरव, नितेश, अमित यादव, अंकित, अमन, आदेश, अभिषेक, सत्यम, नितिन आदि ने एसीपी से कहा कि वह लोग बहुत गरीब हैं। इसमें भर्ती होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन लोगों की बात शासन तक पहुंचाई जाए। इस पर एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय ने कहा कि उन लोगों की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी। बता दें कि शहर में 17 और 18 फरवरी को 110 सेंटरों पर चार पालियों में आयोजित हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में 2,24,064 लाख छात्रों को शामिल होना था। परीक्षा में दोनों दिन में नौ सॉल्वर सेंधमारी करते हुए गिरफ्तार किए गए थे।

संस्कृति को सर्वोपरि रखने का युवाओं ने लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा ओबीसी मोर्चे ने मंगलवार को युवा संवाद सम्मेलन का आयोजन ज्ञान भारती विद्यालय इंटर कॉलेज विकास नगर में किया। सम्मेलन की शुरुआत अकबरपुर लोकसभा के सांसद देवेंद्र सिंह भोले, उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने किया। दीपू पांडे ने कहाकि युवा इस देश की एकता और अखंडता को कायम रखते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दे रहा है। इस देश की अर्थव्यवस्था एवं विकास में युवाओं का महती योगदान है।

सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरित होकर देश के प्रति अपने समर्पण और अपनी संस्कृति को सदैव सर्वोपरि रखने का युवाओं ने संकल्प करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पिछड़ा मोर्चे के जिला अध्यक्ष अनुभव कटियार ने कहाकि आज भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसने ओबीसी वर्ग को उसका सम्मान दिलाया है। कार्यक्रम में शिवम कुशवाहा, स्वामीनाथ गिरी, अजय शर्मा, शैलेश गौड़, सिद्धार्थ यादव, विकास रावत, अंकित सैनी, अंजलि कटियार, शालिनी कटियार, संजय निषाद, मिथुन यादव, भूपेंद्र वर्मा, कोमल यादव, आदित्य कुशवाहा, देवराज यादव, रामकुमार पाल, शिव साहू, मनोज प्रधान, दिव्यांशी शर्मा रहे।

सांसद देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

दो दिन से लापता हलवाई का शव नाले में मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दवा लेने की बात कह कर निकला था घर से
- नौबस्ता का मामला, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार। दो दिन से लापता हलवाई का शव मंगलवार दोपहर हंसपुरम केस्को सबस्टेशन के सामने नाले में मिला। एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

नौबस्ता चतुर्वेदी बिल्डिंग निवासी हलवाई राकेश सविता पत्नी अनीता, दो बेटी पलक, जया व बेटे सुधांशु के साथ रहता था। छोटे भाई नीरज ने बताया कि रविवार देर शाम को वह दवा लेने जाने की बात कह कर घर साइकिल लेकर निकला था, जिसके बाद से घर नहीं लौटा। इस दौरान रिश्तेदारों से जानकारी की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मंगलवार को परिजनों ने हनुमंत विहार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। नौबस्ता बंबा के पास स्थित दुकानदारों ने बताया कि बीते सोमवार को नाले से एक कूड़ा बीनने वाले को साइकिल मिली है। परिजन साइकिल को पहचान कर नाले के पास पहुंचे तो नाले में शव पड़ा मिला। नाले में शव मिलने की जानकारी होने पर एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पूछताछ के दौरान परिजनों ने किसी से रंजिश से इंकार किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

यूपी बोर्ड परीक्षा के केंद्र जांचे, कमियां सुधरवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 से शुरू होंगी। शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को छापेमारी व बैठकों के जरिये सभी तैयारियां को परखा गया। छापेमारी में 13 केंद्रों को शामिल किया गया। इस दौरान एक केंद्र में कैमरे की लोकेशन ठीक न होने पर उसे दुरुस्त कराया गया। देर रात तक चली छापेमारी में एक केंद्र में कम ताले मिले।

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 129 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें लगभग 96 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में लगभग 7 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षाओं के संचालन से पहले शिक्षा विभाग ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से परीक्षा से पहले केंद्रों की तैयारी का जायजा लिया गया। इस दौरान अलग-अलग सेक्टर के 13 केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था परखी गई। इनमें पीपीएन इंटर कॉलेज, शंकर बक्श सिंह इंटर कॉलेज, उदय भारती इंटर कॉलेज गढ़ी पाली, सेठ कुक्कू बालिका इंटर कॉलेज, जीएनके इंटर कॉलेज, बीडी इंटर कॉलेज, सहित अन्य शामिल रहे। छापेमारी के दौरान शंकर बख्श इंटर कॉलेज में कैमरे की लोकेशन ठीक ना होने पर उसे दुरुस्त कराया गया। छापेमारी के दौरान परीक्षा केंद्रों में अचानक केंद्र व्यवस्थापक को बुलाकर सुरक्षा कर्मियों और कमरों की स्थितियां भी देखी गईं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रही। पूरी परीक्षा तक छापेमारी की यह ड्रिल लगातार चलती रहेगी। जिले के सभी केंद्रों में प्रश्न पत्रों को उपलब्ध करा दिया गया है। जिले में दो कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। इनमें एक कंट्रोल रूम ऑनलाइन जबकि दूसरा ऑफलाइन है। ऑनलाइन कंट्रोल रूम से परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों की निगरानी की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने कहा कि परीक्षा से जुड़े सभी प्रभारी को दिशा निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सिलसिलेवार सभी तैयारियां की समीक्षा की गई।

परीक्षा केंद्रों पर पूछताछ करते अधिकारी। अमृत विचार

- 129 केंद्रों में 96 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

कालोनी का जर्जर हिस्सा गिरा, दो बच्चे जख्मी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। निराला नगर रेलवे कालोनी में जर्जर भाग गिरने से एक परिवार के दो बच्चे जख्मी हो गए। जानकारी होने पर परिजन उन्हें उपचार के अस्पताल ले गए। जर्जर कालोनी में मरम्मत कराने वाले जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है। इससे कालोनी वासियों में नाराजगी है।

निराला नगर रेलवे कालोनी के लोगों ने बताया कि आवास जर्जर हालात में है। कहीं पानी टपकता है तो कहीं छत जर्जर है। आएदिन दीवारों के प्लास्टर गिरते हैं। मगर अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि अनेकों को समूह में जाकर अधिकारियों से इस बारे में फरियाद कर चुके हैं। लोगों ने बताया मंगलवार को अचानक जर्जर आवास ए/18/डी का कुछ हिस्सा गिर गया। जिससे समीप ही खेल रहे एक ही परिवार के दो बच्चे जख्मी हो गए। बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग पहुंचे और उपचार के लिए अस्पताल ले गए। इस बारे में जब कालोनी के लोगों जाकर जिम्मेदारों से शिकायत तो जवाब मिला जाकर बनवा लो। बेतुका जवाब और आश्वासन ही मिलता है। लोगों ने इस बारे में 18 जनवरी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया था। मगर कोई भी कारवाई नहीं की गई। लोगों के अनुसार जोन वर्क का काम कब आता है और कब खत्म हो जाता इसका पता नहीं चलता।

मौसम ने ली करवट, बारिश व ओले गिरने से लौट आई सर्दी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

अमृत विचार। शहर में मौसम ने मंगलवार को फिर से करवट ली है। अचानक आए बादलों की वजह से शाम को चली हवाओं ने सिरहन पैदा की। कुछ जगह बूंदाबांदी हुई और ओले गिरे। मौसम में आए बदलाव की वजह वैज्ञानिकों ने नए बने पश्चिमी विक्षोभ को माना है। मौसम विभाग के अनुसार 23 तक शहर में हल्की व मध्यम बारिश होने के साथ ही ओलावृष्टि भी हो सकती है।

दोपहर में तेज धूप के बाद शाम को ठंडी हवाएं चलीं। कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि यह स्थिति 23 फरवरी तक बनी रहेगी। 22 और 23 गरज चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि भी हो सकती है। तेज हवाओं के चलने से दोबारा ठंड के वापस आने का एहसास हो सकता है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएन सुनील पांडे ने बताया कि नए पश्चिमी विक्षोभ की वजह से शहर के मौसम में यह स्थिति बनी है। बारिश और ओले पड़ने की संभावना है।

फरवरी का सबसे गर्म दिन: मौसम विभाग की ओर से मंगलवार को फरवरी का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। विभाग की ओर से अधिकतम पर 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से 7.8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इससे पहले मौसम विभाग की ओर से 18 फरवरी को 28 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। न्यूनतम पारा 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यह सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मंगलवार को 8.8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

विषधन गांव में भारी ओले गिरे। सड़क सफेद हो गई। अमृत विचार

सेहत का भी रखें ख्याल

मौसम में आए अचानक परिवर्तन पर डॉक्टर आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। बताया गया कि मौसम में अचानक बदलाव से खास तौर पर बुजुर्ग और बच्चों को सतर्क रहना चाहिए। इसके अलावा ऐसे मरीज जो हाल ही में किसी बीमारी का इलाज करा कर ठीक हुए हैं उन्हें भी सतर्क रहने की जरूरत है। डॉक्टर ने बताया कि मौसम के बदलाव पर यदि बच्चों ने घर पर गर्म कपड़े उतार दिए हैं तो उन्हें दोबारा पहनने की जरूरत है। इसके अलावा गर्मी लगने पर गर्म कपड़ों को उतरने से बचाव करना चाहिए। सुबह और शाम को यदि घर के बाहर रोजाना निकल रहे हैं तो कानों को ढक कर चलना हितकारी रहेगा।

नकली दवाएं पकड़ीं गईं मेडिकल स्टोर किया सीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ड्रग विभाग की टीम ने कौशलपुरी में छापा मारकर मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में नामी कंपनियों की नकली दवाएं पकड़ी हैं। टीम ने मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया है। दवाओं के नमूने जांच के लिए राजकीय विश्लेषक लैब भेजे गये हैं।

आरके नगर स्थित मेडिकल स्टोर पर ड्रग विभाग की टीम ने छापा मारा। ड्रग टीम ने स्टोर में मौजूद दवाओं की जांच शुरू की। अधिकारियों ने कई नामी कंपनियों की नकली दवाएं बरामद कीं। मेडिकल स्टोर संचालक दवाओं की खरीद के संबंध में कोई अभिलेख ड्रग टीम को नहीं दिखा सका। टीम ने 4,79,325 रुपये कीमत की औषधि व प्रसाधन सामग्री जब्त की है। मेडिकल स्टोर को सीज करके के साथ क्रय-विक्रय पर रोग लगा दी गई है। कार्रवाई में ड्रग इंस्पेक्टर रेखा सचान, ओमपाल सिंह, इटावा के ड्रग इंस्पेक्टर रजत कुमार पांडेय और नजीराबाद पुलिस मौजूद रही।

ड्रग अधिकारी ने बताया कि जांच में एल्केम, लूपिन, टोरेंट, अरिस्टो, सिप्ला लिमिटेड, सन फार्मा, ग्लेनमार्क, एबट, डॉ. रेड्डीज व अन्य एमएनसी कंपनी की नकली दवाएं मिली हैं। दवाओं की खरीद के कागजात मेडिकल स्टोर संचालक नहीं दिखा पाए हैं। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए औषधियां, औषधि एवं प्रसाधन जब्त किया गया है।

ड्रग इंस्पेक्टर ओम पाल सिंह ने बताया कि दवाओं को जांच के लिए राजकीय विश्लेषक लैब भेजा जाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

- ड्रग विभाग ने कौशलपुरी में मेडिकल स्टोर पर मारा छापा
- पौने पांच लाख की औषधि व प्रसाधन सामग्री जब्त की गई

खेल के विजेता बच्चे ट्राफी के साथ। अमृत विचार

सुविज्ञा, प्रेक्षा व दक्ष को दोहरा खिताब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ग्रीनपार्क के बहुद्देशीय हॉल में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा खेलो इंडिया में टेबल टेनिस और बैडमिंटन के खिलाड़ियों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। दोनों मुकाबलों में अंडर-11 से 17 तक के खिलाड़यों ने जमकर पसीना बहाया। सुविज्ञा, प्रेक्षा, दक्ष को दोहरे खिताब मिले तो बैडमिंटन में युसुफ, आयुष, संयुक्ता, श्रियांशी ने फाइनल में जीत दर्ज की।

बैडमिंटन प्रभारी आशुतोष सत्यम झा ने बताया जयनारायण विद्या मंदिर की सुविज्ञा ने टेबिल टेनिस में अंडर-15 व 17 में दोहरा खिताब हासिल किया। दक्ष को अंडर-15 17 और प्रेक्षा को लड़कियों में अंडर-11 व 13 में दोहरा खिताब मिला। प्रतियोगिता संयोजक संजीव पाठक, सचिव संजय टंडन, बैडमिंटन कोच रमेश यादव, टेबिल टेनिस कोच अभिसारिका यादव मौजूद रहे।

बैडमिंटन के फाइनल परिणाम

बालक सिंगल अंडर-11 में कंधर्व खत्री ने शार्दुल खत्री को 30-25 से हराकर जीत पाई। बालक सिंगल अंडर-13 में शार्दुल खत्री ने प्रियांशु रंजन को 30-14 से, अंडर-15 में आयुष कुमार ने आरव शर्मा को 30-29 से हराया। अंडर-17 में मोहम्मद यूसुफ ने आयुष कुमार को 30-29 से हराकर विजय प्राप्त की। बालिका सिंगल अंडर-11 में परिधि ने प्रिशा तिवारी को 30-24 से हराया। अंडर-13 में शांविका गुप्ता ने देविका भाटिया को 30-21 से, अंडर-15 में प्रियांशी रंजन ने संयुक्त रेडी को 30-26 से परास्त किया। अंडर-17 में संयुक्ता रेड्डी ने प्रियांशी रंजन को 30-26 से हराकर विजय हासिल की।

धर्म-अध्यात्म | जो कुछ भी आपके पास उपलब्ध है उसपर गर्व करो : सुधा सागर महाराज

वैराग्य के बाद आदिकुमार ने दीक्षावन के लिए प्रस्थान किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पंचकल्याणक महोत्सव में मंगलवार को राज दरबार लगा, राजाभिषेक हुआ। ब्राह्मी सुंदरी को शिक्षा प्रदान की गई। नीलांजना नृत्य के बाद आदिकुमार को वैराग्य हुआ और दीक्षावन के लिए प्रस्थान किया। वहीं मुनिश्री ने सत्य का दर्शन कराया। आरती के बाद अमर काव्य की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई।

बृजेंद्र स्वरूप पार्क में जैन मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मंगलवार को पंचकल्याणक महोत्सव हुआ। मुनिश्री 108 सुधा सागर महाराज ने कहा कि गर्व करो कि जिनेंद्रदेव का मंदिर बन रहा है और तुम इस पंचकल्याणक का हिसा हो। जो कुछ भी आपके पास है उसपर गर्व होना चाहिए। आपके पास खाने के लिए रोटी, रहने के लिए घर है। बस इसी से कल्याण होगा। मुनिश्री ने कहा कि जब हमें कोई चीज मिलती है तब हम सोचते हैं कि इससे क्या लाभ होगा। उसका मूल्यांकन करते है। जैसे नारी को कोई नहीं पूजता है। शादी के बाद उसके मां बनते ही पूजनीय हो जाती है। मां के साथ ही पूज्य शब्द लग जाता है। आगे कहा कि जो अपने लिए जीता है वह दुनिया के लिए कुछ कर पाएगा ये नहीं पता, लेकिन जो दुनिया के लिए जीता है वह कल्याण जरूर करता है। तुम्हें जो नहीं मिला उसकी चाहत है और जो है उसका आनंद नहीं लेते हो। सबसे गंदी आदत है कि अपनी थाली किसी को अच्छी नहीं लगती, पड़ोस की थाली में सबकुछ नजर आता है। पड़ोसी की चीज को देखकर मन मचल रहा है। यही आपका पतन है। इसका उल्टा करो कि जो मेरे पास है वह पड़ोसी के पास नहीं है। इसके बाद शाम को जिज्ञासा समाधान और आरती हुई। अमर काव्य नृत्य नाटिका प्रस्तुति होने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुअए। वहीं भगवान को पीछे कमंडल देने का सौभाग्य निर्मला देवी परिवार को प्राप्त हुआ। इस मौके पर महेंद्र कटारिया, संजीव जैन, नीरज जैन, अभय जैन, सौरभ जैन, अनिल जैन, संजय जैन, मनीष जैन, अरविंद जैन, सविता जैन, सुनीता जैन मौजूद रहीं।

महावीर जी का अभिषेक किया गया। अमृत विचार

भक्त करते रहे जय-जयकार। अमृत विचार

अर्रा से निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

प्राण-प्रतिष्ठा शोभायात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। संकट हरण धाम स्थित प्राइमरी स्कूल अर्रा से शिव परिवार व बालाजी महराज की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई। नंदलालनगर नौबस्ता से निकली शोभायात्रा महादेव मनकामेश्वर मंदिर होते हुए यादव पीसीओ, पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची। यहां से चतुर्वेदी बिल्डिंग होते हुए रामराधे वाटिका में अल्प विश्राम के बाद खाडेपुर कालोनी स्थित महादेव मंदिर होते हुए दुर्गा मंदिर, दुर्गानगर बख्तौरीपुरवा, संकटहरण से होते धाम पर संपन्न हुई। इस मौके पर संगीता, उमाकांत द्विवेदी, जीत अवस्थी, राजू यादव, श्यामजी तिवारी, महेंद्र सविता, धर्मपाल व काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

एक नजर

लापता छात्र को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

बिठूर। बिठूर के दयालपुर गांव में रहने वाले महेंद्र सिंह के पुत्र कोमल सिंह (16) इंटर का छात्र है। वह आधार कार्ड में सुधार कराने के लिए शुक्रवार दोपहर के बाद बाघपुर के लिए निकला था। जिसके बाद से उसका पता नहीं चल सका था। परिजनों ने आस पास में रिश्तेदारों से जानकारी ली लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद परिजनों ने टिकरा चौकी में गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस की टीम के साथ चौकी प्रभारी टिकरा प्रमोद बैसला ने कोमल सिंह कों सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

विकास भवन में किसान दिवस कल

कानपुर देहात। उप निदेशक कृषि राम बचन राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनपद स्तर पर प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार माती में सुबह 12 बजे से किया जाता है। इस माह 21 फरवरी को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक प्रस्तावित है। जिसके कारण माह फरवरी में किसान दिवस का आयोजन 22 फरवरी यानी बृहस्पतिवार को किया जाएगा।

तेज रफ्तार डंपर ने छात्र को कुचला गुस्साए ग्रामीणों ने लगाया जाम

जाम हटवाने के लिए पुलिस ने किया लाठीचार्ज, महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया

संवाददाता, भीतरगांव

अमृत विचार। साढ़ के भीतरगांव कस्बे से पेपर के लिए स्टेशनरी का समान लेकर साईकिल से घर लौट रहे छात्र को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे में छात्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने साढ़ भीतरगांव मार्ग पर स्थित बेहटा बुजुर्ग गांव के पास जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी मिलते मौके पर पहुंचे साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने ग्रामीणों को कार्रवाई करने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया का प्रायस कर रहे है।

रोहित।

रोते बिलखते रोहित के परिजन। अमृत विचार

स्कूल से प्रवेश पत्र लेकर घर लौट रहा था

साढ़ थाना क्षेत्र के कुम्हाडिया गांव निवासी राम प्रसाद सोनकर ने बताया कि उनका 15 वर्षीय बेटा रोहित एक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का छात्र था। मंगलवार को वह साइकिल द्वारा स्कूल प्रवेश पत्र लेने को निकला था। स्कूल से प्रवेश पत्र लेकर छात्र भीतरगाव कस्बा पेपर देने के लिए स्टेशनरी का समान लेने चला गया जहां से वापस घर लौट रहा था। तभी साढ़ भीतरगांव मार्ग पर स्थित बेहटा बुजुर्ग गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार डंपर ने साईकिल सवार छात्र को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे में साईकिल सवार छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना फोनकर पुलिस को दी।

साढ़ भीतरगांव मार्ग पर जाम लगाया

इधर घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने साढ़ भीतरगांव मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने ग्रामीणों को कार्रवाई करने का आश्वासन देकर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे है। साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया की छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। डंपर को कब्जे में लिया गया है।

कूछ दूर डंपर छोड़ कर भागा चालक

घटना के लगभग पांच सौ मीटर दूर रोड पर डंपर खड़ाकर चालक मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची साढ़ पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू की हैं। हादसे के बाद छात्र के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार फैक्ट्री कर्मी की मौत

चौबेपुर। क्षेत्र के अमिलिहा गांव के निकट कालरा भट्ठा के सामने हाईवे पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मालौं गांव का निवासी नरेश (25) क्षेत्र स्थित लोहिया फैक्ट्री में काम करता था। बताया गया है कि सोमवार रात ड्यूटी करने के बाद मंगलवार सुबह करीब 6 बजे वह बाइक द्वारा घर लौट रहा था। तभी कालरा भट्ठा के सामने रोड पार करते वक्त विपरीत दिशा से आ रही रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस घायल को सीएचसी ले गई,जहां उसे हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया।

चोरी की सरिया बरामद शातिर को भेजा जेल

संवाददाता, चौबेपुर

- रायगोपालपुर गांव में निर्माणाधीन पानी टंकी स्थल से हुई थी सरिया चोरी

अमृत विचार। क्षेत्र के रायगोपालपुर गांव में निर्माणाधीन सरकारी पानी की टंकी स्थल से सरिया चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

बिठूर थाना क्षेत्र के कुकरादेव गांव निवासी ठेकेदार ज्ञानचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह चौबेपुर थाना क्षेत्र के रायगोपालपुर गांव में सरकारी पानी टंकी का निर्माण कार्य करा रहे हैं। जानकारी दी कि गत 18 फरवरी की रात चोरों ने निर्माण स्थल के निकट पड़ी पांच बंडल सरिया पार कर दी। जिस पर सक्रिय हुई पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। शंका के आधार पर गांव के ही निवासी श्याम बाबू कमल को पकड़ा। कड़ाई से की गई पूछताछ में श्याम बाबू ने अपराध कुबूल कर लिया और चोरी किया हुआ माल बरामद करा दिया। चोरी की हुई सरिया श्याम बाबू ने अपने घर के पीछे खाली पड़े स्थान पर पुआल के नीचे छुपा कर रखी थी। उपनिरीक्षक मुजम्मिल हुसैन ने बताया कि चोरी की हुई सरिया बरामद हो गई है ,आरोपी को जेल भेजा गया है।

आरोपी श्याम बाबू कमल।

रजबहे में पानी कम, किसान कैसे करें सिंचाई

रजबहा में पर्याप्त पानी नहीं है। अमृत विचार

शिवराजपुर, संवाददाता

- क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने शिकायत के बाद भी रजबहे पर ध्यान नहीं दिया

अमृत विचार। खरपतपुर से निकले रजबहे मे पानी न आने से किसानो को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की सिंचाई के लिए पंपसेट चलाने को मजबूर है। किसान लगातार राजबहे में पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि राजबहे में पानी न आने से हजारों रुपए के तेल खरीद कर किसानो को खेतों की सिंचाई करनी पड़ रही है। इससे खेती की लागत और बढ़ जाती है।

क्षेत्र के खरपतपुर झाल से निकलकर बिठूर तक जाने वाले रजबहे कि अभी कुछ महीने पूर्व भी सफाई हुई है, लेकिन रजबहे की सफाई के नाम से मात्र खानापूर्ति ही की गई है। रजबहे की सफाई ठीक से न होने का किसानों ने भी इसका विरोध किया था। वहीं रजबहे में अब पानी न आने के चलते खेतों में खड़ी किसानों की गेहूं की फसल में पानी नहीं लग पा रहा है। जिससे पंप सेट से डीजल डालकर सिंचाई करने को मजबूर हैं। छतरपुर, दरिया निवादा, काकूपुर निहाल, रब्बन बिलहन, मानपुर सहित अन्य गांवों को किसानों को रजबहे का पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे वह अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसान रामवीर, धीरज, रामगोपाल, बीरा आदि बताते हैं कि एक महीना बीतने जा रहा है पर रजबहे में अभी तक पानी नहीं आया है। रजबहे में पानी आने के सहारे उन लोगों ने अपने गेहूं की खड़ी फसल की सिंचाई नहीं की है जिस खेत सूखने लगे हैं। वहीं कुछ किसानों ने पंप सेट में डीजल डालकर खेत की सिंचाई की है जिसमें अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। इस राजबहे की सफाई में भी खानापूर्ति की गई है।

पुरवामीर में ड्रोन गिरने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

सरसौल, संवाददाता

अमृत विचार। महाराजपुर के पुरवामीर चौकी क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक हेलीकाप्टर नुमा चीज अचानक उड़ते हुए नीचे आ गिरी। गनीमत रही की ये फ्लाइंग ऑब्जेक्ट आबादी से दूर खेतो में जाकर गिरा जिसके चलते जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।


गिरे ड्रोन के टुकड़े पुलिस को खेत में पड़े मिले।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर में सिकठिया और नौगवां गौतम गांवों के बीच खेतो के ऊपर एक एफ फ्लाइंग ऑब्जेक्ट उड़ते हुए अचानक जमीन पर आ गिरा। गिरने के बाद ये ऑब्जेक्ट कई टुकड़ों में बंट गई। जहां पर यह मशीन गिरी वहा पर खेतों में फसल खड़ी हुई थी और आसपास जंगल है। ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो यह एक बड़े आकार का ड्रोन था। लेकिन ड्रोन इस इलाके में कहा से आया और इस एरिया के आसमान में क्यू उड़ रहा था ये बड़ा सवाल था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुरवामीर चौकी पुलिस ने इस ड्रोन के बिखरे पुर्जो को अपने कब्जे में ले लिया।पुलिस फिलहाल पड़ताल में जुट गई है। चौकी प्रभारी पुरवामीर अमित यादव ने बताया कि खेतो से बड़े साइज का एक ड्रोन मिला है।

सार-संक्षेप

एसीपी ने लिया शस्त्रों का जायजा। अमृत विचार

एसीपी ने किया थाने का निरीक्षण, शस्त्रों को परखा

बिल्हौर। पुलिस कमिश्नर कानपुर अखिल कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस सहायक आयुक्त अजय कुमार त्रिवेदी ने बुधवार को मंगलवार को थाना ककवन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस मौके पर एसीपी द्वारा मलखाना कंप्यूटर ,आवासीय परिसर ,ग्राउंड मैदान व साफ सफाई के साथ शास्त्रों के बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश थाना प्रभारी को दिए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान एसीपी द्वारा थाने की तमाम व्यवस्थाओं को जांचा परखा जाता है। एसीपी ने आवासीय परिसर के साथ महिलाओं के बैरक कक्ष का भी निरीक्षण किया। वहां साफ सफाई से लेकर पुलिसकर्मियों की भोजन व्यवस्था को भी जांचा। इस मौके पर थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

मौरंग लदे ट्रैक्टर बेफिक्री से निकलते रहते हैं।

रेउना क्षेत्र में धड़ल्ले से निकलते मौरंग लदे वाहन

रेउना। प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद रेउना थाना क्षेत्र में ओवरलोडेड ट्रक एवं ट्रैक्टरों का परिचालन थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुग़ल रोड पर 24 घंटे ओवरलोड मौरंग लदे वाहनों का धड़ल्ले से परिचालन हो रहा है। ओवरलोड ट्रैक्टर, व ट्रक आसानी से गैर जनपद हमीरपुर से मूसानगर के रास्ते कानपुर नगर रेउना थाना क्षेत्र में प्रवेश करते है। जिम्मेदार कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति से ट्रक व ट्रैक्टर मालिक व इंट्री माफिया गाड़ियों को सीमा पार कराकर मालामाल हो रहे हैं। मौरंग लदे वाहनों पर बिना नंबर प्लेट लगा गाड़ी को आसानी से थाना क्षेत्र पार कराते हैं। इस बावत घाटमपुर उपजिलाधिकारी यादवेन्द्र सिंह बैस ने बताया की ओवरलोड वाहनों की जानकारी मिली है जल्द ही राजस्व विभाग के साथ बैठक कर ऐसे वाहनों कों जल्द ही चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी।

प्राण प्रतिष्ठा के पहले निकाली कलश यात्रा

बिल्हौर। कस्बे के प्राचीन सिद्धपीठ सिंह वाहिनी मंदिर मे संतोषी मां व युगल सरकार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले कस्बे मे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें तमाम महिलाओं ने सिर पर कलश रख यात्रा में चलीं। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता के जय-जयकारे लगाए। कई जगह कलश यात्रा पर फूल बरसाए गए। बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के बाद भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा मे दर्जनों महिलाओं के साथ ,वीरेंद्र कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार वर्मा ,दिलीप कुमार वर्मा आदि ने प्रमुख रूप से व्यवस्था संभाली।

कलश यात्रा में लगाई जय-जयकार।

डीएम ने देखा सेमरझाल विद्यालय का पूरा हाल

सरसौल संवाददाता

- विद्यालय की साफ सफाई और मिड डे मील की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश

अमृत विचार। मंगलवार को नरवल पहुंचे जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने सेमरझाल स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रबंध तंत्र को परिसर की साफ सफाई और सुंदरीकरण को प्राथमिकता देने को कहा। साथ ही ग्राम प्रधान को इंटरलॉकिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए भी निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में संचालित होने वाला आंगनवाड़ी केंद्र बंद मिलने पर प्रधान अध्यापिका से सवाल किया तो जवाब मिला की आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मृत्यु हो जाने के चलते ये केंद्र टिकरा चौहान में संचालित हो रहा है।

इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय के प्रबंध तंत्र को मिड डे मील की गुणवत्ता और पौष्टिकता का विशेष ख्याल रखने के सख्त निर्देश दिए। बता दें कि बीते कल ही सरसौल विकासखंड के फुफूआर सुइथोक स्थित एक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन के बाद 15 बच्चों की तबियत अचानक बिगड़ गई थी। जिसके बाद प्रशासन इस पर सख्त नजर आ रहा है।

रोजगार मेला में 217 युवाओं को नौकरी

बिल्हौर, संवाददाता

अमृत विचार। बिल्हौर क्षेत्र के जीपीआरडी पटेल आईटीआई कॉलेज में कौशल विकास विभाग व सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 16 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में लगभग 360 युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया।

प्रधानाचार्य आईटीआई बिल्हौर मयंक कुमार मिश्रा ने बताया कि 360 युवाओं में 217 युवाओं को कंपनियों ने नौकरी के लिए चयनित किया है। जबकि अन्य युवाओं को फिर से तैयारी करके रोजगार मेला में आने के लिए निर्देश दिए गए हैं। रोजगार मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने किया।

नौकरी का ऑफर लेटर मिला तो खिल उठे चेहरे। अमृत विचार

- मेले में 360 युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया था

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया के साथ जीपीआरडी विद्यालय के संचालक अमन पटेल, आलोक त्रिवेदी ,श्रवण कुमार शुक्ला, प्रखर शुक्ला और अनुराग साहू भी मौजूद रहे। बता दें कि लगातार तहसील में इन दिनों सभी विकास खंडो में रोजगार मेला का आयोजन कर युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं।

पुलिस ने पैदल गश्त कर लिया कानून व्यवस्था का जायजा

सरसौल। मंगलवार की शाम कस्बा सरसौल और यहां के मुख्य बाजार में नवागंतुक थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बाजारों और चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। साथ ही व्यापारियों और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनसे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील भी की। उन्होंने कहाकि किसी प्रकार की अफवाह पर कतई ध्यान न दें। अराजकतत्वों पर निगाह रख कर पुलिस को सूचित करें। इस मौके पर एसएसआई भूपेंद्र सिंह ,चौकी प्रभारी सरसौल पवन कुमार मिश्रा एसआई हरविंदर सिंह,के अलावा थाना और चौकी का पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

सुनी गई फरियाद | तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 89 शिकायतें आईं

शिकायतों का निस्तारण गंभीरता से करें अधिकारी : डीएम

सरसौल संवाददाता

अमृत विचार। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में नवरल तहसील में मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम की मौजूदगी में वहां आए फरियादियों की शिकायतों को अफसरों ने सुना और निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 89 शिकायते आईं। सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों समय पर और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने के लिए दी गईं। डीएम ने जोर देकर अधिकारियों से कहा की तहसील में समाधान दिवस पर आने वाली हर एक शिकायत को अति गंभीरता से लें और निस्तारण की गुणवत्ता का ख्याल रखा जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को निर्देश दिए की जमीनों की पैमाइस से संबंधित शिकायतों के लिए राजस्व निरीक्षकों की जवाब देही सुनिश्चित करें ताकि वो उसका मौके पर ही निस्तारण कर खत्म कर सके। समाधान दिवस पर राजस्व से जुड़े इस प्रकार के मामले कम से कम पहुंचे। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सरकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत लाभार्थियों को दिए जाने की बात पर भी जोर दिया। इस मौके पर सीडीओ सुधीर कुमार,ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर अमोल मुरकुट, सीएमओ आलोक रंजन, एसडीएम नरवल ऋषभ वर्मा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

साहब ! नेत्रहीन हूं पड़ोसियों ने मारा, पुलिस ने नहीं सुनी

नवरल निवासी प्रमोद कुमार ने डीएम और अन्य अधिकारियों के समाने फरियाद सुनाई की वो नेत्रहीन है। उसके पड़ोसी विनोद और उसके सहयोगियों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला किया। जिसमें उसे काफी चोटे आईं। दो महीने बीत जाने के बाद भी नरवल पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्यवाही नही की।

घरों के कनेक्शन ट्यूबवेल की लाइन से जोड़ने की शिकायत

सरसौल। मंगलवार को समाधान दिवस खत्म होने के बाद जिलाधिकारी दक्षिणान्चल विद्युत वितरण निगम के 33/1 विद्युत उपकेंद्र नरवल में औचक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। वहां पहुंचकर उन्होंने शिकायत रजिस्टर, लॉग बुक, ट्रांसफार्मर मेंटिनेंस रजिस्टर, सप्लाई ऑवर रजिस्टर, कर्मचारियों की उपस्थित का रजिस्टर आदि दस्तावेज चेक किए। शिकायत रजिस्टर में दर्ज शिकायतों का निस्तारण का विवरण न अंकित किए जाने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा बिजली घर में आने वाले ग्रामीणों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण के आदेश भी दिए। इसी दौरान वहा खुटार नरवल निवासी योगेंद्र उत्तम ने शिकायत की कि उनके और 10अन्य घरों के कनेक्शन गांव के सरकारी ट्यूबवेल की लाइन से जोड़ दिए गए हैं। इसपर डीएम राकेश कुमार सिंह ने जेई को निर्देश दिए की तत्काल सर्वे कराकर समस्या का समाधान किया जाए और ग्रामीणों के घरों के कनेक्शन घरेलू लाइन से किए जाए। इसके अलावा उपकेंद्र में आने वाले किसानों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए।

शिकायत रजिस्टर देखते डीएम। अमृत विचार

बीएसए ने जारी की स्कूल प्रबंधकों को एडवाइजरी

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। अरौल में बीते दिनों लगे हुए वैन हादसे के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्रारा बिंदुओं की एडवाइजरी स्कूल प्रबंधकों के लिए जारी की गई है एडवाइजरी में बीएसए द्वारा बताया गया कि किसी भी सूरत में स्कूल प्रबंधक ड्राइवर व कंडक्टर को फायर एनओसी की बिना वाहन चलाने प्रशिक्षण नहीं दिया जाएगा। जबकि चालक कंडक्टर का चरित्र सत्यापन भी कराना आवश्यक होगा इसके अलावा के मानक अनुसार ही अब चालकों को चलाने होंगे इसके साथ ही स्कूल में अनाधिकृत रूप से एलपीजी किट किसी भी दशा में स्कूल के वाहनों में नहीं बर्दाश्त की जाएगी इसके अलावा विद्यालय में संचालित सभी वाहनों को कमर्शियली रूप से पंजीकृत करना भी अनिवार्य कर दिया गया है वही बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से अलग-अलग बिंदुओं पर कई नियमों का उल्लेख करते हुए विद्यालय प्रबंधन तंत्र को एडवाइजरी उपलब्ध कराई गई है तथा इसके अनुपात स्थानीय प्रशासन को भी सूचित किया जाएगा।

स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य पर अभी आरोप नहीं हुए तय

अरौल के सोने लाल पटेल विद्यालय के वैन हादसे में तीन चालकों को पुलिस ने आनन-फानन में जेल तो भेज दिया था, लेकिन स्कूल प्रबंधन व प्रधानाचार्य पर प्रशासन ने अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं किया है। बता दें कि मृतक यश त्रिपाठी के पिता आलोक त्रिपाठी की तहरीर पर तीन चालक समेत स्कूल प्रबंधन व प्रधानाचार्य के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज कराई गई थी लेकिन मामले में तीन चालकों को जेल भेज दिया। अभी तक प्रबंधक व प्रधानाचार्य पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। डीएम द्वारा गठित की गई एसआईटी की जांच में प्रबंधक की घोर लापरवाही सामने आई थी इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन व प्रधानाचार्य के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

अमृत योजना: पाइप लाइन डालते वक्त मशीन में आया करंट, मजदूर की मौत

परिजनों ने कहा सूचना दिए बिना ही शव साथी मजदूरों के साथ बुलंदशहर भेज दिया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अमृत पेयजल योजना के तहत बिछाई जा रही पाइप लाइन में काम करते समय ठेका मजदूर की ज्वाइंट मशीन में उतरे करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। परिजनों को सूचना दिए बिना उसका शव घर भेज दिया गया। पिता के विरोध करने पर शव वापस लाकर पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें उसकी मौत करंट लगने से होने की पुष्टि हुई है।

दिवंगत।

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद साथी मजदूर। अमृत विचार

बुलंदशहर जिले के थाना आहर क्षेत्र के बामनपुर गांव निवासी अमित (24) पुत्र बलजीत सिंह को दो महीने पहले गांव निवासी जयवीर सिंह अन्य मजदूरों के साथ लेकर उन्नाव आया था।

पिता बलजीत ने बताया कि बेटा शहर में जल निगम द्वारा बिछाई जा रही अमृत योजना में पाइप लाइन डालने का काम ठेकेदार के अधीन कर रहा था। बीते सोमवार शाम सदर क्षेत्र के सिंगरोसी मोहल्ले में अमित अन्य मजदूरों के साथ गड्ढे में उतरकर ज्वाइंट मशीन से कुछ काम कर रहा था।

इसी दौरान वह मशीन में उतरे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। आरोप है कि परिजनों को सूचना दिए बिना ही उसका शव साथी मजदूरों के साथ बुलंदशहर भेज दिया गया। रास्ते में साथियों ने इसकी जानकारी पिता को फोन से दी। अचानक बेटे के मौत की सूचना पर उनके होश उड़ गए। शव लाए जाने पर परिजनों ने नाराजगी जताई तो साथी शव लेकर लौट आए।

मंगलवार सुबह पिता पहुंचो और पुलिस को इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि बेटे के सिर में चोट भी है। उन्होंने साथ में काम करने वाले दो युवकों पर शंका जताई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में करंट से मौत होने की बात सामने आई है। वह तीन भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत से मां केला देवी सहित तीन बहनें रो-रोकर बेहाल रहीं।

महिला ने निगला जहरीला पदार्थ अस्पताल में मौत

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली अंतर्गत घरेलू विवाद के बाद विवाहिता ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के मलांव गांव निवासी आशीष सिंह की पत्नी कंचन मंगलवार को घर पर थी। बताते हैं कि पति किसी काम से बाहर गया था। इसी दौरान विवाहिता ने घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। उल्टियां शुरू होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। आनन-फानन पति उसे लेकर नवाबगंज सीएचसी पहुंचा। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिर, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

स्कूल के फरमान से अभिभावक गुस्सा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। विद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्धारित समय पर नौनिहालों की छुट्टी न करने से नाराज अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन पर तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगा नाराजगी व्यक्त की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। लोगों का कहना था कि पूर्व में भी विद्यालय प्रबंधन तुगलकी फरमान से अभिभावकों को परेशानी करता रहा है।

सफीपुर नगर स्थित सनडीसन पब्लिक इंटर कॉलेज में मंगलवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को मोबाइल के माध्यम से दिए गए संदेश के अनुसार 11 बजकर 15 मिनट पर छुट्टी करने का निर्धारित समय रखा था। परंतु विद्यालय प्रबंधन द्वारा छुट्टी नहीं की गई। जिससे नाराज अभिभावकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जल्द छुट्टी होने की सूचना पर बच्चों ने न लंच किया और न ही घरों से लंच बॉक्स लाए थे। जिससे नौनिहाल भूखे रहे। मामले की शिकायत अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन से की तो वहां मौजूद स्टॉफ द्वारा अभिभावकों को उन्हीं की गलती बता दबाव बनाने को मोबाइल से वीडियो बनवाए जाने लगे। विद्यालय परिसर में मौजूद अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विद्यालय समय-समय पर अपने तुगलकी फरमान जारी कर बच्चों व अभिभावकों के लिए समस्याएं खड़ी करता रहता है।

अभिभावकों से बात करतीं विद्यालय स्टाफ। अमृत विचार

वीडियो बनाने वाले के खिलाफ प्रबंधन ने दी तहरीर

सोशल मीडिया पर वायरल हुई खबर से नाराज होकर दबाव बनाने के लिए प्रधानाचार्य की ओर से वीडियो बनाने वाले युवक के विरुद्ध सफीपुर कोतवाली में तहरीर दी है। इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि विद्यालय की प्रधानाचार्य की ओर से तहरीर मिली है। इसकी जांच कराई जा रही है।

जुर्माने और सजा से बचने को कोर्ट में पेश की फर्जी रसीद, दर्ज होगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। विद्युत चोरी के मामले की सुनवाई के दौरान जुर्माने और सजा से बचने के लिए आरोपी ने विशेष न्यायालय ईसी एक्ट (आवश्यक वस्तु अधिनियम) में शमन शुल्क व राजस्व निर्धारण की कूटरचित रसीदों की प्रतियां दाखिल कर दीं। विभाग द्वारा क्रास चेकिंग में मामला खुला। जिस पर कोर्ट को गुमराह करने के आरोप में बांगरमऊ कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं।

बता दें कि विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नई मजिस्द नसीमगंज मोहल्ले में 17 फरवरी-2017 को औचक छापेमारी की थी। इसमें नसीम पुत्र रईस को टीम ने एलटी लाइन से केबल जोड़कर

- **विद्युत चोरी में पकड़े जाने के बाद दस्तावेजों से कोर्ट को गुमराह करने का प्रयास**

विद्युत चोरी करते पकड़ा था। टीम के तत्कालीन एसओ सुरेंद्र सिंह यादव ने बांगरमऊ कोतवाली में नसीम के विरुद्ध विद्युत चोरी अधिनियम की धारा-135 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जांच के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हुई। इस दौरान नसीम ने 11 जनवरी-2024 को कोर्ट में सुनवाई के दिन एक्सईएन जय प्रकाश के हस्ताक्षर सहित प्रभारी निरीक्षक एंटी पावर थेफ्ट थाना उन्नाव को सम्बोधित पत्रांक संख्या-2159 दिनांक 7 जून-2022 व उसके साथ शमन शुल्क व राजस्व निर्धारण की कूटरचित रसीदों की प्रतियां कोर्ट में दाखिल की थीं। रसीदों की प्रतियों को विद्युत विभाग भेजकर चेक कराया गया तो सभी फर्जी निकलीं। 31 जनवरी-2024 को कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई हुई। आरोपी नसीम द्वारा कोर्ट में सभी अभिलेख कूटरचित होने की बात को स्वीकार कर ली। नसीम ने कोर्ट को बताया कि अधिशाषी अभियन्ता बांगरमऊ के कथित चालक पप्पू द्वारा उससे 40 हजार रुपये लेकर यह कूटरचित अभिलेख रसीदें उसे दी गईं। कोर्ट ने मामले में आरोपी नसीम व कथित ड्राइवर पप्पू द्वारा अभिलेखों की कूटरचना करने के अपराध में एफआईआर दर्ज कराने के आदेश बांगरमऊ पुलिस को दिए हैं।

राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेसियों में उत्साह

उन्नाव। राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर बुधवार सुबह जिले में बनी पुल से प्रवेश करेंगे। इस यात्रा को लेकर कांग्रेसियों में उत्साह है। जिले की सीमा में प्रवेश के साथ कई जगह उनका स्वागत किया जायेगा। जिसके लिए पार्टी के सभी नेता अपनी ताकत झोंके हुए हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जिले में आने से कांग्रेसियों में जोश दिखाई पड़ रहा है। बनी पुल से शुक्लागंज तक एक दर्जन से अधिक जगह पर यात्रा के स्वागत की तैयारियां की गई हैं। इसके लिए लोगों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इस दौरान राहुल गांधी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी करेंगे। यात्रा बनी पुल से सोहरामऊ, नवाबगंज, अजगैन, उन्नाव शहर होते हुए शुक्लागंज के रास्ते कानपुर जाएगी।

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर हड़ताल करने पहुंचीं आशाएं

सीएचसी अधीक्षक को ज्ञापन देतीं आशाएं व संगिनी। अमृत विचार

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। प्रदेश की आशा कार्यकर्ताओं व संगिनियों ने प्रदेश सरकार से पांच सूत्रीय मांगें की थीं। मांगें न मानने पर उन्होंने सरकार को 20 फरवरी से अनिश्चित कालीन प्रदेश व्यापी कलमबंद हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। मंगलवार तक उनकी मांगें न माने जाने पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आशाएं व संगिनी हड़ताल पर चली गईं। औरास सीएचसी में तैनात आशा व संगिनी भी मांगों को मानने के लिए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगीं। हो-हल्ला के बीच सीएचसी अधीक्षक अनूप तिवारी ने उन्हें शांत कराना चाहा तो वे उन पर ज्ञापन लेने का दबाव बनाने लगीं। हलांकि उन्होंने ज्ञापन न लेकर समझाकर शांत किया। आशाओं व संगिनियों का कहना कि हड़ताल के दौरान उन्हें अफसरों द्वारा काम करने के लिए प्रताड़ित न किया जाय। पुष्पा देवी, ऊषा देवी, रीमा देवी, सरोजनी, मोना सिंह आदि रहीं।

सार-संक्षेप

साइबर ठगों ने खाकी को ठगा, सेल ने रकम कराई वापस

उन्नाव। एक ओर जहां पुलिस जिले में बढ़ रहे साइबर अपराध को रोकने में ऐड़ी-चोटी का जोर लगाए है वहीं दूसरी ओर बेखौफ साइबर ठग आमजन के साथ खाकी धारियों को ही निशाना बना रहे हैं। हालांकि समय रहते सिपाही ने इसकी जानकारी साइबर सेल को दे दी तो सेल में तैनात कर्मी अलर्ट हुए और उसके खाते से उड़ाई गई 50 हजार की रकम को तत्काल वापस कराया गया। मामला उन्नाव का है जहां बेखौफ साइबर ठगों ने बीती सात जनवरी को सदर कोतवाली में तैनात सिपाही बीरेंद्र प्रताप सिंह को फोन कर उसे रिश्तेदार बताकर अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद सिपाही के खाते से 50 हजार की नगदी पार कर दी। मोबाइल पर रुपये कटने का मैसेज आने पर उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। इसके बाद सिपाही ने साइबर सेल में प्रार्थनापत्र देकर अपने साथ हुए फ्राड की जानकारी दी। लगातार प्रयास के बाद साइबर सेल में तैनात कर्मियों ने मंगलवार को सिपाही से फ्राड की गई रकम उसके खाते में वापस कराई। जिसमें इंस्पेक्टर अश्वनी मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह व टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

शोभायात्रा में मौजूद भक्त। अमृत विचार

प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर निकाली विशाल शिव शोभायात्रा

आसीवन। कस्बा मियागंज में जीर्ण-शीर्ण पड़े शिव मंदिर का कस्बा निवासी चन्द्र किशोर वर्मा व आशू वर्मा ने जीर्णोद्धार कराकर वहां शिव परिवार, राधाकृष्ण व बजरंगबली की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। इस दौरान विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुये। यात्रा गाजे बाजे के साथ कस्बा मियागंज से होते हुये कस्बा हैदराबाद में कालिका माता मंदिर पहुंची। जहां से पूजा अर्चना कर क्षेत्रीय गावों का भ्रमण कर कस्बा मियागंज में समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजक समेत मुकेश गुप्ता, अनिल सिंह, अन्नू गुरु, अनुज, ब्रजेश गुप्ता सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर से गिरी बच्ची पहिये की चपेट में आई, हायर सेंटर रेफर

बांगरमऊ। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव दुर्गा पुरवा निवासी अरविंद परिवार के साथ ट्रैक्टर से कहीं जा रहा था। तभी अचानक उसकी दो वर्षीय बच्ची कृतिका ट्रैक्टर-ट्राली से नीचे जमीन पर आ गिरी और ट्राली के पहिये की चपेट में आ गई। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल बच्ची को आनन-फानन स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

डीजे को लेकर गेस्ट हाउस में हुई मारपीट, आधा दर्जन घायल

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के आजाद मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह के दौरान डीजे को लेकर विवाद हो गया। जिस पर आरोप है कि गेस्ट हाउस संचालक ने लड़की पक्ष के लोगों को लोहे की राड और लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे आधा दर्जन लोगों को चोटें आई हैं। सोमवार को कटहा गांव में रहने वाली एक युवती की आजाद मार्ग के गजिया खेड़ा स्थित गेस्टहाउस में शादी थी। जहां सभी डीजे पर डांस कर रहे थे, बारह बजे के बाद डीजे बंद कर दिया गया। जिस पर बारातियों ने लड़की पक्ष के लोगों से डीजे बजवाने की बात कही। इस पर लड़की पक्ष के लोगों ने गेस्ट हाउस संचालक से कहा। जिस पर दोनों में विवाद हो गया। इस दौरान बाराती चले गये। जिस पर गेस्ट हाउस संचालक ने गेस्ट हाउस का गेट बंद कर दिया और लड़की पक्ष के लोगों को लोहे की राड, लाठी डंडों से मारा पीटा। जिसमें कुछ लोगों को गंभीर चोटें भी आई हैं।

सामूहिक विवाह में फर्जीवाड़े पर सचिव से स्पष्टीकरण तलब

संवाददाता पाटन उन्नाव

अमृत विचार। बीते शनिवार बीघापुर ब्लाक में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में हुए फर्जीवाड़े में मंगलवार को सुमेरपुर बीडीओ ने एडीओ समाज कल्याण व ग्राम पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण तलब किया है।

बता दें कि बीते शनिवार बीघापुर ब्लाक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 39 जोडों का विवाह संपन्न हुआ था। जिसमें शामिल हुये सुमेरपुर ब्लाक के देवदत्त उर्फ पुत्तन की बेटी रेखा ने पहले से शादीशुदा होने के बावजूद ग्राम प्रधान व सचिव की मिलीभगत से मिलने वाले धन के लालच में दोबारा से शादी रचा ली थी। मामले की खबर प्रकाशित होते ही जिम्मेदार अधिकारियों में हडकंप मच गया।

- **बीते शनिवार बीघापुर ब्लाक में हुए समारोह में शादी जोड़े की दोबारा कराई गई थी शादी**

आनन-फानन सचिव व ग्राम प्रधान ने जोड़े से सामूहिक विवाह योजना में मिले सामान की वापसी कर ली। मामले में अपने को बचाते हुये सचिव ने लाभार्थी के विरुद्ध थाने में सोमवार को तहरीर दी थी। हालांकि बिहार थाना प्रभारी ने मामले में जांच कर रिपोर्ट देने वाले जिम्मेदारों के नाम न होने से तहरीर वापस कर दी थी। मंगलवार को सुमेरपुर बीडीओ संध्यारानी ने जांच में लापरवाही बरतने वाले सचिव रजनीश यादव व एडीओ समाज कल्याण से स्पष्टीकरण तलब किया है। बीडीओ ने बताया कि जांच में लापरवाही बरती गई है। मामले में दोषी पाये जाने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी।

ठेकेदार ने सभासद समेत 14 पर दर्ज कराई एफआईआर

शुक्लागंज उन्नाव। नगर पालिका गंगाघाट के दो सभासदों व ठेकेदार के बीच हुये विवाद के मामले में मंगलवार को पुलिस ने ठेकेदार की तहरीर पर सभासद समेत 14 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

बीती रविवार रात गांधी नगर निवासी दलित भाजपा सभासद रोहित कटारिया व आनंद नगर निवासी सभासद प्रत्यय गुप्ता को पालिका के ठेकेदार राजकिशोर पांडे ने साथियों के साथ मिलकर मारा पीटा था। रोहित की की तहरीर पर मंगलवार को पुलिस ने ठेकेदार राजकिशोर पांडे, प्रांजुल पांडे व यशर्व पांडे समेत 14 के विरुद्ध मारपीट व दलित उत्पीड़न में रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार को ऋषि नगर निवासी ठेकेदार राजकिशोर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया।

भाजपा सरकार ने जिले में 10 साल में एक भी विकास कार्य नहीं कराया

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। समाजवादी युवजन सभा के नव मनोनीत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मो. नाजिम खान ने कहा कि सपा हमेशा सभी वर्गों का सम्मान करती है। जबकि भाजपा समाज में विद्वेष फैलाने का काम करती है।

नगर के लखनऊ मार्ग पर एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए मो. नाजिम ख़ान ने बताया कि सपा सरकार में प्रदेश का ऐतिहासिक विकास हुआ था। जबकि भाजपा सरकार जिले में अपने 10 साल में एक भी विकास कार्य नहीं कर पाई है। भारत देश में सदियों से हिंदुओं व मुस्लिमों के बीच भाईचारा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम को आपस में लड़ाने की राजनीतिक करती रही है। इस मौके पर दाऊद खान, अंसार अली, भईया लाल, खुशनूर अली, जितेंद्र रावत, फहीम खां, असद अली, अरमान अली, तकरीर अली, पवन अवस्थी, दीपू यादव, फौजान खां, रंजीत कुशवाहा, करन सिंह, अकरम हुसैन, राहुल सैनी, फरीद अहमद, रहमान खान, अहमद हसन, आदिल अली सिद्दीकी, कलीम सिद्दीकी, मीनू सिद्दीकी, सिराज अहमद, संदीप सैनी व गुड्डू वारसी आदि ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत किया।

सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

हमारी फरियाद सुनिए

200 बीघा सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं के कब्जे की शिकायत पर डीएम ने अफसरों को कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 84 शिकायतें, 13 हुईं निस्तारित

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ तहसील सभागार में डीएम अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंगलवार को फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। इसमें कुल 84 शिकायतीपत्र आए। इनमें 13 का मौके पर निस्तारण कराया गया। गांव फरीदपुर कट्टर के ग्रामीणों ने विद्यालय की भूमि सहित करीब 200 बीघा सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जे की सनसनीखेज शिकायत दर्ज कराई। डीएम ने एसडीएम को सरकारी जमीन की पैमाइश कर कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। गोशा कुतुब गांव निवासी दिव्यांग मनोज पुत्र मैकू ने सार्वजनिक प्रयोग की सरकारी जमीन पर दबंगों का कब्ज़ा होने की शिकायत की। वहीं, बांगरमऊ नगर के काश्तकारों की शिकायत थी कि राजस्व ग्राम नगवा स्थित सरकारी नलकूप खराब होने के चलते उनके खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। खेत ऊसर-बंजर में तब्दील हो रहे हैं। इसके अलावा नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग दिनेश पुत्र गुरु प्रसाद ने मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की मांग की। डीएम के सामने आईं 84 शिकायतों में 13 का मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एसडीएम अतुल कुमार, तहसीलदार साक्षी राय व एसएचओ राजकुमार के अलावा सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पुरवा संवाददाता के अनुसार, शनिवार को पुलिस परीक्षा के चलते प्रशासन की व्यस्तता के चलते सम्पूर्ण समाधान दिवस को मंगलवार करने का निर्णय लिया गया था। इसके चलते तहसील सभागार में एडीएम नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। एडीएम के सामने 39 मामले पहुंचे। इनमें राजस्व के 18, पुलिस के 10 सहित 39 फरियादी पहुंचे। एडीएम व एएसपी अखिलेश सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और समाधान के त्वरित निस्तारण के लिए मातहतों को निर्देश दिए। वहीं मौके पर राजस्व के 5 मामलों का निस्तारण किया गया। इसमें एसडीएम रणवीर सिंह, नायब तहसीलदार आशुतोष पांडेय, बीडीओ संतोष श्रीवास्तव, एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह आदि अधिकारी-कर्मचारी रहे।

पाटन संवाददाता के अनुसार, बीघापुर तहसील के मुख्यालय पाटन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस एसडीएम क्षितिज कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में हुआ। पिछले प्रार्थनापत्रों की समीक्षा के बाद फरियादियों की एक-एक कर समस्या सुनी गई। यहां भी सर्वाधिक राजस्व से संबंधित 29 मामलों सहित 47 प्रार्थनापत्र आए। इनमें नौ मामले मौके पर निस्तारित किए गए। इस दौरान तहसीलदार अरसला नाज, सीओ माया राय व अन्य विभागों के अधिकारी व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

फरियाद सुनतीं डीएम अपूर्वा दुबे व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना। अमृत विचार

डीएम से मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मांगता दिव्यांग दिनेश। अमृत विचार

लेखपाल के घूस मांगने की शिकायत

गोशाकुतुब गांव निवासी दिव्यांग गौशाला कर्मी मनोज पुत्र मैकू ने समाधान दिवस में डीएम से शिकायत की कि वह प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत अपने मकान का निर्माण करा रहा था। तभी हल्का लेखपाल ने वहां पहुंचकर 10 हजार रुपए सुविधा शुल्क की मांग की। देने से इंकार मना पर लेखपाल ने निर्माण रोक दिया। डीएम ने संबंधित अधिकारी को मामले की जांच कर कार्यवाही का निर्देश दिया।

दहेज के लिये मारपीट व गर्भपात कराने का आरोप

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- **13 दिसंबर 2021 को हुई थी शादी, मुकदमा दर्ज**

अमृत विचार। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति समेत चार ससुरालियों द्वारा मारपीट करने व धोखे से दवा खिलाकर गर्भपात कराने का आरोप लगा विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बरहली गांव निवासी लक्ष्मी पुत्री राजकिशोर ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 13 दिसंबर 2021 को कोतवाली क्षेत्र गांव जमालुद्दीनपुर निवासी दुर्गेश पुत्र प्रेमनारायण से हुई थी। शादी के बाद से ही पति, सास मीना, ससुर राजकिशोर, देवर विकास उर्फ चंदन कम दहेज लाने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करते रहे। यहां तक पति की मार से उसके कान का पर्दा तक फट गया। सूचना पर मायके से आए पिता ने समझा दिया था। इसके बाद जब वह गर्भवती हुई तो पति ने धोखे से दवा खिला दी। जिससे उसका गर्भपात हो गया। दोबारा प्रसव पीड़ा होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसे मृत बच्चा पैदा हुआ। इसके बाद अधिक तबियत खराब होने पर कानपुर तक इलाज कराया गया। जिसका खर्च पति ने उसके पिता से लिया। तभी से पति दुर्गेश यह कह कर उसे नहीं ले गए कि जब एक लाख रुपए देने के बाद बीमारी का खर्च मायके वाले उठाएंगे तभी ससुराल आना। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि पति दुर्गेश, ससुर प्रेमनारायण, सास मीना, देवर विकास उर्फ चंदन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

खुदी सड़कों पर गिरकर चुटहिल हो रहे लोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। अमृत योजना के तहत हर घर जल पहुंचाने के लिये नगर के शुक्लागंज के कई मोहल्लों में पाइप लाइन डालने का काम पिछले कई दिनों से चल रहा है। पाइप लाइन डालने के बाद गलियों को ऐसा ही छोड़ दिया गया है। जिस कारण गलियों में खेलने वाले बच्चे गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। वहीं तमाम बाइक सवार भी गिरकर घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जल निगम की ओर से शुक्लागंज के पोनी रोड, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, रहमत नगर, डाकतार कॉलोनी, अवधपुरी के अलावा कई मोहल्लों में भूमिगत वॉटर लाइन डालने का काम कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा मानकों को ताक पर रखकर भूमिगत पाइप लाइन डालने का काम कर रही है। वहीं कई गलियां तो ऐसी हैं, जहां एक माह पहले पाइप लाइन डालने का काम खत्म हो चुका है। इसके बावजूद अभी तक उन गलियों को बनाया नहीं गया। जिस कारण गलियों में खेलने वाले बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं इधर कई बार हुई बारिश के कारण गली से लेकर मुख्य मार्गों पर फिसलन होने से कई बाइक सवार भी गिरकर घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं कई ऐसी गलियां हैं। जहां क्षेत्रीय लोग खुद गलियों में इंटरलॉकिंग बिछाकर समतलीकरण कर रहे हैं। जिससे आने जाने वालों को परेशानी न उठानी पड़े।

घर के पास खुदी सड़क को सही करते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

बोले जिम्मेदार

वॉटर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। फिर घर-घर कनेक्शन दिये जायेंगे। जिसके बाद सड़क को उसी तरह उसे बनवाया जायेगा।

-ध्रुव सिंह, सहायक अभियंता जल निगम

- सड़कों पर फिसलन बन रही है मुसीबत, सुनवाई नहीं

पुरवा पॉवर हाउस में होगा मरम्मतीकरण, छह घंटे बाधित रहेगी आपूर्ति

पुरवा। बुधवार को पुरवा पॉवर हाउस में उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में मरम्मतीकरण का कार्य होगा। इस दौरान पुरवा नगर समेत चमियानी, मंगतखेड़ा, बेहटा, फीडरों के अंतर्गत आने वाले गावों की आपूर्ति करीब छह घंटे तक बाधित रहेगी।

एसडीओ अनिल वर्मा ने बताया कि पुरवा पावर हाउस में आईसोलेटर लगाए जाने है। इसके चलते बुधवार दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके बाद आपूर्ति बहाल की जाएगी। ताकि आने वाले दिनों बिजली की समस्या न हो सके।

नवीन पुल के जाम पर एक्सईएन से वार्ता

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। पोनी रोड शुक्लागंज नगर का सबसे लंबा है। मार्ग संकरा होने से यहां पर आएदिन जाम की समस्या बनी रहती है। इसके साथ ही मार्ग पर कई जानलेवा गड्ढे हैं। जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वही नवीन गंगा पुल से बालू घाट मोड़ का चौड़ीकरण न होने से रोज जाम लग रहा है। जिसे देखते हुए मंगलवार को चेयरमैन प्रतिनिधि ने लोक निर्माण के एक्सईएन से मिलकर समस्याएं बताईं।

बता दें कि पोनी रोड गंगाघाट कोतवाली के सामने से झंडा वाला चौराहा होती हुई मझरा पीपर खेड़ा तक जाती है। यह गंगाघाट की आधी आबादी को मुख्य राजधानी मार्ग से जोड़ती है। पूरी तरह से अतिक्रमण का शिकार होने के साथ ही रास्ता संकरा होने से यहां आएदिन भीषण जाम लगता है। इसके साथ मार्ग पर हुए जानलेवा गड्ढों के कारण आएदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं नवीन पुल के संकरे मार्ग के चलते लगने वाले जाम को देखते हुए मंगलवार को चेयरमैन कौमुदी पांडे के पति व प्रतिनिधि संदीप पांडेय ने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी हर दयाल अहिरवार से मुलाकात की और पोनी रोड व नवीन पुल की समस्या के बारे में अवगत कराया। उन्होंने जल्द ही जन समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

पीडब्ल्यूडी एक्सईएन को समस्या बताते चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप पांडे। अमृत विचार

खांडेकर टीम 74 रनों से मैच जीती, फाइनल में पहुंची

खिलाड़ी को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। उन्नाव शुक्लागंज मां ज्वालादेवी द्वारा संस्थापित शुक्लागंज नगर के 89वें स्थापना दिवस पर आयोजित 20वां मां ज्वालादेवी क्रिकेट ट्राफी टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच अंबिका इलेवन और खांडेकर क्रिकेट टूर्नामेंट के बीच खेला गया। जिसे खांडेकर की टीम ने 74 रनों से मैच अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया है।

रामकली स्टेडियम में मंगलवार को खेले गये मैच के दौरान अंबिका इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए खांडेकर की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 8 विकेट खोकर 216 रन बनाये। जिसमें मुजम्मिल ने 42 व आयुष ने 38 रनों का योगदान दिया। अंबिका की ओर से गेंदबाजी करते हुए राहुल गांधी ने 3 अमन भदोरिया ने 2 विकेट झटके। जवाब में उतरी अंबिका की टीम 142 रन पर ही सिमट गई। जिसमें प्रियांशु ने 34 और भावी ने 38 रनों का योगदान दिया। खांडेकर की ओर से राहुल ने चार अभिषेक ने तीन विकेट झटके। खांडेकर की टीम ने 74 रनों से सेमीफाइनल का मैच जीता। मुख्य अतिथि केसीए के वरिष्ठ अंपायर अनिल रावत ने राहुल सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस मौके पर जॉनी भाई, राज भारती, सुनील निषाद, गौरव, उमाकांत, अजीत सिंह मौजूद रहे।

अनियंत्रित डंपर ने पिता-पुत्र को रौंदा, पिता की मौत, बेटा घायल

हसनगंज में एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में युवक की हुई मौत, पुलिस ने की जांच

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। दही थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार पिता -पुत्र घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को जिला अस्पताल लाई। जहां इलाज के दौरान पिता ने दम तोड़ दिया। वहीं बेटे को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। वहीं हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान न होने पर शव मोर्चरी में रखवाया गया। इसके अलावा अजगैन कोतवाली क्षेत्र में पक्षी विहार के सामने वाहनों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए।

सरजू प्रसाद।

अजगैन कोतवाली अंतर्गत जमालपुर गांव निवासी सरजू प्रसाद (50) पुत्र लक्ष्मण की सोमवार रात हरिद्वार के लिए ट्रेन थी। जिसे पकड़ने के लिए वह बेटे विजय (20) के साथ बाइक से रेलवे स्टेशन उन्नाव आ रहे थे। दही थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर बशीरतगंज गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें पिता-पुत्र गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और उन्हें जिला अस्पताल लाई। जहां देररात पिता ने दम तोड़ दिया।

हादसे के समय बेटा बाइक चला रहा था। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजनों ने बताया कि दिवंगत सरजू राजगीर था। उसकी मौत से पत्नी राधा सहित चारों बच्चे बेहाल हैं। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि डंपर पकड़ लिया गया है। शव का पीएम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हाईवे पर भिड़े वाहन। अमृत विचार

- अजगैन कोतवाली क्षेत्र में आपस में भिड़े वाहन, 3 घायल
- आसीवन थानाक्षेत्र में हुए हादसे में दो युवक गंभीर घायल

केस 02 आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। सूचना पर हसनगंज कोतवाली पुलिस पहुंची और शव की पहचान कराने के प्रयास किए। लेकिन सफलता न मिलने पर शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। दिवंगत युवक की उम्र करीब 40 वर्ष है। उसकी पहचान के लिए पुलिस ने शोसल मीडिया की भी मदद ली है।

केस 03 नवाबगंज। अजगैन कोतवाली अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर पक्षीविहार के पास अचानक सामने आए आवारा मवेशी को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दी। इससे पीछे आ रहीं दो कार व एक डीसीएम आपस में टकरा गए। इसमें कार चालक निजाम पुत्र इलियास निवासी सलेमपुर व ख्वाजगीपुर निवासी शिव बहादुर पुत्र लल्लू सिंह को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक भाग निकला।

केस 04 आसीवन। थानाक्षेत्र के गांव कादिरपुर के अंकित पुत्र राम औतार व रोहित पुत्र नरेश किसी काम से मियागंज चौराहा आ रहे थे। तभी लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित कस्बा मियागंज के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनको मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने दोनों को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सार-संक्षेप

शिविर में पुलिस कर्मी का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

वामा सारथी ने पुलिस लाइन में लगाया स्वास्थ्य शिविर

उन्नाव। पुलिस फैमली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी द्वारा पुलिस लाइन परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें डाक्टरों ने पुलिस लाइन में रह रहे कर्मियों व उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सीय सलाह दी गई।

मंगलवार को पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के तत्वाधान में जिलाध्यक्षा इंदिरा के निर्देश पर पुलिस लाइन परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें जिला अस्पताल के डा. आरिफ मजीद, चीफ फार्मासिस्ट अशोक कुमार, फार्मासिस्ट महेंद्र, लैब टेक्नीशियन नवीन शुक्ला व सहायक देवेंद्र सिंह ने पुलिस लाइन में रह रहे कर्मियों व उनके परिजनों की शुगर व थायराइड टेस्ट किया। इस दौरान 52 लोग शिविर में आए। जिन्हें चिकित्सक द्वारा परामर्श दिया गया। शिविर में प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद, निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, वामा सारथी से मुख्य आरक्षी सुरेखा शर्मा, महिला मुख्य आरक्षी संगीता वर्मा, परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी समिति व वामा सारथी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

सरैयां क्रासिंग पर जाम में रेंगते वाहन। अमृत विचार

बैराज मार्ग पर लगे जाम में फंसे कई वीआईपी, हुए हलाकान

शुक्लागंज उन्नाव। मंगलवार को बैराज मार्ग पर जाम लगने के कारण राहगीर खासे परेशान रहे। वहीं नवीन पुल पर भी पीक आवर में जाम लगा रहा। जिससे कानपुर आने जाने वाले लोग विलंबित हो गये। वहीं जाम हटवाने में पुलिस के पसीने छूट गये। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के दोनों ओर का मार्ग क्षतिग्रस्त और संकरा होने के कारण रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। मंगलवार को सुबह से ही वाहन रेंगते हुये निकले। वहीं दोपहर के समय पांच से 10 मिनट के भीतर ट्रेनों का आवागमन होता है। जिससे क्रासिंग बंद होने से जाम और पेंचीदा हो गया। जाम हटवाने के लिये पुलिस भी गायब रही। जिससे तमाम वीआईपी भी फंसे रहे। वहीं नवीन पुल का मार्ग भी संकरा होने के कारण वहां भी सुबह के समय जाम लगा रहा। जाम हटवाने के लिये पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं शाम के समय भी बैराज और नवीन पुल पर जाम लगने से लोग परेशान रहे।

हैलमेट लगाने के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

फतेहपुर। 24 घंटे के अंदर हुए सड़क हादसों में छह लोगों की जान जाने के बाद पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर पूरे जिले में पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान चलाया। अभियान के तहत बिना हेलमेट पहने और बाइक पर तीन लोग मिलने पर चालान काटकर जुर्माना लगाया गया। साथ ही पम्पलेट के माध्यम से ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरुक भी किया। शहर में सीओ ट्रैफिक प्रगति यादव के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने सरकारी बस स्टैंड, शांति नगर, लोधी गंज, सदर अस्पताल, पत्थर कटा चौराहा, पटेल नगर और राधा नगर चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने इस दौरान 80 बाइक सवार को रोककर हेलमेट न पहने होने पर चालान काटकर जुर्माना लगाया। बताया कि लगातार बाइक सवार बाइक को चलाते समय हेलमेट नहीं लगा रहे हैं। जिस कारण हादसे के समय सिर पर चोट लगने से मौत हो रही है। कार चालक सीट बेल्ट नहीं लगाते हैं। ऐसे वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए जुर्माना लगाया जा रहा है। शराब पीकर गाड़ी चलाते मिलने पर करीब 27 वाहनों को सीज किया गया है। बड़े वाहन चालकों को पम्पलेट के माध्यम से ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। डीएसपी ने वाहन चालकों से अपील करते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने की बात कही। बता दें कि जिले में चार अलग अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में मृतक बाइक सवार लोगों ने हेलमेट नहीं पहने थे। अगर पहने होते तो सभी की जान बच सकती थी।

एएसपी के निर्देश के बावजूद अभी तक नहीं हटा टेंपो, ई-रिक्शा स्टैंड

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। नवीन पुल फोरलेन पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिये अपर पुलिस अधीक्षक दो बार निरीक्षण कर चुके हैं और पोनी रोड तिराहे से टेंपो, ई रिक्शा स्टैंड हटाने के साथ ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे। इसके बावजूद अभी तक टेंपो स्टैंड नहीं हटा। जिस कारण आये दिन जाम की स्थिति बन रही है।

नवीन पुल पर रोजाना भीषण जाम की शिकायत मिलने पर डीएम अपूर्वा दुबे और एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर फरवरी माह में दो बार अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह नगर पहुंचकर जाम की हकीकत देख चुके हैं। दोनों ओर उन्होंने पोनी रोड मोड़ से लेकर बालूघाट तक अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही टेंपो स्टैंड को द्वारिका मोहिनी के पास शिफ्ट करने के निर्देश दिये थे। कई दिन बीतने के बाद भी पालिका और पुलिस प्रशासन की ओर से कोई अभियान नहीं चलाया गया। जिससे रोजाना सुबह शाम सुबह के समय भीषण जाम लग रहा है। जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं जाम हटवाने के लिये पुलिस भी परेशान रहती है।

पोनी रोड तिराहे पर खड़े आड़े तिरछे ई-रिक्शे और टेंपों। अमृत विचार

बोले जिम्मेदार

जाम को लेकर नगर पालिका गंभीर है एक तारीख से खासकर कोतवाली के सामने सड़क के दोनों ओर पान-मसाले की गुमटी, ठेला व अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा।

-कौमुदी पांडे, नगर पालिकाध्यक्ष गंगाघाट

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज पहुंचेगी शुक्लागंज

शुक्लागंज उन्नाव । कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज सुबह शुक्लागंज पहुंचेगी। जहां मरहला चौराहे से लेकर नवीन पुल के बीच जगह-जगह स्वागत किया जायेगा। इसको लेकर नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंतिम दिन तैयारियों में जुटे रहे।

राहुल गांधी की आज सुबह आठ बजे से नौ बजे के बीच भारत जोड़ा न्याय यात्रा मरहला चौराहे पर पहुंचेगी। जिसको लेकर उन्नाव कांग्रेस कार्यकर्ता और गंगाघाट के कांग्रेस कार्यकर्ता अंतिम दिन सुबह से लेकर शाम तक स्वागत करने के साथ ही फोरेलेन, नवीन पुल पर कांग्रेस के झंडे लगाते हुये दिखाई पड़े। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर पाल ने बताया कि जिला और नगर कमेटी को जो भी जिम्मेदारी दी।

पुलिस भर्ती परीक्षा देने आया युवक हुआ लापता, तहरीर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। पुलिस भर्ती परीक्षा देने आया औरास थानाक्षेत्र का रहने वाला युवक वापस घर नही लौटा। परिजनों ने उसकी कई जगह तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इस पर भाई में सदर कोतवाली पुलिस से गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने परीक्षा मार्ग में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लगा।

औरास थानाक्षेत्र के गांव प्रतापखेड़ा मजरा पुरथ्यावां निवासी राहुल कुमार ने बताया कि उसका भाई राघवेंद्र बेहटा मुजावर क्षेत्र के झब्बाखेड़ा गांव निवासी दोस्त रघुवीर की बाइक से बीती 17 फरवरी को उन्नाव के खजान सिंह डिग्री कॉलेज में पुलिस भर्ती की परीक्षा देने गया था।

- भाई ने दर्ज कराई गुमशुदगी पुलिस ने परीक्षा केन्द्र के सीसीटीवी की फुटेज देखी

भाई राहुल ने सदर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वहीं चार दिन बीतने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लगा। इससे घरवाले आशंकित हो रहे हैं। एसएचओ पीके मिश्रा ने बताया कि लापता युवक की तलाश जारी है। परीक्षा केन्द्र के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है।

लापरवाही सुबह से ही राशन की दुकानों में लग जाती है कार्ड धारकों की लाइनें

मशीन में तकनीकी खराबी, कोटेदार व कार्डधारक परेशान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में घटतौली रोकने के लिये सभी कोटेदारों को ई-वेईंग मशीन मुहैया कराई गई है। इनको ई-पॉस मशीन से जोड़ कर कार्डधारकों को राशन बांटा जायेगा लेकिन ई-वेइंग मशीन में सर्वर से लेकर अन्य तकनीकी समस्याएं आने के कारण राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। जिसस कारण कोटेदार से लेकर कार्डधारकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सुबह से शाम तक सर्वर का इंतजार करते रहते हैं। इसके बावजूद उन्हें राशन नहीं मिल पाता है।

शुक्लागंज में 32 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान हैं। जिसमें 16 हजार से अधिक कार्ड धारक हैं। इस बार राशन वितरण प्रणाली में कोई घटतौली न हो, इसके लिये सभी कोटेदारों को ई-वेइंग मशीन उपलब्ध कराई गई है। जहां ई-बेईंग मशीन को कोटेदार की ई-पॉस मशीन से जोड़ा गया। जिसमें कार्ड धारक का अंगूठा लगते ही ई-बेईंग मशीन में निर्धारित राशन दर्ज हो जाएगा। इससे राशन कोटेदार उन्हें राशन दे रहे हैं लेकिन ई-वेइंग मशीन में सर्वर व अन्य तकनीकी दिक्कतें आने से राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। कोटेदारों ने बताया कि सर्वर न आने के कारण मशीन अंगूठा नहीं ले रही है और न ही वजन माप रही है। कभी ब्लूटूथ से डिवाइस कनेक्ट नहीं होती है तो कभी ई पॉस मशीन से कनेक्ट नहीं हो पा रही है। पूरे दिन में पंद्रह से बीस कार्ड धारकों को राशन बांट पाते हैं। ऐसे में समय सीमा के अंदर कैसे वितरण हो पायेगा। जिससे कोटेदारों के अलावा राशन कार्ड धारकों को परेशानी उठानी पड़ी।

चंपापुरवा में शाम को राशन बांटता कोटेदार। अमृत विचार

सुबह से ही दुकानों में लग जाती हैं लाइनें

गरीब तबके के लोग जो राशन के सहारे ही अपना परिवार चलाते हैं, ऐसे कार्ड धारक सुबह पांच बजे से ही राशन की दुकानों के बाहर लाइनों में खड़े हो जाते हैं। जहां घंटों इंतजार करने के बावजूद उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

कोटेदार भी हो रहे परेशान

सुबह से लेकर शाम तक कोटेदार तीस से चालीस लोगों को राशन दे पा रहे हैं। ऐसे में सुबह से देर शाम तक वह राशन बांटते रहते हैं और ई-वेइंग मशीन में सर्वर आने के इंतजार में घंटों बैठे रहते हैं।

नई व्यवस्था है, सरकार ने नई कंपनी को काम दिया है। थोड़ दिन दिक्कत होगी, जिसके बाद सब ठीक हो जायेगा। 15 से 28 तारीख तक वितरण होना है। समय पर वितरण नहीं हो पाया तो समय बढ़ाया जायेगा। कम लोगों को बुलाकर राशन बांटा जाये।

-राजेन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्रीय निरीक्षक खाद्य आपूर्ति

परीक्षा केन्द्रों में तैयारियों में जुटे व्यवस्थापक

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा के लिये गंगाघाट क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बने आधा दर्जन स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। कल से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। जिसे देखते हुये मंगलवार को केन्द्र व्यवस्था केन्द्रों में तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। वहीं शाम के समय सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रश्न पत्र केन्द्रों में लाया गया।

गंगाघाट क्षेत्र के राजधानी मार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वालादेवी इंटर कॉलेज, कंचन नगर स्थित महार्षि दयानंद इंटर कॉलेज, सीताराम कॉलोनी स्थित द्वारिका मोहिनी हायर सेकेंड्री स्कूल, देवारा कलां स्थित मनोहर लाल गर्ल्स इंटर कॉलेज, गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर, गोपीनाथ पुरम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज समेत छह केन्द्र बनाए गए हैं। जहां गुरुवार को परीक्षार्थी पेपर देने पहुंचेंगे। जिसे देखते हुये मंगलवार को केन्द्र व्यवस्थापक सुबह से देर शाम तक जुटे रहे। इस दौरान केन्द्रों में रोल नंबर की लिस्ट चस्पा की गई। इसके साथ ही सीटिंग एरेंजमेंट बनाया गया और कक्ष में छात्र-छात्राओं के रोल नंबर के अनुसार बैठान के लिये डेस्क पर रोल नंबर की स्लिप चस्पा की गई। वहीं देर शाम सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रश्न पत्र पहुंचे। ओपीजेडी के प्रधानाचार्य हृदयराम वर्मा ने बताया कि तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। जो भी खामियां रह गई हैं उन्हें आज पूरा कर लिया जायेगा।

ओपीजेडी में रोल नंबर की स्लिप लगाते शिक्षक। अमृत विचार

- डेस्क पर रोल नंबर की स्लिप चस्पा की गई और अन्य तैयारियां की गईं

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पातितोऽपि कराघातै–रुत्पतत्येव कन्दुकः।
प्रायेण साधुवृत्तानाम–स्थायिन्यो विपत्तयः॥

हाथ से पटकी हुई गेंद भी भूमि पर गिरने के बाद ऊपर की ओर उठती है, सज्जनों का बुरा समय अधिकतर थोड़े समय के लिए ही होता है।

संपादकीय

विकास की राह पर घाटी

जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में 32,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने देश के अन्य हिस्सों के लिए करीब 13,500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान (48 किमी) और नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किमी) के बीच रेलवे लाइन शामिल है। उन्होंने घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान व बारामूला स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। बनिहाल-संगलदान खंड कश्मीर घाटी को उत्तर भारत के रेलवे नेटवर्क के और करीब लाएगा। 12.77 किलोमीटर की देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग भी खारी-सुम्बर खंड के बीच में स्थित है। सभी की निगाहें प्रधानमंत्री की जम्मू की सार्वजनिक रैली पर थीं। रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 पूर्ववर्ती राज्य के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्थापित किए गए जिसमें अकेले जम्मू और कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए।

बड़ी बात है कि पहली बार सरकार जम्मू-कश्मीर में लोगों के दरवाजे पर पहुंची है। प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर की यह दूसरी यात्रा थी। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सर्दियों में हिमपात और बरसात में भूस्खलन के कारण अक्सर बाधित हो जाता है तथा कभी-कभी कई दिनों तक रास्ता बंद हो जाता है। रेलवे लाइन का अधिकांश भाग सुरंगों में होने के कारण यह हर मौसम में निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी। ट्रेनों की कनेक्टिविटी से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा,बल्कि लोग बिना किसी कठिनाई और रुकावट के देश के अन्य हिस्सों की यात्रा कर सकेंगे। घाटी के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के लिए परिवहन का सस्ता और तेज रफ्तार विकल्प मिलने से उनकी तरक्की के रास्ते आसान होंगे। साथ ही पूरे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और सुरक्षा बलों की रसद एवं सामरिक साजोसामान की आपूर्ति भी त्वरित गति से निर्बाध हो सकेगी और सीमाओं की सुरक्षा मजबूत होगी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुई प्रधानमंत्री की इस यात्रा को अहम माना जा सकता है। यात्रा से लोकसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर में भाजपा को बल मिलने की संभावना है।

विद्यासागर जी के संदेश देश को प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था,उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है।

पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था,जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है,जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक



प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था,उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवनभर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम,ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवन' का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला,विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले,जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं। इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है,जो स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था।

संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे,ये उनकी महान रचना 'मूक माटी' में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने।

महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया,जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें। मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्र हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था- 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।' इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं,बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं,ऐसे में कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने एक ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक हो। यही तो 'मिशन लाइफ' है जिसका आह्वान आज भारत ने वैश्विक मंच पर किया है। इसी तरह उन्होंने हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च महत्व दिया। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी,देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। आचार्य जी के संदेश उन्हें सदैव प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे। उनकी अविस्मरणीय स्मृति का सम्मान करते हुए हम उनके मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह न सिर्फ उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि होगी, बल्कि उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

प्रसंगवश

वरिष्ठ होने के अपने लाभ

हिंदी में लिखने वाले वरिष्ठ होने के लिए उसी तरह प्रतीक्षारत बने रहते हैं जैसे कोई जूनियर अफसर प्रमोशन का रास्ता ताकता है। लिखने वाले का वरिष्ठ होना उस कष्ट के बिल्कुल विपरीत होता है जैसा एकांत लिफ्ट में मिली किसी युवा कन्या के अंकल कह कर पुकारने पर महसूस होता है। लिफ्ट में बूढ़ा होने से इंकार करने वाला हिंदी लेखक लिखने में वरिष्ठ कहलाने से खुश होता है,यही उसके जीवनभर का पारिश्रमिक है।

अपने वरिष्ठ होने का पता तब चलता है जब आपको किसी हिंदी गोष्ठी,सम्मेलन में अतिथि,मुख्य अतिथि होने योग्य मान लिए जाए। कोई लेखिका आपसे अपनी नई किताब का विमोचन करवाने के लिए तैयार हो। भले आप खुद कभी कायदे का कुछ नहीं लिख पाए हो,इसके बावजूद आपका किसी और की लिखी किताब का विमोचन करने योग्य होना या योग्य मान लिया जाना आपकी वरिष्ठता की तस्दीक है। वरिष्ठ होने के अपने लाभ हैं। ये मंचासीन होने का अवसर है। आप इस अवसर पर खेत से लेकर खलिहान तक की बातें कर सकते हैं और सबसे बड़ी बात,ऐसे मौके पर बोलने वाले तमाम वक्ताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वो मन मार कर ही सही पर आपकी तारीफ करें। हिंदी का लेखक संतोषी जीव होता है। वह तारीफ से ज्यादा किसी चीज की अपेक्षा नहीं करता। इससे अधिक की अपेक्षा इसलिए भी नहीं करता है,क्योंकि वो जानता है कि उनका पूरा होना नहीं है। हिंदी लेखकों की एक आचार संहिता है। वे एक दूसरे के बारे में जो भी राय रखे। सामने वाले को कितना भी हल्का और मामूली गिने पर आमने-सामने मिलने पर वे एक दूसरे की तारीफें ही करते हैं। इन तारीफों को एक दूसरे की पीठ खुजाने जैसा मामला ही समझिए। अचानक सभी विख्यात और प्रतिष्ठित हो जाते हैं। एक दूसरे को यशस्वी और प्रतिभाशाली बताते हुए गले सूखते है सबके। यह जानते हुए भी कि सामने वाला उसकी दी हुई किताब कभी नहीं पढ़ेगा।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

ऐसे अवसर पर किताबों का आदान-प्रदान किया जाता है। संग-साथ फोटो खिंचवा ली जाती है ताकि उनका सदुपयोग फेसबुक पर चिपकाकर किया जा सके। वरिष्ठ होने का एक और लाभ है। चाय नाश्ते वाला सबसे पहले आपको परोसता है। दूसरों के पहले नाश्ते का पात्र होना भी एक महत्वपूर्ण सुख है। विमोचन कार्यक्रम के आयोजक यदि समझदार हो तो ऐसे कार्यक्रम शाम को होते हैं और इस तरह ये गला तर करने का भी सुअवसर हो सकता है।

वरिष्ठता का निर्धारण होता कैसे है? वरिष्ठ होने के किसी नवोदित लेखिका की पुस्तक के विमोचन योग्य मान लिए जाने के दो ही तरीके है। पहला आप क्वॉलिटी की परवाह किए बिना लगातार लिख रहे हो। आपकी लिखे की मार की चपेट में आकर दुनिया बेहाल हो चुकी हो। किसी को सूझ न रहा हो कि आपसे छुटकारा कैसे पाया जाए? ऐसे में आपको वरिष्ठ घोषित करने के अलावा और कोई रास्ता दुनिया के सामने नहीं बचता। आप इस कारण भी वरिष्ठ घोषित कर दिए जाते हैं कि शायद वरिष्ठ होकर ही आप कुछ संयम बरतें और दुनिया में शांति स्थापित हो। दूसरा तरीका ज्यादा आसान है। संयोग और किस्मत भी बहुत बार आपको वरिष्ठ घोषित करवा देते हैं। यदि आयोजक मित्र हो आपके या आप फूल मालाओं और नाश्ते का खर्च उठाने के लिए तत्पर हो,तब भी आपको अनायास वरिष्ठता का तमगा हासिल हो जाता है। किसी और की लिखी किताब पर चढ़ा रंगीन कवर का लाल फीता खोलने के लिए हिंदी का वरिष्ठ लेखक सदैव उतना ही प्रफुल्लित बना रहता है जैसे प्राइमरी स्कूल का बच्चा अपने बर्थ डे पर मिलने वाले गिफ्ट पैकेट्स का रैपर उतारते वक्त होता है। विमोचन होता है सरकारी कार्यक्रमों जैसा। वैसा ही औपचारिक। सबको पता होता है कि अब क्या होगा,बोलने वाला क्या बोलेगा। सब आपस में बतियाते हैं, चहकते हैं,उबासियां लेते हैं, झपकते हैं और इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि मंच से बोल रहे बंदे को पूरी तरह अनसुना कर दिया जाए।

विमोचन करने के बाद हर भले गृहस्थ की तरह सीधे घर लौटता है हिंदी लेखक। पत्नी देखती है शाल और श्रीफल को। अपने पति के बारे में अब तक बनाई अपनी राय को तात्कालिक रूप से थोड़ा बहुत नरम करती है। इसके बाद शाल को लड़के की शादी मौके पर ननदोई को देने के लिए सुरक्षित रख लेती है और नारियल की चटनी बना लेती है। विमोचन कार्यक्रम की अगली सुबह नारियल की चटनी के साथ डोसे मिल जाना हिंदी लेखक का बतौर वरिष्ठ होने के नाते सर्वोच्च सम्मान है। यही उपलब्धि है उसके जीवन की और इसी कारण वो वरिष्ठ होना चाहता है।

राष्ट्र निर्माण में मातृभाषा का महत्व

डॉ. साकेत सहाय
भाषा एवं संचार विशेषज्ञ

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है,परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के विकास हेतु यह जरूरी है कि भारतीय समाज में विद्यमान नैसर्गिक बौद्धिकता को मजबूती दी जाए। भारत के ग्रामीण बच्चों में न केवल प्रतिभा है,बल्कि ग्रामीण बच्चे भारतीय शहरी बच्चों की तुलना में अधिक मेधावी हैं। परंतु इन बच्चों की प्रगति के मार्ग में गणित की अपेक्षा अंग्रेजी बड़ी बाधा है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी से तालमेल बिठाना बेहद कठिन होता है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी विवशता एवं बाध्यता है। हालांकि वर्तमान सरकार द्वारा इस दिशा में बदलाव हेतु प्रयास किए जा रहे है। देशी भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम की शुरुआत इस दिशा में बड़ा कदम है।

दुनियाभर के सफल एवं समृद्ध देशों में बच्चों को विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा उनके देश की प्रमुख भाषाओं में ही दी जाती है। ये सभी देश भारत की तुलना में अधिक सफल हैं,क्योंकि वहां समूची जनसंख्या की प्रतिभा को स्थानीय भाषाओं में निखारा गया है। बावजूद इसके ये इस प्रतिस्पर्धी विश्व में अपनी शर्तों, प्रतिभा के बल पर टिके हुए हैं। भारत में स्वीकृत अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता निश्चित रूप से दोषपूर्ण है। देश में आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण अंग्रेजी भाषा के प्रति हमारा अंध मोह हैं। हालांकि वर्तमान सरकार इस दिशा में थोड़ी प्रयासरत है, पर इस प्रकार के और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

भारत में यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि गीत,संगीत,नृत्य,फिल्मों,चुनाव प्रचार आदि के लिए तो देशी भाषाएं ठीक हैं,लेकिन विज्ञान, तकनीक, व्यावसायिक शिक्षा आदि के लिए अंग्रेजी अनिवार्य है। पश्चिमी शिक्षा के समर्थक तो इस बात पर दिन-रात बल देते रहते है। आजादी के इस अमृत काल में व्यवस्था को यह विचारने की आवश्यकता है कि देश की समृद्धि हेतु देशी भाषा के वातावरण में विकसित अधिकांश भारतीय बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उनकी अपनी भाषा में समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। एक मजबूत लोकतांत्रिक भारत इसी आधार पर निर्मित हो सकता है।

भाषाओं का भी अपना अर्थशास्त्र होता है। यह सब कुछ अंग्रेजी का आधिपत्य देखकर समझ आता है। आज ऐसी धारणा बन गई है कि भारत की वर्तमान आर्थिक प्रगति में अंग्रेजी भाषा का विशेष योगदान है। जबकि ऐसा नहीं है। दुनिया के 20 धनी राष्ट्रों में सरकारी कामकाज की भाषा (एवं सभी स्तरों पर शिक्षा का माध्यम) स्थानीय जनभाषा से भिन्न नहीं है। इस देश में भाषिक विभेद का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि जिन उच्च वर्ग के लोग अंग्रेजी/विदेशी भाषा के स्कूलों में जाते हैं और वहां की शब्दावली तथा विचारों से प्रभावित होकर वे वैसे ही व्यवहार करते हैं जिसके अंतर्गत वे स्वयं को श्रेष्ठ व स्थानीय भाषा के लोगों को हेय दृष्टि से देखते है। भारत में उच्च शिक्षा अंग्रेजी पर केंद्रित होने से अपनी जनसंख्या का बहुत कम भाग बौद्धिक रूप से विकसित हो पाता है। हमारे देश में यह स्थिति अंग्रेजी की अनिवार्यता के कारण नहीं,बल्कि हमारी दोषपूर्ण शिक्षा नीति की वजह से हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि आप भारतीय भाषाओं से परीक्षा देकर सेना में एक सैनिक या जवान तो बन सकते हैं,परंतु एक अधिकारी होने के नाते आपको परीक्षा अंग्रेजी में देनी होगी। इससे अंग्रेजी एक ऐसी भाषा के रूप में उभरकर सामने आती है,जो भारत की प्रगति के बजाय पिछड़ेपन का कारण बनकर हमारे सामने उपस्थित होती है।

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है,परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है। यह सत्य है कि भारत में जैसे विशाल एवं विविधता वाले देश में किसी भी भाषा का विरोध उचित नहीं। परंतु भाषाई रूप से इस समृद्ध देश में द्वितीय या तृतीय भाषा के रूप में ही अंग्रेजी का शिक्षण उपयुक्त हो सकता है प्रथम भाषा के रूप में कदापि नहीं। उच्च शिक्षा, न्यायालय एवं शासन हेतु भारतीय भाषाओं पर रोक एवं अंग्रेजी को अपनी प्रथम भाषा बनाने से इस देश में अनेक असुविधाएं सामने आती हैं। अधिकतर विद्यार्थियों को मजबूरीवश अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। इस व्यवस्था से देश में अनेक भाषाई विकलांग पैदा होते जा रहे हैं,जो किसी भी भाषा में प्रवीण नहीं होते। जबकि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की प्रमुख भाषा एवं उनकी स्थानीय भाषा में ही विकसित होने की छूट होनी चाहिए, बाद में भले अन्य भाषाएं सीखी जा सकती हैं। नई शिक्षा नीति के तहत कुछ प्रयास हुए है,परंतु अभी मीलों आगे जाना है।

सोशल फोरम

इतने निरीह क्यों हैं हम

दुनिया के लगभग सभी धर्म यह मानते हैं कि सृष्टि से इतर कोई ऐसी ईश्वरीय सत्ता है जिसने हमारी और इस विराट ब्रह्मांड की रचना की और इसका संचालन करता है। मतभेद इस बात का रहा है कि ईश्वर के साथ हमारे रिश्ते कैसे होने चाहिए? ईसाई धर्म में ईश्वर से हमारा पिता और पुत्र का रिश्ता है,लेकिन यह रिश्ता सीधा नहीं है। इस रिश्ते का स्वरुप ईश्वर के पुत्र जीसस के माध्यम से तय होता है। इस्लाम में सूफियों और हिंदुओं में प्रेममार्गी पंथ के अनुयायियों की थोड़ी सी संख्या है जिनके लिए ईश्वर और हमारा रिश्ता प्रेमी-प्रेमिका का, पति-पत्नी का, प्रेम का, समझदारी का,भरोसे का और अभय का है। उनके अलावा सभी धर्मों ने ईश्वर के साथ हमने जो रिश्ता बनाकर रखा है वह आमतौर पर स्वामी और दास का है। हम ईश्वर के अंश या कृति हैं तो उसके साथ हमारे रिश्ते इतने लिजलिजे क्यों होने चाहिए? क्यों वह सब कुछ है और हम कुछ भी नहीं? हमने कभी यह क्यों नहीं सोचा कि परमपिता परमेश्वर तो क्या संसार का कोई भी पिता अपनी संतान को इस कदर बेचारा,कातर, रीढ़विहीन,दयनीय,भयातुर, पराजित, अंधभक्त और याचक की तरह हर समय अपने चरणों में झुका हुआ नहीं देखना चाहता। हर पिता की ख्वाहिश होती है कि उसकी संतान विनम्र,लेकिन आत्मविश्वास से लबरेज स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित हो। ऐसा व्यक्तित्व जो जरूरत पड़ने पर उसकी आंख से आंख मिलाकर सवाल भी पूछ सके। हम क्यों अपना व्यक्तित्व अपने सर्जक में विलीन कर आजीवन अकिंचन बने रहें? आभार,कृतज्ञता और श्रद्धा तक तो ठीक है,लेकिन उस पर हमारी इस कदर भावनात्मक निर्भरता हमसे हमारा व्यक्तित्व और स्वाभिमान छीन लेगी। क्यों हम उसके आगे भीख का कटोरा लिए हर समय याचक की तरह खड़े रहें? उसने यह खूबसूरत दुनिया और उसके सुव्यवस्थित संचालन के लिए बुद्धि-विवेक हमें सौंप रखे हैं। वह किसी को वरदान या दंड, स्वर्ग या नर्क नहीं आबंटित करता। यह अपने कृत्यों से हम इसी जीवन में अर्जित करते हैं। ईश्वर को अपनी सृष्टि से प्यार है। उस तक पहुंचने का कोई भी रास्ता जड़ता, दासता, अकिंचनता से होकर नहीं जाता।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

-फेसबुक वॉल से

पाकिस्तान में हो क्या रहा है



सचिदानंद सिंह
मुंबई

इमरान खां कैद में हैं और एक न्यायालय के आदेश ने उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को उसके चुनाव चिन्ह (क्रिकेट का बल्ला) से वंचित कर रखा है। इमरान के कई सहयोगी भी गिरफ्तार हैं और कुछ गिरफ्तारी टाल सकने के लिए फरार हैं। अव्यवस्था और बेतरतीबी के ऐसे हालात में पार्टी का नेतृत्व अभी एक अपेक्षाकृत अनजान गौहर अली खां संभाल रहे हैं। 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई ने कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को समर्थन दिया था। चुनाव के दिन पाकिस्तान में सुरक्षा के विचार से मोबाइल फोन सेवाएं बंद कर दी गई थीं। चुनाव में धांधली की आशंका शुरू से थी, सेवा बंद किए जाने पर लोग और अधिक सशंकित हो उठे थे। एक तरह से चुनाव पाकिस्तान मुस्लिम लीग - नवाज (पीएमएल-एन) और 'अन्य' के बीच लड़ा जा रहा था। लोग मान बैठे थे कि पीएमएल-एन विजयी रहेगा,क्योंकि नवाज को सेना का समर्थन है और पाक सेना, कहते हैं,जंग भले कभी न जीती हो, चुनाव कभी नहीं हारी है।

चुनाव के दिन लग रहा था पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार बड़ी संख्या में जीतने वाले हैं। मतों की गिनती शुरू होने के बाद भी वैसा ही लगता रहा। कुछ समय तक नवाज और उनके भाई शाहबाज दोनों बहुत पीछे चल रहे थे। शाहबाज नेशनल असेंबली और प्रोविंशियल असेंबली दोनों के लिए लाहौर से लड़ रहे थे और दोनों जीत गए। नवाज दो जगहों से नेशनल असेंबली के लिए लड़ रहे थे, एक जगह जीते। चुनाव के नौ दिनों के बाद रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत चट्टा ने एक संवाददाता सम्मेलन में खुलासा किया कि उन्होंने अपने मातहतों के मार्फत पीएमएल-एन की जीत के लिए बहुत धांधलियां कीं। यहां तक कि पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार जो सत्तर हजार मतों से जीत रहे थे,उन्हें पराजित दिखा कर नवाज की पार्टी के उम्मीदवार को विजयी दिखाया। कुछ नाटकीय ढंग से उन्होंने अपने लिए सजा-ए मौत उचित ठहराया, बस अपने लिए नहीं,उन्होंने कहा पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा और मुख्य चुनाव आयुक्त (मुचुआ) सिकंदर सुलतान राजा को भी सजा-ए मौत दी जानी चाहिए। जज साहब ने साक्ष्य की कमी कहते हुए उनकी बात को खारिज कर दिया। मुचुआ ने जांच शुरू कर दी है। सभी रिटर्निंग ऑफिर्स से सवाल जवाब किए जा रहे हैं। पाक सरकार ने चट्टा को हिरासत में ले लिया है। नवाज की पार्टी कह रही है चट्टा पीटीआई के एजेंट हैं और देश में अराजकता फैलाने के लिए उन्होंने ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है। पीटीआई वाले कुछ लोगों ने एक प्रिंटिंग प्रेस के वीडियो पोस्ट किए हैं,जहां किसी क्षेत्र के बैलट पेपर छापे जा रहे थे। नवाज की पार्टी के लोगों ने चट्टा और इमरान के नजदीकी रिश्तों की बात की है-कैसे इमरान की बहन उज्मा खां को डेरा गाजी खां में चट्टा ने, जो उस समय वहां कमिश्नर थे,छह सौ करोड़ रुपयों (पाक रुपये) की जमीन बस तेरह करोड़ में दिला दी। चट्टा को पाकिस्तान के एक समय के जासूस-ए आज़म फैज हमीद का नजदीकी भी बताया जाता है। यह बात तो खैर गौर करने लायक है ही कि चट्टा की अंतरात्मा नौ दिनों तक चुप क्यों बैठी रही? मीर तकी मीर से माफी मांगते हुए, फ़ौज़ी चुनाव है रोता है क्या/ आगे आगे देखिए होता है क्या।

मोदी का चौथा कार्यकाल

हिंदी साहित्य के इतिहास का रीतिकाल सुंदरियों के नख शिख वर्णन और नृप यश कीर्तन के लिए प्रसिद्ध है। हम यहां नायिका भेद और नख शिख वर्णन की बात न करके 'नृप यश कीर्तन' की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। दरबारी कवि राजाओं के आश्रय में रहते थे और भारी भरकम अतिशयोक्तियों के द्वारा उनकी प्रशंसा और स्तवन करते थे,जैसे भूषण कवि ने शिवाजी की प्रशंसा करते हुए लिखा कि 'आपके यश विस्तार से सब कुछ सफेद हो गया है जिससे जो मुख्य-मुख्य श्वेत वस्तुएं थीं,वह अब ढूंढे नहीं मिल रही हैं,यानी खो गई हैं। क्योंकि साहित्य में यश का रंग सफेद माना गया है। उदाहरण स्वरूप इंद्र को उनका ऐरावत हाथी (श्वेत वर्ण) नहीं मिल रहा है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवान विष्णु क्षीर सागर खोज रहे हैं,शंकर जी हिमालय और पार्वती जी शिव को, क्योंकि वे भी कर्पूर गौर हैं। आजकल राजनीति के क्षेत्र में भी लगता है रीतिकाल आ गया है और मोदी की धूम है। अब देखिए राजनाथ सिंह जैसे बड़े नेता ने कहा है कि मोदी के तीसरे और चौथे कार्यकाल में देश का विकास बुलंदियों पर होगा। उन्होंने मोदी को विश्व के राजनीतिक व्योम का अतिशय देदीप्यमान सितारा भी कहा। जबकि चुनाव देश में होता है,दुनिया में नहीं। हम यह कहना चाहते हैं कि अभी तो तीसरे कार्यकाल का ही चुनाव होना बाकी है, फिर चौथे कार्यकाल में भी मोदी को चुना हुआ घोषित कर देना और तत्कालीन उपलब्धियां बता देना या तो कवित्वपूर्ण उक्ति वैचित्र्य है या मसखरी। यह जनता के साथ मजाक ही है,क्योंकि अभी उन्होंने तो अपने प्रतिनिधि चुने ही नहीं हैं। वे जिन्हें चुनेंगे, तब वे अपना नेता चुनेंगे। फिर चौथा कार्यकाल तो 2029 से 2034 तक होगा।

इतने लंबे भविष्य की दृष्टि तो संभवतः ज्योतिषियों और ऋषियों के पास भी नहीं होती है। यह 'विधि हाथ' है, 'राजनाथ के हाथ' नहीं। जनता के मजाक के साथ-साथ किसी व्यक्ति विशेष का नाम पीएम या सीएम पद के लिए प्रायोजित करना असंवैधानिक भी है,क्योंकि इसकी संविधान में व्यवस्था ही नहीं है। निर्वाचन के बाद चयनिति प्रतिनिधियों को अपना नेता चुनने का अधिकार होता है। फिर राष्ट्रपति अपने विवेक का प्रयोग करके प्रधानमंत्री नियुक्त करते हैं तथा अपनी 'सहायता और सलाह देने' के लिए सरकार गठित करते हैं।

सपा-कांग्रेस में उलझन के बीच बढ़ रही 'मोदी की गारंटी'

इरा अवस्थी, कन्नौज

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी 'गारंटी' के साथ ही धर्म ध्वजा थामकर पूरे देश में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। हर सभा और आयोजन में 400 पार का नारा देते हुए उपलब्धियां गिना रहे हैं। उधर, राजग का मुकाबला करने के लिए तैयार हुआ आईएनडीआईए गठबंधन रण में उतरने से पहले ही बिखराव की स्थिति में पहुंच चुका है। इधर, सपा और कांग्रेस में बात नहीं बनती दिख रही है तो सपा के अपने भी मुश्किलें बढ़ाने में लगे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद पद के बाद अब विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे चुके हैं। अगर बात कन्नौज के परिप्रेक्ष्य में करें तो यहां से स्वयं सपा अध्यक्ष के ही मैदान मंए कूदने की खबर है और यहां भी पार्टी में असंतोष है।

लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट धीरे-धीरे तेज हो चली है। इस बार का रण भीषण होने के आसार जताए जा रहे हैं। भले ही चुनाव का एलान आयोग की तरफ से नहीं किया गया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नीति निर्धारक इस रणक्षेत्र को सजाने के साथ मैदान में सभी 'अस्त्र-शस्त्रों' के साथ उतर चुके हैं। तभी तो स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'गारंटी' के साथ ही धर्म ध्वजा थामे आगे बढ़कर अगली सरकार बनाने को कृतसंकल्प नजर आ रहे हैं।

पिछले दिनों रामलला के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ उन्होंने हिंदुओं के अंतर्मन पर कब्जा

- कहीं स्वामीप्रसाद का बखेड़ा तो वहीं पार्टी में भी असंतोष
- कन्नौज में भाजपा के साथ समाजवादियों में भी हैं मनभेद

करने का पूरा प्रयास किया है। इसके बाद यह यात्रा अबूधाबी पहुंची और फिर संभल के कल्कि धाम से होते हुए मंजिल की तरफ बढ़ रही है। मंगलवार को जम्मू में आयोजित जनसभा में भी मोदी ने जोरदारी से भाजपा को 370 तो राजग को 400 से अधिक सीटें जिताने का आह्वान किया। वे अपने संबोधन में बार-बार अपनी उपलब्धियां गिनाते नजर आए कि कैसे हिम्मत के साथ अनुच्छेद 370 को खत्म किया, तीन तलाक की कुरीति पर लगाम लगाई, बरसों बरस के इंतजार के बाद आखिरकार मंदिर निर्माण के साथ रामलला की स्थापना कराई। उन्होंने अपने संबोधन में बार-बार योजनाओं के लाभ को लेकर 'ये मोदी की गारंटी है' शब्दों का प्रयोग कर लोगों का भरोसा जीतने का प्रयास किया। स्पष्ट है कि मोदी ने चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। इधर, वे अपनी धर्मनीति से दो दर्जन दलों को मिलाकर बने आईएनडीआईए गठबंधन को खड़े होने से पहले ही ढेर करते नजर आ रहे हैं। हाल ही में 'भारत रत्न' के दांव से उन्होंने गठबंधन की चूलें हिला दीं। अब कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी की बात बनती नजर नहीं आ रही। ऐसे में माना जा रहा है कि सपा अकेले ही चुनाव मैदान में डट सकती है।

कई सीटों पर सपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव प्रत्याशियों की घोषणा कर भी चुके हैं। उनकी खुद की प्रत्याशिता की बात करें तो माना जा रहा है कि कन्नौज से ही लड़ेंगे। इसको लेकर हाल ही में कन्नौज पहुंचने पर वे स्पष्ट संकेत यह कहकर दे चुके हैं कि 'कन्नौज, अपने घर से भी चुनाव लड़ने की घोषणा करनी पड़ेगी?' इन सबके बीच कई बार हिंदू धर्म-देवी देवताओं पर विवादित बयान देकर चर्चा में आते रहे तत्कालीन सपा महासचिव स्वामीप्रसाद पद के साथ ही विधान परिषद की सदस्यता व पार्टी भी छोड़ चुके हैं। अब तो उन्होंने अखिलेश के साथ ही रामगोपाल यादव को भी खरी-खरी सुना दी। पार्टी के अन्य वफादार भी अखिलेश पर पीडीए की उपेक्षा का आरोप लगाकर अलग राग अलाप रहे हैं। इससे सपा की भी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रहीं हैं। गठबंधन का बिखराव सत्तारूढ़ दल को सांस तो दे रहा है लेकिन कन्नौज में भाजपा के दो गुट सक्रिय हैं।

इनकी गुटबाजी जारी रही तो 'कमल' को नुकसान उठाना पड़ सकता है जिसका फायदा विरोधी दल ले सकते हैं। यह फायदा वोट लेने नहीं बल्कि काटने से हो सकता है। हालांकि सपा की राह भी बहुत आसान नहीं होने वाली है। यह बात अलग है कि वक्त की जरूरत को देखकर असंतुष्टों जिनके पास बड़ी संख्या में सपा का बुनियादी यादव' वोटबैंक 'है को मना लिया जाए। ऐसा हो जाता है तो सत्तारूढ़ दल की जोरदार टक्कर सपा के साथ होना तय है। यद्यपि प्रत्याशिता तय होने के बाद ही कुछ स्पष्ट तस्वीर खींची जा सकेगी।

दस्यु सुन्दरी सीमा परिहार सहित नौ आरोपी दोषी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- तीस साल बाद आज सुनाया जाएगा फैसला

अमृत विचार। कोतवाली औरैया पर पंजीकृत मुकदमा वादी श्रीकृष्ण त्रिपाठी पुत्र रामसनेही निवासी गढिया बक्सीराम कोतवाली औरैया की ओर 10-15 अज्ञात बदमाशों द्वारा वादी के भाई प्रमोद कुमार की 20 मार्च 1994 की रात्रि में ट्यूबवेल ग्राम गढ़िया बक्सीराम से अपहरण किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

विवेचना के क्रम में अपहृत प्रमोद पुत्र रामसनेही 26 अप्रैल 1994 को स्वंय वापस आया। अपहृत के बयान के आधार पर मुकदमा में धारा 364-ए भादवि का लोप कर धारा 365 में तरमीम हुआ व सीमा परिहार पुत्री शिरोमणि निवासी बबाईन सहित 9 आरोपी प्रकाश में आये। सभी आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय द्वारा कोतवाली औरैया पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में मंगलवार को सीमा परिहार सहित अन्य आरोपियों को दोषी पाया गया है। जिसका निर्णय न्यायालय द्वारा सुरक्षित करते हुए 21 फरवरी को सुनाया जायेगा।

बारिश के साथ गिरे ओले, फसल बर्बाद

दो दर्जन से अधिक गांवों में फसल खेतों में बिछ गई, जसपुरा क्षेत्र में सरसों, मटर की फसल चौपट

कार्यालय संवाददाता,बांदा/हमीरपुर

अमृत विचार : कुदरत का कहर किसानों के लिए आफत बन गया है। मंगलवार की शाम को जनपद के दो दर्जन से अधिक गांवों में बारिश और ओलावृष्टि होने से खेतों में खड़ी किसानों की चना, मसूर, मटर, सरसों और गेहूं की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। इससे किसान कराह उठा है। खेत पहुंचकर किसानों ने देखा तो खेतों में ओले बिछे हुए थे। यह देखकर किसान ने अपना माथा पकड़ लिया। किसानों ने बताया कि 100 से 200 ग्राम वजन का ओला गिरा है। हमीरपुर में भी इसी तरह ओले गिरे हैं।

कड़ी मशक्कत से किसानों ने खेतों में फसल बोई थी। अबकी बार फसल और उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद थी। किसानों की खेतों में लहलहा रही फसल को देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर है। मंगलवार की

बारिश के साथ गिरा ओला।

खेतों में बिछी फसल।

शाम को जनपद के दो दर्जन गांवों में ओलावृष्टि होने से किसानों की खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह से तबाह हो गई। ओलावृष्टि से किसानों की सरसों, मटर, चना, मसूर, गेंहू आदि की फसलें खेतों में ही टूटकर पसर गईं। किसान अपने खेत पहुंचे तो बर्बादी देख अपना माथा पीट लिया। रात-दिन की मशक्कत के साथ लागत लगाकर तैयार की गई फसलों की हालत देख किसान सकते में आ गए। किसानों ने बताया कि एक-एक ओले का वजन 100 से 200 ग्राम तक का था। ओले लोगों के कच्चे घरों के खपरैल तोड़कर घरों के अंदर तक आ गए।

पैलानी तहसील क्षेत्र कुकुवा खास, नरी, पैलानी, पैलानी डेरा, पड़ेरी, मरझा, नांदादेव, पडोहरा आदि गांवों में तेज बारिश के साथ गिरे ओले की वजह से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। पैलानी कस्बे के अरविंद चंदेल, कुकुवा खास के पीयूष निषाद आदि लोगों ने बताया की तेज बारिश के साथ बड़े-बड़े पत्थर गिरने से किसान परेशान हो गए हैं। एसडीएम पैलानी शशिभूषण ने बताया कि लेखपाल को भेज कर जांच कराई जाएगी।

बबेरू क्षेत्र में भी हुई ओलावृष्टि

बबेरू क्षेत्र के लगभग डेढ़ दर्जन के अधिक गांवों काजीटोला कबीरपुर, चैहान डेरा, पिंडारन, बाकल, समगरा, सीरिया ताला, शमसुद्दीनपुर, औगासी, करहुली, भभुवा, अधांव, बीरा, औगासी सहित कई गांव में जबरदस्त ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद हो गईं। इससे किसानों के चहरे मुरझा गए हैं। पहले ओला गिर और गरज चमक के साथ बरसात हुई, जिससे लाही चना गेहूं मसूर अलसी सहित तमाम फसलों का नुकसान हुआ काजी टोला के प्रधान आरबी सिह यादव ने बताया कि ओला गिरने से लाही चना गेहू मसूर अलसी की फसलो को 50 प्रतिशत से ज्यादा का नुकसान होना बताया गया है। किसानो ने नुकसान फसल का सर्वे कराकर मुवायजा दिलाये जाने की मांग की है।

एक सप्ताह पहले नरैनी क्षेत्र में हुई थी ओलावृष्टि

एक सप्ताह पूर्व नरैनी क्षेत्र में ओलावृष्टि होने की वजह से किसानों की फसलें तहस-नहस हो गई थीं। इससे परेशान किसानों ने जाम भी लगाया था। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर सर्वे कराया गया। कई गांवों में किसानों की फसलों का नुकसान होने के बाद उन्हें मुआवजा दिलाए जाने के लिए तकरीबन तीन करोड़ रुपए की डिमांड बनाकर शासन को भेजी गई है। मंगलवार की शाम को जनपद के दो दर्जन गांवों में हुई ओलावृष्टि किसानों के लिए आफत बन गई है। ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों ने प्रशासन से बर्बाद फसलों का मुआवजा दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

लोधी जाति के अजेंद्र राजपूत पर समाजवादी पार्टी ने लगाया दांव

नईमुर्रहमान, महोबा

2019 का परिणाम

पार्टी	उम्मीदवार	मिले वोट
भाजपा	पुष्पेंद्र सिंह चंदेल	5,75,122
सपा-बसपा	दिलीप कुमार सिंह	3,26,470
कांग्रेस	प्रीतम सिंह लोधी	1,14,534
निर्दल	संजय कुमार साहू	24, 801

अमृत विचार। हमीरपुर- महोबा संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी ने अजेंद्र सिंह राजपूत को प्रत्याशी घोषित किया है। लोधी समाज से आने वाले अजेंद्र सिंह को मैदान में उतार कर समाजवादी पार्टी ने अपने पीडीए समीकरण को साधने की कोशिश की है। अभी इस सीट पर भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल सांसद हैं। सपा-बसपा के उम्मीदवार रहे दिलीप सिंह को हराया था। दिलीप सिंह बसपा के उम्मीदवार थे। विकासखंड पनवाडी के ग्राम कनकुआ निवासी राजेंद्र राजपूत ने 2022 के विधानसभा चुनाव में चरखारी विधानसभा से सपा से टिकट हासिल कर लिया था। बाद में उनका पार्टी हाईकमान ने काटकर रामजी यादव को दे दिया था। बावजूद इसके पूरी तन्मयता से अजेंद्र सपा उम्मीदवार के लिए

प्रचार करते रहे। अजेंद्र सिंह राजपूत के पिता चंद्र नारायण सिंह राजपूत विधायक रह चुके हैं। अब समाजवादी पार्टी ने अजेंद्र को लोकसभा का टिकट देकर उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा का इनाम दिया है। राठ, चरखारी विधानसभा लोधी बाहुल होने के कारण उन्हें इसका लाभ मिल सकता है। जबकि महोबा विधानसभा में भी लोधियो की संख्या ठीक-ठाक है। बांदा जिले की तिंदवारी विधानसभा सीट भी इसी संसदीय क्षेत्र में आती है। लोधियों की बहुलता को देखते देखते हुए पार्टी हाई कमान ने पहली दफा लोधी प्रत्याशी पर दांव लगाया है।

अजेंद्र के पिता चंद्र नारायण राजपूत महोबा से विधायक रह चुके हैं। 2002 के विधानसभा चुनाव में भी वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे लेकिन हार गए थे। सपा प्रत्याशी के चाचा अनंत नारायण राजपूत हमीरपुर महोबा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रह चुके हैं।

एके 47 गैंग के सदस्य ने सोशल मीडिया पर डाली फोटो, दी धमकी

सुमेरपुर(हमीरपुर)। करीब छह माह तक शांत रहने के बाद कस्बे में सक्रिय एके 47 गैंग के सदस्य फिर सिर उठाने लगे हैं। गैंग के एक सदस्य ने रेलवे लाइन पर अवैध तमंचा लहराते हुए सोशल मीडिया पर अपलोड करके कस्बे के लोगों को धमकी दी है। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। बताते हैं कि तमंचे के साथ फोटो अपलोड करने वाला युवक कस्बे के वार्ड संख्या 14 का निवासी है, लेकिन मौजूदा समय में कस्बे से बाहर है। कस्बे में एके 47 गैंग ने पिछले दो वर्षों में से धमाल मचा रखा है। इस गैंग के सरगना के खिलाफ थाने में कई मुकदमे कायम है। यह गैंग पिछले छह माह से शांत था। मंगलवार को यह एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

नाबालिग मंदबुद्धि लड़की से अधेड़ ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। दिबियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मधवापुर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। मधवापुर थाना दिबियापुर निवासिनी ने थाना दिबियापुर में जाकर लिखित तहरीर दी है जिसमें उसने बताया कि 19 फरवरी को उसकी 12 वर्षीय पुत्री प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने गई थी। जब विद्यालय में लंच का समय चल रहा था।

उसी समय इसी गांव का निवासी पप्पू उर्फ गजराज सिंह पुत्र जहान सिंह विद्यालय में आया और उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर स्कूल के पीछे ले गया और दुष्कर्म किया। स्कूल की रसोइया को घटना की जानकारी हुई तो उसने अध्यापकों को बताया। तब विद्यालय के

- 20 रुपये का लालच देकर किया दुष्कर्म, आरोपी फरार

शिक्षकों ने बच्ची के परिजनों को सूचना दी। परिजन विद्यालय पहुंचकर बच्ची को बदहवास हालत में घर लाये तब उसने पूरी घटना परिजनों को बताई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना इंचार्ज दिबियापुर मुकेश कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस द्वारा दबिश जारी है। शीघ्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास में पांच साल का कारावास

कन्नौज। खेत में किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले युवक को कोर्ट ने पांच साल कारावास की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार दुबे व विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एक सितंबर 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई था कि दोपहर में 12.30 बजे उनकी 13 वर्ष की बेटी स्कूल से बेटे को लेने जा रही थी। जब वह गांव के बाहर खेतों की तरफ पहुंची तो ग्राम बिजनौरा निवासी प्रदीप पुत्र श्रीकृष्ण ने उसे दबोच लिया और मक्का के खेत में ले गया। वहां उसने बेटी से दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी ने शोर मचाया तो उसके जेठ मौके पर पहुंच गए। इस पर आरोपी तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

सपा नेता समेत तीन को उम्रकैद की सजा

शिक्षामित्र हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। कुरारा थानाक्षेत्र के एक गांव में अवैध संबंधों के शक में 16 साल पहले शिक्षामित्र का अपहरण कर हत्या कर करने के मामले में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत तीन दोषियों को आजीवन कारावास और 60-60 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। इस हत्याकांड के एक आरोपी की मुकदमे के दौरान मौत हो चुकी है। यह सजा मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय ने सुनाई। मामले में पूर्व सपा जिलाध्यक्ष व हमीरपुर लोकसभा प्रभारी आदि आरोपियों पर अपहरण के बाद हत्या कर शव को झलोखर गांव के पास पेड़ से लटकाने का आरोप था।

सहायक जिला शासकीय

- 2007 में अवैध संबंधों के शक में अभियुक्तों ने घटना को दिया था अंजाम
- एक आरोपी की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी, तीन पर चला मुकदमा

अधिवक्ता जगदीश अनुरागी व प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि कुरारा क्षेत्र के एक गांव निवासी रामसेवक ने कुरारा थाने में एक जुलाई 2007 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि 29 जून 2007 को उसके शिक्षामित्र बेटे प्रमोद का अपहरण कर गांव निवासी राजबहादुर पाल, प्रहलाद, दिनेश व रमेश ने पेड़ से बांधकर पीटा और उसकी हत्या कर दी। शव को झलोखर गांव में लटका दिया।

मामले में पुलिस ने सभी के खिलाफ अपहरण कर हत्या का मुकदमा दर्ज किया। साथ ही

60 हजार रुपये प्रत्येक आरोपी पर लगा अर्थदंड

20 जून 2007 को हत्या कर शव को लटकाया था

चार्जशीट न्यायालय में पेश की। मुकदमे के दौरान आरोपी रमेश की मौत हो गई। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष व हमीरपुर लोकसभा प्रभारी राजबहादुर पाल पुत्र राम आसरे, प्रहलाद पुत्र शिवनारायण व दिनेश पुत्र शिवदास का विचारण अदालत द्वारा किया गया।

अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय प्रमोद कुमार शासन ने मामले की सुनवाई करते हुए तीनों आरोपियों को दोषी पाया। साथ ही आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक को 60-60 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में बचाव पक्ष ने कई गवाह पेश किए तो पीड़ित पक्ष की ओर से मजबूत साक्ष्य रखे गए।

जांच टीम के आते ही दवा विक्रेताओं में मची भगदड़

फतेहपुर। दवा निरीक्षक टीम बिंदकी के मेडिकल स्टोर में जांच को पहुंची तो दवा विक्रेताओं में भगदड़ मच गई। आनन-फानन दुकानों के शटर धड़ाधड गिरने लगे और देखते ही देखते सन्नाटा पसर गया। टीम के आने से पहले ही दुकानादरों को छापे की भनक लग चुकी थी। जिससे कारोबारियों के दवाओं की सैंपलिंग नहीं हो सकी। दूसरे दिन मंगलवार को नगर के कई दुकान के ताले नहीं खुल सके।

दवा निरीक्षक के साथ संयुक्त प्रशासन की टीम ने बीते माह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर में छापेमारी करके ड्रग की दवाओं को पकड़ा था। जिनकी सैंपलिंग की गई। जांच दौरान दवा व्रिकेता मौके पर बिल आदि नहीं दिखा सके थे।

धर्म-आस्था

चौथे शाही स्नान को निकले साधु-संतों ने तलवार से तरह-तरह के दिखाए करतब, कल्पवासियों ने संतों को फूल-मालाओं से लादा

मेला रामनगरिया : संतों ने शाही स्नान कर निकाली शोभा यात्रा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में एकादशी के पर्व पर संतों ने चौथा शाही स्नान कर कई अखाड़ों के संतों ने मिलकर शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया ।इस मौके पर संतों ने तलवारबाजी के तरह-तरह के करतब दिखाएं। मेला रामनगरिया क्षेत्र में 2 किलोमीटर का परिक्रमा करती हुई शोभायात्रा सभी द्वारों से होती हुई फिर साधु क्षेत्र में पहुंची। जहां शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया । कल्पवासियों ने संत महात्माओं को फूल मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर शोभा यात्रा की अगुआई कर रहे बच्चा बाबा और बाबा बटेश्वर दास ने कहा कि पवित्र स्थान पर शोभा यात्रा निकालने से मानसिक शांति और आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है ।उन्होंने कहा

शाही स्नान कर रहे संत महात्मा। अमृत विचार

कि इस पांचाल घाट की रज से बुद्धि शुद्ध होती है ।संतों का आभूषण ही भस्म होती है ।इसलिए वह शोभा यात्रा निकालकर अध्यात्म का अनूठा संदेश दे रहे हैं ।उन्होंने कहा कि इस शोभायात्रा को परिक्रमा भी कहा जाता है ।यह भागीरथी का परिक्रमा है। जिसे करने से वह अपने आपको अहोभाव महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर बच्चा बाबा ने कहा कि भागीरथी के पावन तट पर इस समय स्वर्ग उतरा हुआ है ।

महा कवि संत तुलसीदास ने इस संबंध में कहा है कि मंजन फल पेखिय तत्काला। काक होई पिक वकुउ मराला। यहां गंगा स्नान करने से कौवा कोयल बन जाते हैं और बगला हंस बन जाते हैं। ऐसे पवित्र स्थान पर स्नान करने का ही महत्व तो है ही मंजन करने का भी बहुत बड़ा महत्व है । इसी बजह सन्त महात्माओ ने आज शोभा यात्रा निकाल कर शाही स्नान किया। शाही स्नान के समय सन्तो ने बेरिकेटिंग के अंदर रह कर गंगा में डुबकी लगाई ।पांडवों की इस तप स्थली पर इस समय राम की नगरी बसी हुई है। जिसे रामनगरिया के नाम से जाना जा रहा है। यहां लाखों कल्पवाशी भागीरथी के तट पर रहकर ध्यान साधना कर रहे हैं। इस दौरान सुरक्षा के कंड़े इंतजाम रहे। मेला प्रभारी सत्य प्रकाश दल बल के साथ शोभा यात्रा के साथ चलते रहे।

तलवार से करतब दिखा रहा संत। अमृत विचार

एकादशी पर किया गंगा स्नान

फर्रुखाबाद। माघ मास की एकादशी पर पांचाल घाट पर हजारों की संख्या में लोगों ने भागीरथी में डुबकी लगाई ।यहां उमड़ी गंगा भक्तो की भीड़ की बजह इटावा बरेली हाइवे पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि एसपी विकास कुमार ने गंगा स्नान को देखते हुए रूट डायवर्जन कर दिया था ।इसके बाद भी यहां कई घण्टे जाम लगा रहा। शमसाबाद के ढाई घाट,कम्पिल के अतेना घाट,श्रंगी रामपुर में भी गंगा भक्तो ने पहुंच कर स्नान दान किया।

25 साल बाद दंपति की हुई अपने धर्म में वापसी

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। हिंदू से मुस्लिम धर्म में परिवर्तित हुए परिवार ने करीब 25 साल बाद फिर से घर वापसी की है। बनारस का रहने वाला यह परिवार वर्षों पहले जनपद में आकर बस गया था। इसके बाद उन्होंने धर्मपरिवर्तन कर लिया था। मंगलवार को सुंदर पाठ व हवन पूजन के बाद परिवार ने हिन्दू धर्म में फिर से वापसी की है। बनारस के रहने वाले शिव प्रसाद उर्फ गुड्डू अपनी पत्नी कविता के साथ करीब 25 वर्ष पूर्व हथगाम थाना क्षेत्र के पूरे अधारी गांव में अज्ञात कारणों से पनाह ली थी। इसके बाद उन्होंने अज्ञात कारणों से ही मुस्लिम धर्म अपना लिया था।

इसके बाद शिवप्रसाद का नाम अब्दुल्ला और कविता का नाम फातिमा हो गया था। इसके बाद से वह यहीं रहले लगे थे। मंगलवार को राम दल के नेतृत्व में फिर से परिवार ने घर वापसी की और परिवार

परिवार ने हिन्दू धर्म में की वापसी।

- शिवप्रसाद बन गया था अब्दुल्ला और पत्नी कविता फातिमा
- सुंदर पाठ के बाद हवन का कार्यक्रम हुआ संपन्न

ने खुशी जाहिर की। मामले की जानकारी पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और प्रशासन व हिन्दू संगठनों की मौजूदगी में सुंदर पाठ के साथ हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया।

मानहानि केस में राहुल का आत्मसमर्पण, जमानत

■ करीब आधे घंटे न्यायिक हिरासत में रहे सांसद राहुल ■ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप

संवददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने उनकी जमानत पर हुई सुनवाई में जमानत मंजूर कर कोर्ट से ही रिहाई का आदेश दिया है। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य के लिए अगली तारीख दो मार्च नियत की है।

मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच काग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी अपने अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल के साथ विशेष कोर्ट में हाजिर हुए तथा जमानत की मांग की। विशेष कोर्ट ने उनकी जमानत 25 हजार रुपए के दो जमानतदार (प्रतिभू) व उतनी ही धनराशि के व्यक्तिगत बंधपत्र पर मंजूर कर कोर्ट से ही रिहाई का आदेश दिया। कोर्ट में मानहानि के आरोपी सांसद राहुल गांधी लगभग आधे घंटे न्यायिक हिरासत में रहे।

कोर्ट मे उनकी न्याय यात्रा को देखते हुए बचाव पक्ष ने उनकी हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र भी दिया है। जिसमें कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा है। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य के लिए अगली तारीख दो मार्च नियत की है। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। कोर्ट ने साक्ष्य के लिए की दो मार्च की तारीख नियत की है। सांसद राहुल गांधी की पेशी के दौरान दीवानी न्यायालय की कड़ी सुरक्षा रही । सासंद के समर्थक कोर्ट के बाहर डटे रहे।

पेसी के लिए कोर्ट जाते राहुल गांधी। अमृत विचार

कोर्ट से निकलते समय लोगों का अभिवादन करते राहुल गांधी। अमृत विचार

मोना दीदी पापा को सुलतानपुर भेजिए

राहुल गांधी के आत्मसमर्पण के दौरान कई कांग्रेस के दिग्गज नेता भी दीवानी न्यायालय पहुंचे। इसी बीच प्रतापगढ़ के रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा उर्फ मोना भी राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रीया श्रीनेत्र समेत अन्य के साथ कोर्ट तक पहुंची। एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट में जा रही आराधना को देखते हुए उनके समर्थक उत्साहित हो गए। भीड़ से आवाज आई कि मोना दीदी पापा (प्रमोद तिवारी) को सुलतानपुर भेजिए। ब्राह्मण बाहुल्य जिला होने के नाते प्रमोद तिवारी को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से सुलतानपुर सीट पर प्रत्याशी बनाने की मांग लंबे समय से चल रही है।

जनाधार दिखा गए राहुल, आईलवयू राहुल के लगे नारे

अदालत में पहुंचे राहुल गांधी जिले में कांग्रेस का जनाधार दिखा गए। बिना किसी राजनीतिक कार्यक्रम के वह यहां आनन-फानन में पहुंचे थे। सैकड़ों की संख्या में पार्टी के नेता, उनके समर्थक व अन्य यहां उनकी एक झलक पाने को बेताब दिखे। इस दौरान भीड़ में आई लव यू राहुल गांधी के नारे लग रहे थे।

जब लगा जय श्रीराम का नारा

राहुल गांधी एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट से जमानत कराकर बाहर निकले और अपनी गाड़ी पर बैठकर रवाना होने वाले थे, इसी बीच कुछ लोगों ने जय श्रीराम का नारा लगाया। भीड़ से पीछे से कई लोग जय श्रीराम का नारा लगाने के साथ राहुल गांधी संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है का भी नारा लगा रहे थे। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।

ये लोग रहे मौजूद

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, आलोक शर्मा राष्ट्रीय प्रवक्ता, राजेश तिवारी राष्ट्रीय सचिव, दीपक सिंह पूर्व एमएलसी, राजेश तिवारी पूर्व प्रवक्ता, राणा राष्ट्रीय महासचिव, अविनाश पांडेय, श्री निवास, जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र, सुब्रत सिंह सनी, तेज बहादुर पाठक, राहुल तिवारी, नगर अध्यक्ष शकील अंसारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी, मानस तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष विधि विभाग कमर खान, मदन तिवारी, रवि शुक्ल, बलराम तिवारी आदि रहे।

अचानक बदला कार्यक्रम, सड़क मार्ग से पहुंचे

राहुल गांधी मंगलवार को अदालत में समर्पण करने के लिए पहले हैलीकाप्टर से आने वाले थे। डीएम की ओर से जारी कार्यक्रम में बताया गया था कि फुरसतगंज अमेठी से वे हैलीकाप्टर से अमहट हवाई पट्टी सुलतानपुर पहुंचेंगे। यहां से कार से वे दीवानी पहुंचते थे, लेकिन वे सड़क रास्ते से ही दीवानी आए। इसके पीछे दृष्यता कम होना वजह बताई गई। हालांकि, वापस जाते समय अमहट हवाई पट्टी से हैलीकाप्टर से फुरसतगंज अमेठी के लिए रवाना हुए।

शराब पीकर नशे में नाच रहा यूपी का भविष्य : राहुल

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

संवाददाता, रायबरेली

- कहा- 73 प्रतिशत आबादी को हक पाने के लिए जातीय जनगणना करानी होगी

अमृत विचार। कांग्रेस लोकसभा चुनाव से पहले जनता को साधने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रही है। इस दौरान राहुल को जनता का भी समर्थन मिल रहा है।

राहुल गांधी अक्सर अपने बयानों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। आज एक बार फिर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपने ही बयान के चलते विवादों में घिरे नजर आ रहे हैं। रायबरेली में मंगलवार को सुपर मार्केट में सभा के दौरान उन्होंने डबल इंजन की सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैं वाराणसी पहुंचा तो वहां पर देखा कि रात को बाजा बज रहा है। वहां पर शराब पिये यूपी का भविष्य रात को डांस कर रहा है। वहीं राममंदिर खुलता है। राम मंदिर में नरेंद्र मोदी, अंबानी, अडानी समेत कई अरबपति दिखेंगे। वहां पर पिछड़ा, दलित, आदिवासी नहीं दिखेगा, क्योंकि आपकी जगह सड़कों पर भीख मांगने की है। आपका काम हिंदुस्तान में सड़क पर जाकर ऐसे पोस्टर दिखाने का है। उनका काम पैसा गिनने का है। आप के बच्चे जीएसटी देते हैं। आपको अपने हक के लिए जातीय जनगणना के लिए आगे आना होगा। राहुल गांधी ने इससे पहले पोस्टर दिखा रहे युवक को अपने पास बुलाया और नाम पूछा। कहा कि किस जाति से आते हो। पोस्टर की ओर इशारा करते हुए कहा कि इसमें लिखे ओबीसी और एससी का मतलब जानते हो। कहा कि 50 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है। 15 प्रतिशत आबादी एससी और आठ प्रतिशत आदिवासियों आबादी है। कुल 73 प्रतिशत हो। इसके बावजूद पोस्टर लेकर घूम रहे हो। हमारा काम 73 प्रतिशत का काम आपके भविष्य को बनाने का है। आपको 24 घंटे धमकाया जाता है। रास्ते बंद किए जाते हैं। देश में 200 बड़ी कंपनियां हैं। इस देश में दलित, पिछड़े, आदिवासी 24 घंटे प्रताड़ित हो रहे हैं। यह सच्चाई है देश की। 73 प्रतिशत आबादी के हिंदुस्तान की सबसे बड़ी कंपनी कोई नहीं है। मनरेगा की लिस्ट निकालो उसमें ओबीसी, एससी और आदिवासी दिखेंगे। उन्होंने पोस्टर लिए युवाओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप पेपर लीक वाले हो ना। मैं आपको इसके लीक होने कारण बताता हूं। आपके यहां छोटे-छोटे बच्चों को कहा जाता है कि तुम अगर पढ़ाई करोगे तो तुझे आइएएस, आइपीएस, रेलवे में इधर-उधर नौकरी मिल जाएगी। बेटा तुम पढ़ लो। उसके बाप की जेब से पांच-छह लाख रुपये निकल जाएंगे।

आतीक अहमद के मददगार पर योगी का कसेगा शिकंजा

संवाददाता,प्रयागराज

- 50 करोड़ की सात बीघे जमीन का है मामला

अमृत विचार: माफिया अतीक भले ही अब इस दुनिया में नही है लेकिन उसके कारनामो के किस्से अभी भी चर्चा में है। पुरामुफ़्ती के सल्लाहपुर में पचास करोड़ से अधिक की सम्पत्ति के मामले में अतीक की मदद करने वाले गुर्गो के खिलाफ योगी सरकार बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

मालूम हो कि प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर गांव बने रहने वाले माफिया अतीक अहमद के खास करीबी शेख अब्दुल समद और शेख करीम बख्श ने वक्फ बोर्ड की करोड़ों की बेशकीमती जमीन को लीज पर दिलाने का काम किया था। मुतवल्ली मोहम्मद असियम के खिलाफ पहले से ही मुकदमा दर्ज है। जिसके बाद से वह फरार चल रहा है। मुतवल्ली आशियम ने माफिया अतीक अहमद के दबाव में तकरीबन पचास करोड़ रुपए कीमत की सात बीघा जमीन उसके परिवार वालों को अवैध तरीके से लीज पर दिया था।

इस जमीन पर आलीशान मकान और कई दुकानें भी बनाई गई थी। अतीक और अशरफ की हत्या के इसका खुलासा हुआ और माबूद अहमद ने शिकायत की। पुलिस ने पुरामुफ्ती थाने में माफिया अतीक के भाई अशरफ की पत्नी ज़ैनब फातिमा, दो साले ज़ैद व सद्दाम, मुतवल्ली मोहम्मद असियम, उसकी पत्नी ग्राम व ग्राम प्रधान रहे सिबली और उसके करीबी तारिक के खिलाफ बीते वर्ष नवंबर माह में नामजद मुकदमा दर्ज किया इस।

इन सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 और 506 की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस सम्पत्ति पर अवैध तरीके से बनाये निर्माण के ध्वस्तीकरण के लिए पीडीए कई एक नोटिस जारी किया था। जिसके बाद अब इस पर योगी बाबा का बुलडोजर चलेगा।

पूर्व डीआईजी पर किशोर से कुकर्म का आरोप

संवाददाता, सुलतानपुर

- पूर्व डीआईजी पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार, जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार। जिले में एक सनसनीखेज व शर्मनाक मामला सामने आया है। जिले के ही एक पूर्व डीआईजी पर किशोर से कुकर्म का आरोप लगा है। किशोर के मां की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व डीआईजी पर केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के एक महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि रिटायर्ड डीआईजी के मकान में किराए पर बेटे के साथ रहती है। आरोप है कि मकान मालिक पूर्व डीआइजी डरा धमकाकर उनके बेटे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करते थे। बुधवार की दोपहर जबरदस्ती उनके बेटे को पकड़कर ले जा रहे थे तो भागकर बेटा उनके पास आया। पूर्व की सारी घटनाओं के बारे में जानकारी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व डीआइजी पर लैंगिक अपराध साहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने मामले की जांच पड़ताल चल रही है।

बिना चालक के चला डंपर, डिवाडर पर चढ़ा

संवाददाता,नैनी

- डम्पर चलता देख लोगों में हड़कंप मच गया
- डिवाडर पर चढ़ने के बाद स्वयं रूक गया

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र स्थित नए यमुना पुल के समीप बिना चालक चल रही डंपर देख हड़कंप मच गया। लेकिन इसको देखकर ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को रोक कर हादसा होने से बचा लिया। डंपर डिवाइडर पर चढ़कर रुक गई। कहा जाता है कि चालक चलती गाड़ी से उतरकर भाग गया। नए पुल के पास मंगलवार को अफरा तफरी का माहौल हो गया।

हुआ यह कि एक डंपर बिना चालक चलते हुए लोगों ने देखा। बताया जाता है कि चालक चलती हुई गाड़ी को मार्ग पर छोड़कर भाग गया, हालांकि ड्राइवर कौन था और वह चलती हुई गाड़ी छोड़कर क्यों भागा किसी ने नहीं देखा। ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी को देख लोगों को रोक लिया और डंपर डिवाइडर पर चढ़ने के बाद रुक गई। बताते हैं कि गाड़ी के दोनों तरफ नंबर प्लेट नहीं था। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर जांच कर रही है।

डिवाइडर तोड़कर घुसा डंपर। अमृत विचार

यूपी बोर्ड परीक्षा कल से, 8265 केंद्रों में होगी

संवाददाता,प्रयागराज

- परीक्षा केंद्रो में बने स्ट्रांग रूम से होगी छात्रों पर निगरानी

अमृत विचार: 22 फ़रवरी से शुरु होने वाली यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। यह परीक्षा नौ मशरच तक चलेंगी।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं प्रदेश के 8265 केंद्रों पर आयोजित होंगी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केंद्रो को निर्धारित कर दिया है। 22 फ़रवरी से शुरु होने जा रही यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं की परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ी व्यवस्था की है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश ने 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा को कराने के लिए सारे इंतजाम कर दिये है। 22 फ़रवरी से शुरु हो रही दो पाली की परीक्षा को नकलविहीन करान के लिए परीक्षा केंद्र पर कड़ी व्यवस्था की गयी है। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकान्त शुक्ला ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 566 राजकीय विद्यालय 3479 सवित्त और 4220 वित्त विहीन विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। जिसमें हाईस्कूल की परीक्षा में 1571184 छात्र और 1376127 छात्राओं को मिलाकर 29 लाख 47 हजार 311 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके साथ ही इंटरमीडिएट की परीक्षा में 1428323 छात्र और 1149674 छात्राओं को मिलाकर 25 लाख 77 हजार 997 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया इस प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर कंट्रोल रूम बनाये गये है। परीक्षा देने वाले छात्र छात्राओ पर कक्ष के अंदर निगरानी की जायेगी। गड़बड़ी पाए जाने पर केंद्र व्यवस्थापक व प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

क्यू आर कोड से बनी है परीक्षा पुस्तिका

बोर्ड परीक्षा में इस बार परीक्षा पुस्तिका में क्यू आर कोड लगाया गया है। साथ ही अनुक्रमांक दर्ज रहेगा। दिव्यकान्त शुक्ला ने बताया इस कापिया बाहर ना जाने पाए साथ पुस्तिका के साथ किसी प्रकार का कोई खिलवाड़ न हो इसके लिए कापियों पर क्यू आर कोड लगाया गया है।

सीसीटीवी कैमरे से लाइव मानिटरिंग का निर्देश

प्रयागराज। यूपी बोर्ड की 22 फरवरी से शुरु रही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा से पहले परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर 24 घंटेलाइव मानिटरिंग करने के निर्देश दिया गया हैं। नकल विहीन बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और गोपनीयता के देखते हुए प्रश्नपत्रों के स्ट्रॉगरूम की ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जाएगी। इसके लिए इस साल पहली बार सभी पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों एवं मुख्यालय में अलग से एक-एक कमांड व कंट्रोल रूम भी स्थापित किये गये है।

66 लाख परिवारों के आए 780 करोड़

लखनऊ: मनरेगा श्रमिकों के लिए अच्छी खबर है। तीन माह से चला रहा बकाया इस सप्ताह उनके खातों में पहुंचेगा। केंद्र ने मजदूरी के 780 करोड़ रुपये भेजे हैं। इससे बकायेदारी दूर होगी। दिवाली बाद से करीब 78 लाख श्रमिक मजदूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

मनरेगा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट का अभाव रहा। श्रमिकों का बजट सात चरणों में दिया गया। इससे बकायेदारी बढ़ती गई। दिवाली बाद कुछ बजट केंद्र से मिला लेकिन, पूर्ति नहीं कर सका। इसके बाद से बजट नहीं मिला और श्रमिकों की उधारी बढ़ती गई। कई जगह तो बिना मजदूरी के काम बंद हो गए। इससे करीब 66 लाख परिवार को श्रम राशि नहीं मिली।

झांसी, कानपुर, इटावा के क्षेत्रीय प्रबंधकों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आजमगढ़, झांसी, कानपुर और इटावा क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधकों को न्यून प्रतिफल देने पर परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने कड़ी फटकार लगाई। साथ ही चेतावनी के साथ सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये। परिवहन निगम मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित हुई समीक्षा बैठक में कई अन्य क्षेत्रों के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को भी पतिफल सुधारने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन राम सिंह वर्मा, प्रधान प्रबंधक संचालन वन मनोज पुन्डीर, संचालल -2 मनोज कुमार , मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक राजीव आनन्द, प्रधान प्रबंधक एसएल शर्मा और प्रधान प्रबंधक अजीत सिंह के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट ,प्रयागराज, कानपुर, इटावा, गोरखपुर एवं आजमगढ़ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधकों,सेवा प्रबंधकों एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों की समीक्षा हुई। लखनऊ,अयोध्या,चित्रकूट एवं प्रयागराज क्षेत्र के संतोषजनक प्रतिफल प्राप्त हुए। उन्नाव,फज लगंज,विकासनगर,बेवर,फरुखा बाद, आलमबाग, अवध,बाराबंकी, अकबरपुर,अमेठी, बादशाहपुर, दोहरीघाट आदि को चेताया है।

मैं शिकायत कर रहा हूं और सुनवाई नहीं है

रायबरेली। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अनवरत चल रहे स्वराज इंडिया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र यादव मंगलवार को जिले में पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के दौरान विकास भवन में धरने पर बैठे किसान इंद्रेश सिंह से मिलने पहुंचे। विकास भवन में धरने पर बैठे इंद्रेष सिंह ने बताया कि मेरी जमीन दंबग लोगों से कब्जा कर रखा और मैं पिछले डेढ़ महीने से धरना दे रहा हूं, लेकिन मेरी बात प्रशासन नहीं मान रहा है। विकास भवन के बाद योगेंद्र यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ में पहुंचकर डिग्री कॉलेज चौराहे पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कहा कि वर्तमान समय में जनता बेरोजगारी और मंहगाई से परेशान है।

आस्था का केंद्र | मंदिर निर्माण समिति की बैठक निर्माण कार्यों को पूरा करने की समय सीमा तय

साल के अंत तक बनकर तैयार हो जायेगा राम मंदिर

कार्यालय संवाददाता,अयोध्या

- मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अमृत विचार : राम मंदिर दिसंबर-2024 तक पूरा बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर और परकोटे के निर्माण संबंधित समस्त कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। परकोटे के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने में अभी चार दिन और लगेंगे। प्रथम तल पर लगे खम्भों में भी मूर्तियों को उकेरे जाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। वहीं यात्री सुविधा केंद्र और परिसर में फैले सड़कों के जाल को भी जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में मंगलवार को पहले दिन निर्माण कार्यों में गति देने पर मंथन किया गया। समीक्षा बैठक में राम मंदिर के सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक से पहले मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दर्शन के लिए कई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

बैठक में अलग-अलग कार्यों को क्रम के अनुसार आगे बढ़ाने और समय से पूरा करने के लिए समय सीमा तय की गई है। डॉ. मिश्र ने बताया कि बैठक में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय समेत कार्यदाई संस्था के इंजीनियर भी मौजूद रहे।

दर्शन मार्ग पर सात एलइडी लगाने का काम शुरू कर दिया गया

■ मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही राम जन्मभूमि परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को भी बढ़ाये जाने का कार्य शुरू कर दिया गया। राम जन्मभूमि मंदिर तक जाने के लिए सुग्रीव क्लासिक मंदिर तक जूट के कारपेट बिछाये जा रहे हैं। जगह-जगह पर पानी की समुचित व्यवस्था भी की जा रही है। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 121 स्थानों पर पानी की टोटियां लगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि राम जन्मभूमि दर्शन मार्ग पर भक्तों के लिए सुविधाएं बढ़ाने पर चर्चा हुई है।

सात स्थानों पर लगाए जाएंगे एलईडी स्क्रीन

राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालु को जन्मभूमि पथ से ही रामलला को भी देख सकेंगे। इसके लिए ट्रस्ट की ओर से जन्मभूमि पथ पर सुग्रीव किला से लेकर सुरक्षा प्वॉइंट तक और यात्री सुविधा केंद्र में एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की बैठक में इसको लेकर मंथन किया गया। जल्दी ही सात स्थान पर एलईडी स्क्रीन लगाने का कार्य समय से पूरा कर लिया जाएगा।

बिना नोटरी अमान्य होंगे समझौते

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 100 रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराइज्ड होना अनिवार्य
- प्रोमोटर और आवंटी के साथ एक-एक गवाह भी करेंगे हस्ताक्षर

अमृत विचार : यूपी रेरा में बिना नोटरी शपथ-पत्र के समझौते अमान्य होंगे। यदि प्रोमोटर तथा आवंटी द्वारा आपसी समझौते के माध्यम से विवाद के समाधान का प्रस्ताव समझौता 100 रुपये के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर लिखा जाएगा। समझौता नोटराइज्ड होगा और इस पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर होंगे। दोनों पक्षों की ओर से एक-एक गवाह के हस्ताक्षर होंगे। प्रोमोटर की ओर से उनके किसी डायरेक्टर या किसी अधिकृत वरिष्ठ अधिकारी जैसे कि एमडी या सीईओ द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। प्रोमोटर द्वारा प्रस्तुत समझौते को रेरा के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और शिकायतकर्ता को ई-मेल भेजकर उनसे समझौते की पुष्टि करायी जाएगी। पुष्टि होने पर या निर्धारित अवधि में कोई उत्तर न मिलने पर समझौते को स्वीकार करते हुए आगे की कार्यवाही की जाएगी। यूपी रेरा में आवंटियों द्वारा दायर शिकायतों की सुनवाई या आदेश के कार्यान्वयन की कार्यवाही के दौरान पक्षकारों द्वारा आपसी समझौता दाखिल करके मामले के निस्तारण का अनुरोध किया जाता है। बहुत से मामलों में समझौता प्रक्रिया के अनुसार नहीं होता और बाद में कुछ पक्षकार समझौते से इनकार कर देते हैं। यूपी रेरा ने शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावकारी बनाने के उद्देश्य से पक्षकारों के मध्य समझौते का तरीका तय कर दिया है। इस सम्बन्ध में आदेश भी जारी कर दिया है। अध्यक्ष भूसरेड्डी ने बताया कि शपथ-पत्र से पोषित तथा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार निष्पादित समझौते दोनों ही पक्षकारों के हित में हैं। भविष्य में यूपी रेरा में या किसी अन्य फोरम पर उनके द्वारा समझौते से इनकार नहीं किया।



एक नजर

रसिका शेखर के गीतों पर थिरक उठा लखनऊ

अमृत विचार, लखनऊ : तीन ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिक्की केज की भक्तिमय बैंड प्रस्तुति और रसिका शेखर के बांसुरी वादन का दर्शकों ने जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन आनंद उठाया। मुंबई से आए रिक्की केज व उनकी टीम ने गीतों के जरिए गंगा व शिव की आराधना की तो रसिका शेखर के गीतों व बांसुरी की धुन पर लखनऊ थिरक उठा। वहीं शहर में बनाए गए अनेक मंचों पर मयूर, फरुवाही, अवधी, राई, बमरसिया आदि लोकनृत्य का भी लोगों ने दीदार किया। रिक्की केज व उनकी टीम ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मेन हैंगर में उप्र संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। देवी सुरेश्वरि भगवती गंगे भजन पर सबसे पहले गंगा नदी की महिमा का वर्णन किया गया। इसके बाद पधारो म्हारे देश सुनाया। बम लहरी- ऊं नम: शिवाय से शिव जी के चरणों में श्रद्धा निवेदित की गई।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर इप्सेफ का सत्याग्रह आंदोलन 6 मार्च से

अमृत विचार, लखनऊ : पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) 6 मार्च से सत्याग्रह आंदोलन करेगा। यह निर्णय मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। वीपी मिश्रा ने बताया कि सत्याग्रह के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन की बहाली, 8वें वेतन आयोग का गठन, पिछले वेतन आयोग का दो वर्ष पहले गठन हुआ था, आउटसोर्सिंग, संविदा कर्मचारी की सेवा सुरक्षा के लिए नीति बनाकर उन्हें नियमित करने की कार्रवाई की जाए और उन्हें न्यूनतम वेतन दिए जाने को शामिल किया जाए। बैठक में महासचिव प्रेमचंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला ,ओपी शर्मा, ईश्वर सिंह और आरके भदोरिया उपस्थित रहे।

बरेली में सर्वाधिक 1002 करोड़ का डेयरी में निवेश

जीबीएस में पशुधन की 532 परियोजनाएं शुरू, मंत्री बोले, परियोजनाओं से 1,23,167 लोगों को प्राप्त होगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि राजधानी में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत पशुधन विभाग में 2131.65 करोड़ रुपये की 532 निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इसमें डेयरी क्षेत्र में 10021.66 करोड़ लागत की 253 परियोजनाएं शुरू हुई हैं। डेयरी क्षेत्र में सर्वाधिक 1002 करोड़ रुपये का निवेश बरेली में हुआ है। जबकि अयोध्या मण्डल में सर्वाधिक 111 परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। मंत्री ने दावा किया कि इन परियोजनाओं से एक लाख 23 हजार 167 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अंतर्गत पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के निवेश परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री धर्मपाल ने बताया कि सेरेमनी में 1250 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के अधारशिला का लक्ष्य था, जिसके सापेक्ष 180 प्रतिशत अधिक सफलता प्राप्त हुई है। क्षेत्रवार इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत जेबीसी में पूर्वांचल में 229, मध्यांचल में 145, पश्चिमांचल में 114 तथा बुंदेलखंड में 44 निवेशकों द्वारा विशेष रुचि दिखाई गई है। बागपत में 800 करोड़ का निवेश उल्लेखनीय उपलब्धि है। इनके अलावा बाराबंकी में 600 करोड़ रुपये, हापुड़ में 502 करोड़ रुपये, मेरठ में 450 करोड़ रुपये, बुलंदशहर में 422.70 करोड़, कानपुर देहात में 410 करोड़ तथा शाहजहांपुर में 300 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा।

इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे, विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, विशेष सचिव अमर नाथ उपाध्याय सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव में पुस्तक का विमोचन करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री नंद गोपाल नंदी, राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा व अन्य। फोटो : अमृत विचार

फन यू टॉयज 20 हजार युवाओं को देगी रोजगार

बड़े प्रोजेक्ट्स के माध्यम से मिलने वाले रोजगार की बात करें तो इसमें कई प्रमुख संस्थान शामिल हैं। जैसे टोरेंट पावर लिमिटेड सोनभद्र में 22800 करोड़ का निवेश करेगी। इससे प्रदेश के 4800 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी तरह एम3एम इंडिया प्राइवेट लि. गौतमबुद्धनगर में 7500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 14 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं एयर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लि. गौतमबुद्धनगर में 4 हजार करोड़ का निवेश करेगी। इससे पांच हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा फन यू टॉयज गौतमबुद्धनगर में 1052 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे बीस हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

10 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं लेंगी आकार

योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 में जिन 14 हजार परियोजनाओं की शुरुआत की है। इनमें सबसे अधिक 52 प्रतिशत परियोजनाएं पश्चिमांचल, 29 प्रतिशत पूर्वांचल, 14 प्रतिशत मध्यांचल और 5 प्रतिशत बुंदेलखंड में धरातल पर उतरेंगी। जाहिर है इन क्षेत्रों में होने जा रहे इन निवेश के जरिए बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने जा रहा है। जो निवेश हो रहा है उसमें 10 हजार करोड़ से अधिक की 23 प्रतिशत परियोजनाएं हैं। वहीं 5 हजार से 10 हजार करोड़ की 12 प्रतिशत, एक हजार करोड़ से 5 हजार करोड़ की 20 प्रतिशत, 500 करोड़ से एक हजार करोड़ की 10 प्रतिशत, 100 करोड़ से 500 करोड़ की 20 प्रतिशत, 20 करोड़ से 100 करोड़ की 10 प्रतिशत और 20 करोड़ से कम की 5 प्रतिशत परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं में 21 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, 13 प्रतिशत रिन्यूवल एनर्जी सेक्टर, आईटी एंड इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर की 9 प्रतिशत, पॉवर सेक्टर की 8 प्रतिशत, फूड प्रोसेसिंग और रियल स्टेट सेक्टर की 6 प्रतिशत, एमएसएमई सेक्टर की 5 प्रतिशत और हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेंमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट और एजुकेशन सेक्टर की 3-3 प्रतिशत की भागीदारी है। इसके अलावा हेल्थकेयर, वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज, डिस्टलरी, डेयरी, कॉपरेटिव, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, फार्मा एंड मेडिकल डिवाइस और एनीमल हस्ब्रैंडी सेक्टर का भी अहम रोल है। इन सभी सेक्टर्स में लोगों की डिमांड बढ़ेगी, जबकि यूपी के वो युवा जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं, उनके लिए भी वापसी संभव हो सकेगी।

ये कंपनियां भी देंगी बड़े पैमाने पर रोजगार

- एडवर्ब टेक्नॉलीज- गौतमबुद्ध नगर में 500 करोड़ निवेश, रोजगार 2000
- ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र में 17181 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे 300 युवाओं को रोजगार मिलेगा।
- आईकेईए ग्रुप- गौतमबुद्ध नगर में 4300 करोड़ का निवेश, रोजगार 500
- लोढ़ा ग्रुप- अयोध्या में 3000 करोड़ का निवेश, रोजगार 100
- शराफ ग्रुप- मुरादाबाद में 1250 करोड़ का निवेश, रोजगार 1250
- अशोक लीलैंड- लखनऊ में 1000 करोड़ का निवेश, रोजगार 500
- जेएसडब्ल्यू एनर्जी- सोनभद्र में 8000 करोड़ का निवेश, रोजगार 840
- टाटा टेक्नॉलाजी- लखनऊ में 4200 करोड़ का निवेश, रोजगार 450
- वरुण वेबरेज- प्रयागराज, अमेठी, गोरखपुर और चित्रकूट में 3500 करोड़ का निवेश, 1500 रोजगार

राजधानी को बनाएंगे एआई सिटी का प्रमुख केंद्र : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी को एआई सिटी का प्रमुख केंद्र बनाने पर सरकार काम कर रही है। यह केंद्र एयरपोर्ट के पास खुलेगा। इसमें आईआईएम लखनऊ के युवा भागीदार बनेंगे। जबकि गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में भी एआई केंद्र खुलेगा। इसके जरिये प्रदेश के लाखों नौजवानों को उनके घर और जनपद में नौकरी मिलेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आईजीपी में आयोजित डेस्टिनेशन यूपी-इमर्जिंग हब फॉर एआई इन इंडिया कॉन्क्लेव में कहीं।

जीबीसी-4 में भारी संख्या में आए आईआईएम के छात्र-छात्राओं से मुख्यमंत्री ने लखनऊ में एयरपोर्ट के पास एआई सिटी और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा को एआई केंद्र स्थापित करने और गौतमबुद्धनगर में भी केंद्र स्थापित करने की दिशा में भरपूर सहयोग देने की अपेक्षा की। कहा कि प्रदेश डाटा सेंटर का हब बनने जा रहा है। यहां पर तीन डाटा सेंटर स्थापित हो चुके हैं जबकि आठ नए डाटा सेंटर बन रहे हैं। जीबीसी 4.0 में 10 लाख 24 हजार करोड़ की परियोजनाओं से 35 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी मिलेगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कॉन्क्लेव में आईलेट्स की मदद से डेस्टिनेशन यूपी अपॉर्च्युनिटीज एआई बुक की लॉन्चिंग की। इस दौरान योगी की मौजूदगी में तीन एमओयू का आदान प्रदान किया गया। इसमें माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के अभिषेक बोस, एचसीएल साफ्टवेयर के ध्रुव कोहली ने एआई सेंटर स्थापित करने और वाधवानी एआई के शेखर ने सरकार से एमओयू का आदान प्रदान किया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र कुमार उपाध्याय, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, डेनियल नाइफ हेड ऑफ इनोवेशन एंड इंटरप्रोन्योरशिप ईटीएच एआई जुरीक आदि मौजूद रहे।

पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का सबसे सुंदर मॉडल यूपी में

योगी ने कहा कि आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस का प्रयोग करके कितना बड़ा कार्य हो सकता है, इसे प्रदेशवासियों ने पिछले 7 वर्षों में देखा है। इसके जरिये सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रदेश में 2016-17 तक लोग भूख से मर रहे थे। आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का सबसे सुंदर मॉडल खड़ा हो चुका है। ई पॉस मशीन के जरिये एक जगह एक स्क्रीन से हर लाभार्थी को उसके अनुसार खाद्यान्न मिलने की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

प्रदेश में प्रत्येक निवेश पूरी तरह से सुरक्षित

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले प्रदेश में कोई निवेश नहीं करता था जबकि आज उत्तर प्रदेश देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के केंद्र के रूप में उभरा है। सीएम योगी ने विभिन्न इंडस्ट्री से आए मेहमानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश में एक-एक निवेश पूरी तरह से सुरक्षित होगा। सरकार हर तरह की अपनी प्रतिबद्धताओं को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाएगी।

सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी सबसे बेहतर : अनिल राजभर

जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी कान्क्लेव का हुआ आयोजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी कान्क्लेव में कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करने की अपील की गई। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है।

अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद, मुख्यमंत्री के संकल्प और अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयास से प्रदेश के विकास की नई गाथा लिख दी गई है। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि हम इस तरह के इवेंट करेंगे। लोग कहते थे कि निवेश का प्रस्ताव मिलना और उसका धरातल पर उतारना दोनों अलग-अलग बात है। मगर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर गया है। उन्होंने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है। यूपी में 8.39 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं। सीएसआर फंड को खर्च करने के लिए बहुत बड़ी संभावना यूपी में है।

सीसीआर पोर्टल की शुरूआत, सीसीआर प्रमुखों का सम्मान : इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर और राज्यमंत्री असीम अरुण ने सीएसआर पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इसके अलावा सीएसआर के मैनुअल 'समुदाय' का विमोचन किया गया। वहीं प्रदेश में सीएसआर फंड से बड़े स्तर पर सामाजिक कार्य कर रही कंपनियों वेदांता समूह, एचसीएल, एनसीएल, रिलायंस फाउंडेशन, शिव नादर फाउंडेशन, आईटीसी लिमिटेड और एनटीपीसी के सीएसआर प्रमुखों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही प्रदेश ने सीसीआर को लेकर भौमिक से एमओयू भी किया।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सीएसआर कॉन्क्लेव में पुस्तक का विमोचन करते मंत्री असीम अरुण, मंत्री अनिल राजभर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व अन्य। अमृत विचार

- सरकार के मंत्रियों व अधिकारियों ने की सीएसआर फंड के रचनात्मक उपयोग की अपील

सीएसआर डबल इंजन सरकार में गार्ड के डिब्बे की तरह: अरुण

समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा सीएसआर डबल इंजन सरकार में गार्ड के डिब्बे की तरह है, जो ये सुनिश्चित करता है कि कोई डिब्बा पीछे ना छूट जाए। समाज का कोई तबका विकास से वंचित न रहे, यही सीएसआर के मूल में है। वस्तुत: ये समाज के लिए अच्छी दिशा दिखाने वाला प्रयास है। असीम अरुण ने विभिन्न कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड से किये गये कार्यों की चर्चा करते हुए उन्हें अन्य कंपनियों के लिए मॉडल बताया।

प्रदेश में होगा सीएसआर समिट का आयोजन: दुर्गा शंकर

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि देश में ही नहीं विश्व कोई ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा, जहां एक साथ 14 हजार 619 उद्योग एक दिन में धरातल पर उतरे हों। प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मुख्यमंत्री की मेहनत से आश्चर्यचकित करने वाला परिणाम हासिल हुआ है। कहा कि सीएसआर के मूल में हमारी सनातन संस्कृति के विचार हैं, जो सामूहिकता पर बल देते हैं। कोरोना काल में हमने देश की सामूहिक शक्ति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखा है। उन्होंने बताया कि 2015 से 2023 के बीच में प्रदेश में दो लाख करोड़ का सीएसआर फंड प्राप्त हुआ है। कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का रचनात्मक कार्यों में उपयोग करने की अपील की। साथ ही यह भी बताया कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश सीएसआर समिट का आयोजन करेगी, जिसमें कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों की भागीदारी होगी। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि सीएसआर कंपनियों की ओर से दान नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है।

वर्ग पहेली-349

बाएं से दाएं

1.1. बैठने की एक प्रकार की चार पाए वाली लंबी चौकी 2. संसद भवन में दल विशेष के सदस्यों के बैठने का स्थान 3. पत्थर आदि का बना हुआ पाश्चात्य ढंग का आसन 4. सरकारी न्यायालय के न्यायकर्ता।

3.1. कोई चीज़ तोड़ने में किसी को प्रवृत्त करना, तुड़ाना 2. बड़े सिक्के को उतने ही मूल्य के छोटे-छोटे सिक्कों में बदलवाना।

5.1. चांद्रमास के कृष्ण या शुक्ल पक्ष की छठवीं तिथि 2. बच्चे के जन्म के छठे दिन होने वाला उत्सव या ऊबना

6. वह स्थान जहां अपराधियों को सजा की अवधि समाप्त होने तक रखा जाता है, बंदीगृह, जेलख़ाना, कारागार।

7.1. पत्थर तराशने की छेनी, नक्काशी करने वालों का एक औज़ार 2. छोटा टकुआ।

8.1. वनौषधि, बूटी 2. वह औषधि जिसकी जड़ दवा के काम लाई जाए।

ऊपर से नीचे

2.1. 'घड़-घड़' आवाज़ होने का भाव 2. गाड़ी चलने का स्वर।

4.1. पुराने समय में प्रचलित एक प्रकार का बाण जो बांस की नली में रखकर चलाया जाता था, तुफंग 2. भाला 3. कमल-दल, कमल-नाल 4. कमंडल।

5. छली, कपटी, छल करने वाला।



वर्ग पहेली - 348 का हल

1 पा	प	ना	2 श	क	
प			व		3 नो
शो		4 ओ	दा	र	ना
ध			ह		
न			गृ		5 ती
		6 स	ह	चा	र
7 के	था				थ

सुडोकू -66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5			9			7		
		8						9
	7		4		2		6	
	9				8		4	
		2	7			8		
	8		5				3	
	1			3	5		7	
7						1		5
		6			4			3

सुडोकू - 65 का हल

1	5	4	9	7	6	8	3	2
3	7	6	8	2	4	1	5	9
9	8	2	5	1	3	7	6	4
6	4	7	1	9	5	3	2	8
5	2	3	4	8	7	9	1	6
8	9	1	6	3	2	5	4	7
7	6	8	2	5	1	4	9	3
4	3	5	7	6	9	2	8	1
2	1	9	3	4	8	6	7	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 11.27 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 14.18 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज किसी परिजन को लेकर परेशानी हो सकती है। खान-पान में सावधानी रखनी चाहिए। अपने विचारों को लेकर किसी पर दबाव न बनायें। अधूरे काम समय पर पूरे होने के योग बन रहे हैं। कारोबार को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं।

वृष — आज अपने विचारों और सिद्धांतों से लोगों को काफी प्रभावित करेंगे। डिजिटल मार्केटिंग के करियर से जुड़े लोगों को अच्छे प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। नई संपत्ति खरीद रहे हैं तो आपको बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है।

मिथुन — आज वरिष्ठ अधिकारी आपके अनुकूल नहीं है। कोर्ट-कचहरी के विवाद बढ़ सकते हैं। आप महंगे आभूषणों के शौकीन हो सकते हैं। आपकी जीवनशैली में धीरे-धीरे बदलाव होगा। परिजनों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

कर्क — आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यापार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। बड़ी परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

सिंह — आज आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने से आपको परेशानी होगी। मन में अज्ञात भय का भाव रहेगा। दूसरों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। लवमेट्स को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। नए अनुबंध करने के लिए दिन अच्छा नहीं है।

कन्या — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह लेने से आपको लाभ मिलेगा। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। जॉब के बढ़ियां प्रपोजल आपको मिल सकते है। पारिवारिक रिश्तों में अच्छा सामंजस्य रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला — आज रुके हुए काम आपके बनने के योग बन रहे हैं। दोस्त आपकी काफी मदद करेंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा चल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। अपनी व्यक्तिगत बातों को सार्वजनिक न होने दें।

वृश्चिक — आज किसी पुराने लोन की किश्त भरने में धन खर्च कर सकते हैं। अधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। विदेश यात्रा को लेकर दिन काफी अच्छा है। विद्यार्थी पढ़ाई में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी भी काम को जल्दबाजी में न करें।

धनु — आज यात्राओं में समय और धन बर्बाद होगा। आप लोगों की मदद करेंगे आपको उसके लिए सम्मान नहीं मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। आपका मूड अचानक से बदल सकता है। इसलिए आज बड़े निर्णय लेना उचित नहीं है।

मकर — आज सरकारी विभाग में कार्यरत लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होसकती है।

कुंभ — आज व्यापार में ग्राहक बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण कर सकते हैं। परिवार के लिए आप समय निकालेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता बढ़ेगी।

मीन — आज पूजा-पाठ और धार्मिक विषयों की तरफ आप काफी आकर्षित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कुछ अनबन हो सकती है। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। मन में प्रसन्नता का अनुभव होगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- भीष्मा — सुबह : 10.00
- दानवीर — रात : 07.00

SONY PIX
- ब्राइटबर्न — सुबह : 11.24
- रैमपेज — रात : 08.45

SONY SMAX
- पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 10.57
- सत्यमेव जयते 2 — रात : 10.01

ZEE CINEMA
- बुलंदी — सुबह : 10.30
- आचार्य — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- द बॉडी — दोपहर : 01.51
- तनु वेड्स मनु — रात : 09.33

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीवों का नाम बताओ ?
सोनू -मेंढक
टीचर-वाह, बाकी चार भी बताओ
सोनू - उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और उसका भाई।

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो।
लड़की-कुछ नहीं है बाबा, माफ करो
भिखारी- कुछ नहीं तो अपना मोबाइल नंबर ही दे दो,
बाबा दुआ भी करेगा और मैसेज भी।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)–	
गेहूंदड़ा	2525–2550
आरआर 21	2700–2750
गेहूंफ़ारम	2800–2850
जौ	2000 –2100
ज्वार	2600 –4000
बाजरा	2125–2175
मकाई	2000 –2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200 –5400
अरहर	7500 –8000
मसूर	5500 –5600
मटर	4400 –4500
उड़दहरा	10000 –10200
उड़दकाला	6000 –8000
मूंग	8500 –8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14600–14800
अरहरस्पेशल1	12100–12300
चनादाल	7050–7150
मटरदाल	5050–5150
मसूरमलका	6950–7000
मसूरदाल	6950–7000
उड़ददाल	9000– 12000
उड़द धोवा	10500– 13000
मूँगदाल	8800 –10300
मूँग धोवा	9800–11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 – 2300
बासमती नं.1	8500 – 10000
सेला	2500 – 3000
बासमती नं.2	6500 – 7500
आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490–1550
मैदा	1475–1520
सूजी	1500–1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430–1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5000–5050
अलसी	4500 –4600 रुपये।

निजी पूंजीगत व्यय से वृद्धि को मिलेगी गति

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुलेटिन जारी करके अगले चरण के लिए जताई उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई वृद्धि की रफ्तार को बरकरार रखा है और कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर से वृद्धि के अगले चरण को गति मिलने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में मंगलवार को यह बात कही गई।

बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया- हाल के महीनों में यह धारणा मजबूत हुई है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में उम्मीद से अधिक मजबूत वृद्धि हासिल करेगी और जोखिमों को व्यापक रूप से संतुलित किया गया है। लेख के मुताबिक, उच्च आवृत्ति संकेतकों के आधार पर

कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई गति को बरकरार रखा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया-कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर की उम्मीद से वृद्धि के अगले चरण को बढ़ावा मिलने की संभावना है। जिन परियोजनाओं के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने ऋण स्वीकृत किए हैं, उनकी कुल लागत अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान 2.4 लाख करोड़ रुपये थी। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर इस साल अब तक निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के निवेश इरादे सकारात्मक रहे हैं।

लेख में कहा गया कि केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। लेख में कहा गया कि स्थिर और चार प्रतिशत की मुद्रास्फीति जीडीपी वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए आधार तैयार करती है।

आरबीआई ने भारत के ऋण-जीडीपी अनुपात पर आईएमएफ के तर्क को खारिज किया

आरबीआई के एक लेख में देश के सामान्य सरकारी ऋण के बारे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के तर्क को खारिज किया गया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में इस बात पर जोर दिया गया कि ऋण–जीडीपी अनुपात अनुमान से काफी कम हो सकता है। 'राजकोषीय समेकन के अनुकूल वृद्धि का आकार' शीर्षक वाले लेख में कहा गया है कि अनुभव से मिले निष्कर्षों से पता चलता है कि विवेकपूर्ण राजकोषीय समेकन और वृद्धि के बीच मध्यम अवधि की पूरकता अल्पकालिक लागत से अधिक हैं। लेख के मुताबिक, सामाजिक और भौतिक बुनियादी ढांचे, जलवायु कार्यवाही, डिजिटलीकरण और श्रमबल को कुशल बनाने पर किए जा रहे खर्च का दीर्घकाल में फायदा मिल सकता है।

गन्ना की 3 नई प्रजाति बढ़ाएंगी मिठास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शाहजहांपुर ने एक और लखनऊ संस्थान ने विकसित की दो किस्म
- गन्ने की अन्य प्रजाति से उत्पादन और चीनी परता होगा अधिक

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में गन्ने की नई 3 प्रजाति आच्छादन, गन्ना उत्पादन के साथ चीनी का उत्पादन बढ़ाने में सहायक होंगी।

नवविकसित प्रजाति में शीघ्र होने वाला कोयम्बटूर शाहजहांपुर (को.शा) 18231 शामिल है। इसे गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने शोध और परीक्षण कर विकसित किया है। यह फसल प्रदेश भर में की जाएगी। जबकि भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने अधिसूचित अगेती गन्ना प्रजाति कोयम्बटूर लखनऊ (को.लख) 16202 व 15206 मध्यदेर को विकसित किया है। यह प्रजाति प्रदेश के मध्य एवं पश्चिमी उप्र में की जाएगी। इन प्रजातियों को विकसित करने में आठ से 10 साल लगे हैं।

मंगलवार को तीनों प्रजाति को

आयुक्त गन्ना एवं चीनी पीएन सिंह की अध्यक्षता में हुई बीज गन्ना एवं गन्ना किस्म स्वीकृति उपसमिति की बैठक में स्वीकृति दी गई है। पैदावार के लिए किसानों को शरदकालीन गन्ना बुआई से बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

सभी में चीनी परता ज्यादा, दिया गया प्रस्तुतीकरण: नवविकसित प्रजाति यह उच्च गुणवत्तायुक्त अधिक रोगरोधी हैं। यह अन्य प्रजाति से अधिक मीठा है। बैठक में प्रजातियों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

18231 के शोध व परीक्षण आंकड़ों के अनुसार उपज 90.16 टन/हेक्टेयर पाई गई। जो प्रमाप की तुलना में 11.36 व 27.92 प्रतिशत अधिक है। इसमें 18231 में रस में शर्करा प्रतिशत व पोल प्रतिशत इन केन भी प्रमाप की तुलना में अधिक बताया गया और भी खूबियां बताई गईं। सीसीएस टन/हेक्टेयर की दृष्टि से 11.89 प्रमाप को. 0238 की तुलना में 13.84 प्रतिशत अधिक पाई गई। सभी में चीनी परता ज्यादा है। उपसमिति ने आंकड़ों का विस्तृत तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद सम्पूर्ण प्रदेश के लिए स्वीकृत किया। इसी तरह इसी तरह 16202 (शीघ्र) व 15206 (मध्यदेर) को पश्चिम व मध्य के लिए स्वीकृत किया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति नग)	47,500–47,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,850
सोना जेवरात गिन्नी	62,850
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,100।

ईपीएफओ ने दिसंबर में 15.62 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने मंगलवार को ताजा पेरोल आंकड़े जारी कर बताया कि उनसे दिसंबर 2023 में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय के अनुसार, पिछले महीने की तुलना में दिसंबर 2023 के दौरान सदस्यों की संख्या मं 11.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक निकाय ने दिसंबर में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। यह दिसंबर 2022 की तुलना में 4.62 प्रतिशत की वृद्धि है।

भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा

मुंबई, एजेंसी

- नैसकॉम-बीसीजी ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद

भारत का कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार सालाना 25-35 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और इसके 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि उद्यम प्रौद्योगिकी खर्च में वृद्धि, भारत के बढ़ते एआई प्रतिभा आधार तथा एआई निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि सहित कई कारकों से प्रेरित है। रिपोर्ट का शीर्षक 'एआई पावर्ड टेक सर्विज : ए रोडमैप फॉर फ्यूचर रेडी फर्म्स, एआई एंड जनएआई रोल इन टर्बोचार्जिंग द इंडस्ट्री' है।

बीसीजी के साथ साझेदारी में नैसकॉम रिपोर्ट मंगलवार को यहां नैसकॉम टेक्नोलॉजी एंड लीडरशिप फोरम 2024 के मौके पर जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर एआई में निवेश में 2019 से 24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गई है। 2023 में 83 अरब डॉलर के करीब निवेश हुआ था। अधिकतर निवेश डेटा एनालिटिक्स, जेनएआई और एमएल एल्गोज़ और मंच में किए गए थे।

प्याज निर्यात पर प्रतिबंध 31 मार्च तक जारी रहेगा

नई दिल्ली। प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध पहले से घोषित समय सीमा 31 मार्च तक जारी रहेगा। सरकार की कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने की कोशिश जारी है। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि प्याज निर्यात पर प्रतिबंध नहीं हटाया गया है। यह जारी है। मौजूदा स्थिति में कोई भी बदलाव नहीं है।

सेंसेक्स 349 अंक चढ़ा, निफ्टी का फिर बना नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 349 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी फिर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 349.24 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,057.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ में जबकि 12 नुकसान

में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 74.70 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 22,196.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 22,215.60 अंक तक गया। निजी बैंकों के शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार नुकसान से उबर गया।

राष्ट्रीय

एक नजर

बुजुर्ग की मौत पर उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को मुंबई हवाई अड्डे पर व्हीलचेयर की अनुपलब्धता के कारण एक बुजुर्ग व्यक्ति (80) की मौत के मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस दिया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों का स्वत: संज्ञान लेते हुये यह नोटिस जारी किया।

शिक्षक भर्ती घोटाले में बिचौलिया गिफ्तार

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाले विद्यालयों में 'शिक्षक भर्ती घोटाले' मामले में बिचौलिया होने के संदेह में ट्रैवल एजेंसी के मालिक प्रसन्ना रॉय को 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्र मंगलवार को यह जानकारी दी। शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं में धन के लेन–देन की जांच कर रही ईडी ने यहां स्थित अपने कार्यालय में पूछताछ करने के बाद सोमवार रात रॉय को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अगस्त 2022 में द्वारा जारी उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद रॉय जमानत पर थे।

कांग्रेस देश का कभी विकास नहीं कर सकती

गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया

जयपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया तथा कहा कि वह देश का कभी विकास नहीं कर सकती। शाह ने उदयपुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-कांग्रेस पार्टी परिवारवाद पार्टी है, इतना ही नहीं यह दिशाविहीन पार्टी है।

उन्होंने कहा-भारत का विकास कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। गरीबों का कल्याण कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत को सुरक्षित यह कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत का गौरव कांग्रेस पार्टी नहीं बढ़ा सकती।' शाह ने कहा कि कांग्रेस वाले एफिडेविट देते हैं कि राम का अस्तित्व भी नहीं है। उन्होंने कहा,' कांग्रेस देश का विभाजन करने पर तुली है। उनके नेता उत्तर भारत और दक्षिण भारत दो हिस्सों में बांटने की मांग करते हैं। लेकिन अब किसी की हिम्मत नहीं है कि राजस्थान या देश में दंगे कर सके। हम भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगे, ये भारतीय जनता पार्टी सरकार का वादा है।' भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के मुद्दे को अटकाकर रखा।

शाह ने कहा-हमने वादा किया था कि हम मंदिर बनाएंगे। करोड़ों लोगों के आराध्य भगवान राम एक टेंट में अपमानित होकर, अपना स्थान गंवाकर बैठे थे।...कांग्रेस ने प्रभु श्रीराम के मंदिर के मुद्दे को अटकाकर, लटकाकर व भटकाकर रखा। कहीं पर भी इनकी मंशा नहीं थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दस साल में देश के पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया। गरीबों को घर दिया, गैस सिलेंडर दिया, बिजली दी, प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया, पांच लाख तक की दवा का खर्च आज मोदी सरकार उठा रही है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश को सुरक्षित करने का काम किया है।

इंडी गठबंधन परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा–मोदी जी के नेतृत्व में राजग एक विकास करने वाला एलायंस है जबकि यह घमंडिया, इंडी गठबंधन यह सात परिवारों का परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल है।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासी समुदाय को सम्मान देने का काम किया है और द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाया है। शाह ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की भी अपील की। इससे पहले शाह राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार दोपहर बीकानेर पहुंचे। उन्होंने वहां आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बीकानेर क्लस्टर में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित किया।

एमएसपी पर कानून लाने के लिए 1 दिन का संसद सत्र बुलाए केंद्र सरकार : पंधेर

चंडीगढ़, एजेंसी

- किसान नेता सरवन ने प्रमुख मांगों को स्वीकार करने को भी कहा

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार को फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून लाने के वास्ते एक दिन का संसद सत्र बुलाना चाहिए। उन्होंने केंद्र से कृषि ऋण माफी समेत किसानों की अन्य प्रमुख मांगों को स्वीकार करने को भी कहा।

उनका यह बयान 'दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने वाले किसान नेताओं द्वारा पांच साल के लिए एमएसपी पर दालों, मक्का और कपास की खरीद के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आया है। किसान नेताओं ने कहा है कि केंद्र का प्रस्ताव किसानों के पक्ष में नहीं है। रविवार को किसान नेताओं के साथ चौथे दौर की बातचीत में तीन केंद्रीय

मंत्रियों की समिति ने प्रस्ताव दिया था कि किसानों के साथ समझौता करने के बाद सरकारी एजेंसियां पांच साल तक दालें, मक्का और कपास एमएसपी पर खरीदेंगी।

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। मंगलवार को पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर पत्रकारों से बातचीत में किसान मजदूर मोर्चा का प्रतिनिधित्व करने वाले पंधेर ने कहा-हमारी मांग है कि एमएसपी की गारंटी का कानून लाया जाए। अगर प्रधानमंत्री के पास इच्छाशक्ति होगी तो संसद का एक दिन का सत्र बुलाया जा सकता है। कोई भी विपक्षी दल इसका विरोध नहीं करेगा। उन्होंने कहा-मैं मांग करता हूं कि सभी विपक्षी दल अपना रुख स्पष्ट करें कि अगर केंद्र एमएसपी पर कानून लाता है, तो वे इसके लिए वोट करेंगे। चाहे शिरोमणि अकाली दल हो या कांग्रेस उन्हें अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। टीएमसी और अन्य दलों को भी अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। पंधेर ने कहा कि किसानों की तीन बड़ी मांगें हैं-सभी फसलों के लिए एमएसपी पर कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन आयोग द्वारा अनुशंसित सी2 प्लस 50% फॉर्मूले का कार्यान्वयन और ऋण माफी।

राजस्थान में जेईएन पेपर लीक मामले में पटवारी सहित चार लोग गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस की विशेष शाखा एसओजी ने कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) पेपर लीक मामले में एक पटवारी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी सरकारी कर्मचारी हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एटीएस एवं एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा का आयोजन छह दिसंबर 2020 को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण की जांच में पेपर लीक पाये जाने पर बोर्ड ने परीक्षा रद्द कर दी थी। उन्होंने बताया कि प्रकरण में अनुसंधान के दौरान 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

विधानसभा में हंगामे पर कांग्रेस के 10 सदस्य निलंबित

गांधीनगर, एजेंसी

- गुजरात के सदन में कर रहे थे नारेबाजी, कुल संख्या 15 हो गई

पिछले साल गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में सामने आए एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय के खुलासे और सिंचाई परियोजनाओं के लिए धन की हेराफेरी के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामे और नारेबाजी के बाद मंगलवार को विपक्षी कांग्रेस के 10 सदस्यों को सदन से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

विधानसभा में कांग्रेस के सदस्यों की कुल संख्या 15 है लेकिन हंगामे के वक्त उसके पांच विधायक सदन में नहीं थे। चालू बजट सत्र के प्रश्नकाल के दौरान, कांग्रेस विधायक तुषार चौधरी ने जानना चाहा कि सरकार ने उन लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जिन्होंने छोटा उदयपुर जिले में एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय खोला था और आदिवासी क्षेत्र में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकारी धन की हेराफेरी की थी। जनजातीय विकास मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि उदयपुर जिले में ऐसा कोई कार्यालय नहीं पाया गया और इसलिए कार्रवाई के बारे में कोई सवाल ही नहीं उठता।

मराठों को 10 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित विधेयक महाराष्ट्र में पारित

मुंबई। महाराष्ट्र विधानमंडल ने शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण पर विधानमंडल के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सदन में महाराष्ट्र राज्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा विधेयक 2024 पेश किया। विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र की कुल आबादी में मराठों की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि बड़ी संख्या में जातियां और समूह पहले से ही आरक्षित श्रेणी में हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने संबंधी याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्रालय व दिल्ली सरकार के खिलाफ नोटिस जारी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने की अनुमति देने वाले कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिक पर केंद्र और दिल्ली सरकार से मंगलवार को जवाब तलब किया।

याचिका में कहा गया है कि ऐसे प्रावधान हाथ से मैला उठाने वाले और सुरक्षात्मक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए मैला उठाने वाले लोगों के बीच 'अतार्किक विभेद' पैदा करते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि संबंधित कानून हाथ से मैला उठाने की "अमानवीय" प्रथा

को खत्म करने में विफल रहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिका पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किए। उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया तथा मामले की अगली सुनवाई के लिए चार जुलाई की तारीख तय की। याचिका में ''हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013'' की विभिन्न धाराओं को निरस्त करने की मांग की गयी है, साथ ही इस आमनवीय प्रथा को अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण) और अनुच्छेद 23 का उल्लंघन बताया गया है।

हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में यहां ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। समन की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया गया है।

स्थिति भयावह होने के साथ–साथ पूरी तरह अराजक

कोलकाता, एजेंसी

संदेशखालि मामला

- हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद क्षेत्र पहुंचे भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी बोले

कलकत्ता उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद मंगलवार को दोपहर बाद पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने संघर्षग्रस्त क्षेत्र की स्थिति को भयानक तथा अराजकता का स्पष्ट उदाहरण बताया। एक अन्य विधायक शंकर घोष के साथ पहुंचे अधिकारी ने महिलाओं सहित स्थानीय लोगों से बात की।

महिलाओं ने फरार चल रहे शाहजहां शेख सहित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेताओं द्वारा दिए गए अपने दर्दनाक अनुभवों को

साझा किया। भाजपा नेता नाव से कालिंदी नदी पार कर संदेशखालि पहुंचे, जहां महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा-स्थानीय लोगों द्वारा साझा किये गये अनुभव बेहद दर्दनाक हैं। उनकी जमीनें हड़प ली गईं और महिलाओं का शोषण किया गया। सब कुछ पुलिस और प्रशासन की मदद से हुआ। स्थिति पूरी तरह से भयावह है और इलाके में अराजकता का स्पष्ट उदाहरण है। अधिकारी ने संदेशखालि में घरों का दौरा करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बात की। वह 2007-08 में नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण-विरोधी आंदोलन के दिनों में तत्कालीन विपक्षी नेता ममता बनर्जी के करीबी विश्वासपात्र थे।

शाहजहां की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने जताई हैरानी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को संकटग्रस्त संदेशखालि गांव का दौरा करने की अनुमति दे दी लेकिन साथ ही इस बात पर आश्चर्य जताया कि मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को अब तक राज्य पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा–यह काफी आश्चर्य की बात है कि जिस व्यक्ति को इस समस्या का मूल कारण बताया जा रहा है उसे अभी भी पकड़ा नहीं जा सका है और वह कानून तोड़कर भागा हुआ है। पीठ ने कहा कि अदालत को नहीं पता कि उसे संरक्षण प्राप्त है या नहीं, तथ्य यह है कि उसे पकड़ा नहीं गया है। एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, "इसका मतलब यह हो सकता है कि राज्य के पुलिस तंत्र के पास उसे पकड़ने के साधन नहीं हैं या (वह) राज्य पुलिस के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

नीदरलैंड पर दबदबा बरकरार रखने को उतरेगा भारत

एफआईएच प्रो लीग: पांच में दो मुकाबले जीते, नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर अंक किए हासिल

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के अगले चरण में नीदरलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ इस टीम पर अपना दबदबा बनाए रखने पर होंगी। प्रो लीग में भारत ने अब तक प्रभावी प्रदर्शन किया है। ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने पांच में से अपने दो मुकाबले नियमित समय में जीते जबकि नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर बहुमूल्य बोनस अंक भी हासिल किए।

टीम ने एकमात्र मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गंवाया है लेकिन उसमें भी भारतीय टीम जीत दर्ज करने की स्थिति में थी। भारत अभी पांच मैच में 10 अंक के साथ प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर चल रहा है। नीदरलैंड नौ मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है। अर्जेन्टीना के आठ मैच में 13 जबकि ऑस्ट्रेलिया के चार मैच में 12 अंक हैं। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत को हालांकि दुनिया की 12वें नंबर की टीम आयरलैंड और आठवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में जूझना पड़ा है। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने गुरजंत सिंह के अंतिम मिनट में दागे गोल की बदौलत 1-0 से जीत दर्ज की और फिर मैराथन शूट आउट में स्पेन को 8-7 से हराया। भारत और स्पेन 60 मिनट के नियमित समय के बाद 2-2 से बराबर थे। भारत को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में जीत दर्ज करके तीन अंक जुटाने हैं तो अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। पिछले तीन मुकाबले में प्रदर्शन भले ही उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा हो लेकिन उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि दुनिया की नंबर एक टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। भुवनेश्वर में 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद भारत ने शूट आउट में 4-2 से जीत दर्ज की थी। मिडफील्डर हार्दिक ने कहा, पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा लेकिन दूसरे हाफ में हमने जोरदार वापसी की और खेल को शूटआउट में खींचा। हम तब से अपनी संभावनाओं के बारे में आश्वस्त थे, विशेषकर यह देखते हुए कि हमारे पास अच्छे गोलकीपर हैं।

हुसैन ने डकेट से कहा, बैजबॉल से नहीं जायसवाल ने कड़ी मेहनत से सीखा

लंदन, एजेंसी

पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने राजकोट टेस्ट में यशस्वी जयसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी को इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति से प्रभावित बताने वाले बेन डकेट की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि मेहमान टीम को इस बल्लेबाज से सीख लेने की जरूरत है। राजकोट में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद डकेट ने जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी की प्रशंसा की और कहा कि टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित करने का श्रेय इंग्लैंड की वर्तमान टीम को जाता है। इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी करने की 'बैजबॉल' रणनीति इस मैच में नहीं चल पाई और उसे 434 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। हुसैन ने डकेट की टिप्पणी पर कहा कि जायसवाल को लेकर डकेट की टिप्पणी की उसने हमसे सीखा, मैं उसके बारे में बात करने जा रहा हूं। उसने (जायसवाल) आपसे नहीं सीखा है बल्कि उसने अपनी परवरिश और कड़ी मेहनत से सीखा है। उसने आईपीएल से सीखा है। हुसैन ने पूर्व कप्तान माइकल एथरटन के साथ चर्चा के दौरान कहा कि अगर कुछ भी हो मैं उसे देखकर सीख लूंगा। हुसैन ने रांची में होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को आत्ममंथन करने की सलाह भी दी। वे सार्वजनिक या ड्रेसिंग रूम में जो कुछ कह रहे हों, उन्हें असल में अपने अंदर झांकने की जरूरत है।

खेल डायरी

स्पेन को हराकर भारतीय महिला टीम विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में

बुसान, एजेंसी। भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में स्पेन के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 3-2 की जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। कागजों पर मजबूत भारतीय टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी कराई। श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे। भारत चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप एक में शीर्ष स्थान पर रहा। इस ग्रुप में चीन शीर्ष स्थान पर रहा। भारत को ग्रुप चरण में इकलौती हार चीन से मिली। चीन के खिलाफ अयहिका और श्रीजा ने विश्व की नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी क्रमश: सुन यिंघसा और वांग यिदि को हराया था। इस स्पर्धा में 40 टीमों में से भारत नॉकआउट में जगह बनाने वाली 32 टीमों में शामिल है।

'लेन उल्लंघन' से गुलवीर ने गंवाया स्वर्ण पदक

तेहरान, एजेंसी। भारत के गुलवीर सिंह ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक गंवा दिया, क्योंकि उन्हें 'लेन उल्लंघन' से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गुलवीर ने सोमवार को 3000 मीटर के फाइनल में 8 मिनट 07 .48 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान पाया था। यह स्पर्धा ओलंपिक में शामिल नहीं है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने देर रात इसके खिलाफ अपील दायर की लेकिन उसे भी नामंजूर कर दिया गया। टीम के साथ गए एक कोच ने कहा, हां, यह फैसला सुनाया गया कि गुलवीर ने लेन का उल्लंघन किया था। एएफआई ने विरोध भी दर्ज कराया लेकिन उसे नामंजूर कर दिया गया।

ला लीगा में एथलेटिक्स बिलबाओ से हारा गिरोना

मैड्रिड, एजेंसी। दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना ने एथलेटिक्स बिलबाओ के खिलाफ 2-3 की शिकस्त के साथ स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की बढ़त को कम करने का मौका गंवा दिया। गिरोना के पास रीयाल मैड्रिड की बढ़त को तीन अंक तक सीमित करने का मौका था लेकिन एलेक्स बेरेनगुएर ने दो और इनाकी विलियम्स ने एक गोल दागकर बिलबाओ की जीत सुनिश्चित की। गिरोना की ओर से विक्टर सेहानकोव और एरिक गार्सिया ने गोल किए। गिरोना की हार से ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की छह अंक की बढ़त बरकरार है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना के इतने ही मैच में 56 अंक हैं।

सिंगापुर के भारतीय मूल के 8 साल के लड़के ने पोलैंड के ग्रैंडमास्टर को हराया, बनाया रिकॉर्ड

सिंगापुर, एजेंसी। भारतीय मूल के सिंगापुर के आठ साल के अश्वथ कौशिक रविवार को स्विट्जरलैंड में बर्गडोर्फर स्टेडथॉस ओपन टूर्नामेंट में पोलैंड के शतरंज ग्रैंडमास्टर जासेक स्टोपा को हराकर क्लासिकल शतरंज में किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार सिंगापुर का प्रतिनिधित्व कर रहे अश्वथ ने 37 साल के स्टोपा को हराया। पिछला रिकॉर्ड कुछ ही हफ्ते पहले बना था जब सर्बिया के लियोनिड इवानोविच ने बेलग्रेड ओपन में बुल्गारिया के 60 साल के ग्रैंडमास्टर मिल्को पोपचेव को हराया था। इवानोविच की उम्र अश्वथ से कुछ महीने अधिक है। फिडे विश्व रैंकिंग में दुनिया के 37,338वें नंबर के खिलाड़ी अश्वथ 2017 में सिंगापुर आ गए थे। उन्होंने कहा, मुझे अपने खेल पर और मैंने जैसा प्रदर्शन किया उस पर गर्व है, विशेषकर तब जब मैं एक समय बहुत खराब स्थिति में था लेकिन वहां से वापसी करने में कामयाब रहा। सिंगापुर के ग्रैंडमास्टर और सिंगापुर शतरंज महासंघ के सीईओ केविन गोह ने अश्वथ की उपलब्धि की सराहना करते हुए 'एक्स' पर लिखा, उसके पिता ने काफी समर्थन किया, लड़का समर्पित है, स्कूल ने लचीलापन दिखाया और निश्चित रूप से उसमें नैसर्गिक प्रतिभा है। उन्होंने लिखा, यह देखना बाकी है कि वह कितनी दूर तक जा सकता है क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ लड़के की रुचि बदल सकती हैं। फिर भी हम आशांवित हैं।

भारत के खिलाफ गेंदबाजी करने पर विचार कर रहे हैं स्टोक्स

दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान को विचार करने पर किया विवश

राजकोट, एजेंसी



भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में वापसी पर विचार करने को मजबूर कर दिया है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत है लेकिन वे नहीं चाहते कि यह ऑलराउंडर अनावश्यक रूप से जल्दबाजी करे। अब भी घुटने की सर्जरी से उबर रहे स्टोक्स ने पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद से गेंदबाजी नहीं की है।

मैकुलम ने कहा कि यह अच्छा है कि वह उस स्थिति में पहुंच रहा है जहां उसे लगता है कि वह गेंदबाजी कर सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन बेन चतुर है, वह काफी चतुर है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेगा जब तक उसे नहीं लगता कि वह वैध रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम है। समस्या तब होगी जब वह गेंदबाजी स्पेल शुरू करेगा और फिर उसे खत्म नहीं कर पाएगा। इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है। मैकुलम ने कहा, हमें देखना होगा कि खतरा कहां है और उसे इससे दूर करने की कोशिश करनी होगी, लेकिन यह एक अच्छा संकेत है। राजकोट टेस्ट से पहले स्टोक्स ने कहा था कि उन्होंने अपने फिजियोथेरेपिस्ट से वादा किया था कि वह मौजूदा श्रृंखला में गेंदबाजी नहीं करेंगे। लेकिन रविवार को तीसरे टेस्ट में 434 रन की हार के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी ऑलराउंडर की भूमिका दोबारा निभाएंगे तो स्टोक्स ने कहा, मैं हां नहीं कह रहा हूं, मैं ना भी नहीं कह रहा हूं। मैं ज्यादातर चीजों के बारे में हमेशा आशावादी रहता हूं। मेडिकल टीम के साथ विस्तृत बातचीत होगी कि मुझ पर काम का कितना बोझ है, जिससे कि मुझे कोई बड़ा खतरा नहीं हो। राजकोट टेस्ट के दौरान स्टोक्स ने शत प्रतिशत क्षमता से ट्रेनिंग की थी और स्वीकार किया था कि उन्हें काफी अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं अभ्यास के एक दिन शत प्रतिशत क्षमता के साथ गेंदबाजी करने में सफल रहा, जिससे मुझे अच्छा महसूस हुआ। मुझे लगा कि मैं मैच में गेंदबाजी कर सकता था लेकिन यह बेवकूफी होती। श्रृंखला का पहला मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लैंड को विशाखापत्तनम में 106 रन से हार मिली, जिसके बाद राजकोट में सबसे करारी हार झेलनी पड़ी और श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गई। अगर यह ऑलराउंडर दोबारा गेंदबाजी करना शुरू कर दे तो इंग्लैंड की टीम को काफी फायदा होगा।

अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए: बेन

रांची। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसे हटाया जाना चाहिए। स्टोक्स ने कहा कि मेरी निजी राय यह है कि अगर गेंद स्टंप्स से टकरा रही है, तो मैं पूरी ईमानदारी से कहूं तो अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए, लेकिन मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता, क्योंकि तब यह ऐसा लगेगा कि हम इसलिए बिलबिला रहे है कि हम हारे हैं, इसीलिए हम केवल मन मसोसकर रह गए हैं। सोशल मीडिया पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद स्टोक्स ने राजकोट टेस्ट के अंत में डीआरएस पर स्पष्ट किया कि इंग्लैंड की हार का कारण उनकी तकनीक नहीं थी। अंपायर्स कॉल पर पहले भी कई खिलाड़ियों ने असंतोष व्यक्त किया है। 2021 में इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी जताई थी और अपनी टीम के खिलाफ ऑपयर द्वारा लिए फैसले को गलत ठहराया था। उस समय भी इस तकनीक को लेकर गर्मागरम बहस छिड़ी थी।

बुमराह को विश्राम, राहुल रांची मैच से भी हुए बाहर

राजकोट, एजेंसी

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को मंगलवार को भारतीय टेस्ट टीम से रिलीज (विश्राम के लिए टीम बाहर करना) किया गया, जबकि बल्लेबाज लोकेश राहुल शुक्रवार से रांची में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे मैच के लिए पूर्ण फिटनेस हासिल करने में नाकाम रहे। बुमराह को उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत रिलीज किया गया है। वह 3 मैचों में 17 विकेट के साथ टेस्ट श्रृंखला में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है। उन्होंने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में अपने दम पर भारत को जीत दिलाई थी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स (दाहिने जांघ की मांसपेशियों) में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ रांची में होने वाले चौथे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है। मौजूदा श्रृंखला की अवधि और हाल के दिनों में उनके द्वारा खेली गई क्रिकेट मैचों की संख्या को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बीच लोकेश राहुल चौथे टेस्ट से भी बाहर रहेंगे। धर्मशाला में अंतिम टेस्ट मैच में उनकी भागीदारी फिटनेस पर निर्भर है। राजकोट में तीसरे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज किए गए तेज गेंदबाज मुकेश कुमार रांची में टीम से जुड़ गए हैं।

रूट को अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिए: चैपल

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने खराब फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट से 'बैजबॉल (टेस्ट में बेहद आक्रामक होकर बल्लेबाजी की रणनीति)' तरीके को छोड़कर अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी। बल्लेबाज रूट भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पिछली छह पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 29 रन रहा है। वह ज्यादातर मौके पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में आउट हुए। ब्रैंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड 'बैजबॉज' अंदाज में टेस्ट खेल रहा है और रूट को इससे सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा है।

कड़ी मेहनत करके इस स्तर तक पहुंचा हूं: आशुतोष

मोहाली, एजेंसी

आईपीएल की टीम पंजाब किंग्स के नए खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने कहा कि मौका मिलने पर वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन करना चाहते हैं। आशुतोष ने कहा कि उन्होंने इस स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है और खेल में गलती होने पर पर खुद को घरेलू काम करने की सजा देते हैं। मध्य प्रदेश के लिए प्रथम श्रेणी के चार मैचों में एक शतक लगाने वाले आशुतोष को पंजाब किंग्स ने आईपीएल नीलामी में 20 लाख की बोली के साथ टीम में शामिल किया है। मध्य प्रदेश के रतलाम के आशुतोष को आर्थिक तंगी से निपटने के लिए अंपायरिंग का सहारा लेना पड़ा था। आशुतोष ने कहा कि मैंने जब क्रिकेट में करियर बनाने के लिए घर छोड़ा था तब मेरे पास ज्यादा पैसे नहीं थे। मैं शिविर में जाता था और दोपहर के खाने के लिए अंपायरिंग शुरू कर दिया था। परिवार में कमाई के सीमित संसाधन थे और खुद के बूते सब कुछ करना काफी मुश्किल था।

आईपीएल 22 मार्च से शुरू करने की योजना: धूमल

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा और लोकसभा चुनावों के बावजूद इसका आयोजन देश में ही होगा। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने यह जानकारी दी। आम चुनाव के अप्रैल और मई में होने की संभावना है और यही कारण है कि आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं किया गया है।

धूमल ने कहा कि शुरुआत में इस लीग के केवल पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद होगी। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अगले महीने की शुरुआत में होने की संभावना है। धूमल ने कहा हि हम टूर्नामेंट को 22 मार्च से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हम सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम सबसे पहले शुरुआती कार्यक्रम जारी करेंगे। पूरा टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 2009 में आम चुनावों के दौरान आईपीएल के पूरे सत्र का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था जबकि 2014 में इसके कुछ मैचों का आयोजन यूएई में हुआ था। 2019 के आम चुनावों के दौरान इस लीग का आयोजन देश में ही हुआ था। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के मद्देनजर आईपीएल के फाइनल का आयोजन 26 मई को हो सकता है। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस टूर्नामेंट का आगाज एक जून को अमेरिका और कनाडा के मैच के साथ होगा। आमतौर पर आईपीएल का उद्घाटन मैच पिछले साल के विजेता और उपविजेता के बीच होता है।

धनुष की 'रायन' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सन पिक्चर्स ने धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक एक्स पर शेयर किया है। इस फिल्म को धनुष ने ही लिखा और निर्देशित किया है। रायन धनुष के करियर की 50 वीं फिल्म है। फिल्म रायन के पोस्टर में धनुष एप्रन पहने और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। एक हाथ में उन्होंने पेचकस पकड़ा हुआ है। फिल्म रायन का संगीत ए .आर . रहमान तैयार कर रहे हैं। फिलहाल 'रायन' के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म रायन को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज किया जाएगा।

'ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और दक्षिण भारतीय अभिनेता राम चरण ने वरुण तेज-मानुषी छिल्लर की फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच किया। वरुण तेज की एरियल एक्शन फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' को हिंदी और तेलुगु में शूट किया गया है, जहां हिंदी ट्रेलर सलमान खान ने जारी किया . वहीं, तेलुगु ट्रेलर का अनावरण राम चरण ने किया। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज और मानुषी छिल्लर एक वायु सेना पायलट और एक रडार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' देश की वायु सेना के नायकों के अदम्य साहस और देश की रक्षा के लिए उनके सामने आने वाली चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, संदीप मुद्दा की रेनेसां पिक्चर्स द्वारा निर्मित और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट (वकील खान) और नंदकुमार अब्बिनेनी द्वारा सह-निर्मित है।

शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रिया सरन वेबसीरीज शो टाइम में अभिनेत्री के किरदार में नजर आएंगी। श्रिया सरन इन दिनों शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। श्रिया सरन ने इस शो में अभिनेत्री का किरदार निभाया है। श्रिया सरन ने बताया कि मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहती थी जो मेरे बेहद करीब हो। शो में मैं एक अभिनेत्री हूं जो एक अभिनेत्री की भूमिका निभाती है। मैं करण से कई बार मिली हूं और वह बहुत प्यारे इंसान हैं। व्यावसायिक रूप से, मेरे लिए, इस प्रोजेक्ट पर धर्मेटिक्स के साथ काम करना एक शानदार अनुभव है। श्रिया सरन ने इमरान हाशमी के साथ वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म आवारापन में काम किया है। श्रिया सरन लंबे अरसे के बाद इमरान हाशमी के साथ शो टाइम में नजर आएगी। श्रिया सरन ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हमें एक साथ शोटाइम करने का मौका मिला। मैं उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर भाग्यशाली हूं। वह एक अद्भुत अभिनेता हैं और कैमरे पर अविश्वसनीय दिखते हैं। मैं शो देखने के लिए उत्सुक हूं। यह एक बहुत ही दिलचस्प किरदार है, इसमें बहुत सारे आर्क हैं, मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

शांतनु ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम के अनुभव को किया साझा

मुंबई। अभिनेता शांतनु माहेश्वरी ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया है। संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के प्रदर्शन के दो साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में शांतनु माहेश्वरी ने अफसान की भूमिका निभाई।शांतनु ने हजारों फैंस और आलोचकों का दिल जीत लिया और उन्हें नीली आंखों वाला लड़का कहा जाने लगा। शांतनु माहेश्वरी ने कहा, ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि 'गंगूबाई काठियावाड़ी' दो साल की हो गई है, ऐसा लग रहा है जैसे कुछ दिन पहले ही मैं संजय सर के साथ शूटिंग कर चूका हूं और सेट पर उनसे सीख रहा था। हर कोई मुझे अफसान का किरदार निभाने के लिए याद करता है।सेट पर संजय सर जैसे किसी व्यक्ति के साथ रहना और उन्हें अपने सामने अपनी जादू की छड़ी घुमाते हुए देखना बहुत संतुष्टिदायक अनुभव था। मैं सभी कौशलों को हमेशा याद रखूंगा। शांतनु अब नीरज पांडे की फिल्म 'औरों में कहां दम था' के साथ-साथ बंगाली सिनेमा में चलचित्र से डेब्यू करते नजर आएंगे।

फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को होगा रिलीज

मुंबई। अभिनेता संग्राम सिंह पटेल और अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर की आने वाली फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को अवध गंगा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर में सचिन यादव के निर्देशन में की गई है। इस फिल्म में संग्राम सिंह पटेल, प्रतिष्ठा ठाकुर के बॉडी गार्ड के किरदार में नज़र आएंगे। अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' संग्राम सिंह पटेल की होम प्रोडक्शन है। संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' बेहद खास और अन्य फिल्मों से अलग है। इसकी पटकथा पर हमने बेहद मेहनत की है। हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म लेकर दर्शकों के पास जाएं, जो दर्शकों का पैसा वसूल करे और उनका मनोरंजन हो। वे और लोगों को फिल्म देखने को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सिनेमा के बदलते दौर में हमारी फिल्म भी बेहद खास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

डब्ल्यूटीओ में निवेश पर चीन के प्रस्ताव पर भारत की आपत्ति

नई दिल्ली। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में निवेश सुविधा मामले में प्रस्ताव को आगे बढ़ाने को लेकर चीन जैसे कुछ देशों के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है। उसका कहना है कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर का मामला है। यह मुद्दा अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में उठेगा। चार दिन की यह बैठक 26 फरवरी से शुरू होगी। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन डब्ल्यूटीओ में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। चीन के नेतृत्व वाला 130 देशों का समूह विकास के लिए निवेश सुविधा (आईएफडी) प्रस्ताव को आगे बढ़ा रहा है। समूह इस प्रस्ताव को डब्ल्यूटीओ के समझौते से जुड़े अनुबंध-चार के माध्यम से लाना चाहता है। इसके तहत यह प्रस्ताव केवल हस्ताक्षरकर्ता सदस्यों के लिए बाध्यकारी होगा न कि उन लोगों के लिए जो इसका विरोध कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया अपनी नौसेना में युद्धपोतों को करेगा दोगुना

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने देश की नौसैना में युद्धपोतों की संख्या दोगुना से ज्यादा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। ऑस्ट्रेलियी रक्षा मंत्री, उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स और रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने मंगलवार को इस बड़े बदलाव की घोषणा की। योजना के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया अपने युद्धपोतों के बेड़े को वर्तमान 11 से बढ़ाकर 26 तक विस्तारित करेगा। ऑस्ट्रेलिया भविष्य में युद्धपोतों की डिलीवरी में तेजी लाने के लिए अगले दशक में अतिरिक्त 11.1 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (7.2 अरब अमेरिकी डॉलर) खर्च करेगा। मार्ल्स और कॉनरॉय ने कहा कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा विस्तार होगा।

बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत

हिसार। रोडवेज बस में बनाये गये रैन बसेरे में सोमवार रात एक बुजुर्ग की संभवत: बीड़ी सुलगाने से गद्दे में लगी आग में जलने से मौत हो गयी। पॉलिक के अनुसार मृतक की शिनाख्त उमरा गांव निवासी प्रेम (60) के रूप में हुई जो दिन में यहां हिसार बस स्टैंड पर ही रहते थे और रात में रैन बसेरे में चले जाते थे। घटना के समय प्रेम बस में अकेले ही थे। इसलिए वास्तव में क्या हुआ, बताना मुश्किल है, पर संभवत: आग प्रेम के बीड़ी सुलगने से लगी। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने रैन बसेरा बस से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने बस स्टैंड चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस में लगी आग को बुझाया। आग की चपेट में आने से प्रेम बुरी तरह जल गये थे, और उनकी मौत हो गयी थी।

देश में विकसित डिजिटल कंप्यूटर प्रणाली के साथ तेजस ने उड़ान भरी

लड़ाकू विमान उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में है सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी

● हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से किया डिजाइन

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, स्वदेशी रूप से विकसित 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' को हल्के लड़ाकू विमान तेजस में एकीकृत किया गया है जो एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्वदेश निर्मित तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में सक्षम है। इसे हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, तेजस एमके1ए कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' (डीएफसीसी) को प्रोटोटाइप एलएसपी-7 में एकीकृत किया गया। 19 फरवरी को सफलतापूर्वक उड़ान का संचालन किया गया। 'तेजस-एमके1ए' संस्करण के लिए डीएफसीसी को वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उड़ान नियंत्रण के सभी महत्वपूर्ण मानक और प्रदर्शन संतोषजनक पाए गए। कहा कि पहली उड़ान का संचालन राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र से संबद्ध विंग कमांडर सिद्धार्थ सिंह केएमजे (सेवानिवृत्त) ने किया।

भारतीय वायुसेना पहले ही 'तेजस एलसीए एमके1' का संचालन शुरू कर चुकी है। विमान के उन्नत संस्करण 'तेजस एमके1ए' में उन्नत मिशन कंप्यूटर और उच्च-प्रदर्शन डिजिटल उड़ान नियंत्रण कंप्यूटर (डीएफसीसी एमके1ए) सहित कई आधुनिक प्रणालियां हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस एमके1ए के लिए इस महत्वपूर्ण प्रणाली के विकास एवं सफल उड़ान परीक्षण में शामिल रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), वायुसेना, एडीए और उद्यमों की की सराहना की। सिंह ने इसे 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। तेजस विमान भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनने के लिए तैयार है जिसमें शुरुआती संस्करण के लगभग 40 तेजस पहले ही शामिल किए जा चुके हैं।

बच्चा गोद लेने का अधिकार मौलिक नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी : दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चा गोद लेने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता और इसके इच्छुक माता-पिता के पास यह चुनने का कोई अधिकार नहीं है कि किस बच्चे को गोद लेना है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने उस नियम को बरकरार रखा, जिसके तहत दो या दो से अधिक बच्चों वाले दंपति को केवल विशेष जरूरतों वाले या ऐसे बच्चों को गोद लेने की अनुमति दी जाती है, जिन्हें अधिक लोग गोद लेने के इच्छुक नजर नहीं आते। अदालत ने कहा कि इस प्रक्रिया में बच्चों के कल्याण को तरजीह दी जाती है, और भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के अधिकारों को इस पर तवज्जो नहीं दी जा सकती।

उच्च न्यायालय ने एक हालिया आदेश में कहा, गोद लेने के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता है और न ही इसे उस स्तर तक बढ़ाया जा सकता है जिससे पीएपी को यह विकल्प मिले कि किसे गोद लेना है। गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह बच्चों के कल्याण के आधार पर संचालित होती है। न्यायाधीश ने कहा कि गोद लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है और कई निःसंतान दंपति और एक बच्चे वाले माता-पिता हैं, जो सामान्य बच्चे को गोद लेना चाहेंगे, ऐसे में विशेष जरूरतों वाले बच्चे को गोद लेने की संभावना बहुत कम हो जाती है, इसलिए उपरोक्त नियम का उद्देश्य केवल यही है। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि विशेष आवश्यकता वाले अधिक से अधिक बच्चों को गोद लिया जाए।

सेवानिवृत्ति के पांच माह बाद सुनाया फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

● न्यायालय ने कहा - सेवानिवृत्ति के बाद मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य

उच्चतम न्यायालय ने एक आपराधिक मामले में एक पंक्ति का आदेश सुनाने और सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद विस्तृत फैसला जारी करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की आलोचना की है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पांच महीने तक मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि आदेश का मुख्य अंश 17 अप्रैल, 2017 को सुनाया गया था।

इसमें कहा गया है कि न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख तक तर्क-सहित निर्णय जारी करने के लिए पांच सप्ताह का समय उपलब्ध था। पीठ ने कहा, हालांकि, 250 से अधिक पृष्ठों का विस्तृत निर्णय न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख से पांच महीने के बाद सामने आया है। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि न्यायाधीश ने पद छोड़ने के बाद भी कारण बताए और निर्णय तैयार किया। पीठ ने कहा, हमारे अनुसार, सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद तक मामले की फाइल अपने पास रखना न्यायाधीश की ओर से घोर अनुचित कार्य है। इस मामले में जो किया गया है, हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति टी. मथिवनन 26 मई, 2017 को सेवानिवृत्त हुए थे और मामले में विस्तृत निर्णय उसी वर्ष 23 अक्टूबर को उपलब्ध कराया गया।

पीठ ने फैसले को रद्द करते हुए कहा, हम ऐसे अनुचित कृत्यों का समर्थन नहीं कर सकते हैं और इसलिए, हमारे विचार में, इस अदालत के लिए एकमात्र विकल्प विवादित फैसले को रद्द करना और मामलों को नये फैसले के लिए उच्च न्यायालय के पास वापस भेजना है। इसमें कहा गया है, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमने विवाद के गुण-दोष पर कोई निर्णय नहीं दिया है और सभी मुद्दों को उच्च न्यायालय द्वारा तय किए जाने के लिए खुला छोड़ दिया गया है।

मातृभाषा दिवस

कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पूर्व संध्या पर स्वयंसेवक रंगोली तैयार करते हुए। ● एजेंसी

भारत ने दिया 10 लाख डॉलर का योगदान

संयुक्त राष्ट्र। गरीबी और भूखमरी से निपटने के उद्देश्य से स्थापित किये गये एक कोष में भारत ने 10 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। इस कोष को भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा स्थापित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने गरीबी और भूखमरी उन्मूलन कोष (आईबीएसए कोष) के लिए योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (यूएनओएसएससी) के निदेशक दिमा अल-खतीब को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का चेक सौंपा। इस अवसर पर कंबोज ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

श्रीनगर में हुई मौसम की दूसरी बर्फबारी हिमाचल प्रदेश में यातायात बाधित

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कई स्थानों पर मध्यम से भारी बर्फबारी हुई। कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को सर्दी के मौसम की दूसरी बर्फबारी हुई जबकि घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले 48 घंटों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में रविवार से भारी बारिश हो रही थी जिसके बाद आज दिन के शुरुआती हिस्से में मध्यम बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय इलाकों और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों पर भारी बर्फबारी के कारण चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कम से कम 228 सड़कें अवरुद्ध हो गईं। गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल और घाटी के अन्य पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं जिसके परिणामस्वरूप घाटी में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं से टिन की छतें उड़ने के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि बारामूला जिले में स्कीइंग रिसॉर्ट गुलमर्ग में पिछले 48 घंटों में लगभग 2.5 फुट ताजा बर्फबारी हुई है।

उत्तरी कश्मीर के तंगमर्ग इलाके में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी सड़क।

● हिमाचल में चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 228 सड़कें अवरुद्ध

गाजा में ऑक्सीजन की कमी से आठ मरीजों की मौत

गाजा, एजेंसी

● फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने दी जानकारी

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में इजरायल की ओर से किए जा रहे लगातार हमलों के कारण कई दिनों तक बिजली गुल होने और ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित होने के कारण आठ मरीजों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने सोमवार को दी।

अल-कैला ने कहा कि इजरायली हमले के कारण नासिर अस्पताल में उपचार करवा रहे अन्य रोगियों के जीवन पर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बिस्तर पर पड़े मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया और दावा किया कि इजरायली सैन्य ट्रकों द्वारा उन्हें अस्पताल से अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि इजरायली बलों ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में नासिर अस्पताल की दक्षिणी दीवार को ध्वस्त करने के बाद उस पर धावा बोल दिया। उधर, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को कहा कि उसने इजरायली सुरक्षा एजेंसी बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में सैकड़ों आतंकवादियों और अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो अस्पताल में छिपे हुए थे और कुछ चिकित्सा कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे।

सिखों को मुसलमान समझने की भूल संबंधी पोस्ट पर मांगी माफी

लंदन। बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को हटाते हुए माफी मांगी है। इस पोस्ट में ऐसा लग रहा था कि सिख विद्यार्थियों को मुसलमान समझने की भूल हुई है। बर्मिंघम मेल की खबर के अनुसार, विश्वविद्यालय द्वारा किये गये पोस्ट में कहा गया था कि इस माह के प्रारंभ में विश्वविद्यालय की सिख सोसाइटी द्वारा आयोजित 20वां 'लंगर ऑन कैंपस' कार्यक्रम इस्लामिक जागरूकता सप्ताह का हिस्सा था। विश्वविद्यालय के इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक पोस्ट में लंगर की तस्वीरें टैग की गयीं और 'डिस्कवर इस्लाम वीक' लिखा गया। सिख प्रेस एसोसिएशन के प्रवक्ता जसवीर सिंह ने कहा, जिन लोगों पर बर्मिंघम विश्वविद्यालय की छवि का जिम्मा है, वे विश्वविद्यालय में समुदायों को लेकर अनभिज्ञ हैं।

अमेरिका ने भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी

● पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों का मामला

अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने मंगलवार को कहा, उनका देश एक सिख अलगाववादी की हत्या की कथित साजिश के मामले में भारत से संपर्क बनाए हुए है और इसकी जांच के लिए नयी दिल्ली द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति के निष्कर्षों की प्रतीक्षा है।

विभिन्न भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने लाल सागर में विभिन्न वाणिज्यिक पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों के मद्देनजर रणनीतिक जल क्षेत्र में भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की। अमेरिका ने पिछले साल दिसंबर में दावा किया था कि उसने अमेरिकी धरती पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के लिए कथित रूप से एक भारतीय एजेंट द्वारा रची गई साजिश को विफल कर दिया। इन आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत ने 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' (ओआरएफ) द्वारा आयोजित परिचर्चा सत्र में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने भारत सरकार के समक्ष अपनी चिंताओं को रखा है। एक जांच समिति इस मामले की जांच कर रही है और हम सरकार के साथ जुड़े रहेंगे एवं उनके निष्कर्षों की प्रतीक्षा करेंगे। उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया है जिसके लिए हम आभारी हैं। उन्होंने कहा, हम भारत द्वारा नौसेना के जरिए लाल सागर में किए जा रहे काम और उनके द्वारा प्रदान किए गए अविश्वसनीय समर्थन की सराहना करते हैं।

पुणे में 1100 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त तीन लोग गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी : पुलिस ने करीब 1,100 करोड़ रुपये मूल्य का 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन नामक मादक पदार्थ जब्त किया है तथा इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पहले 3.85 करोड़ रुपये मूल्य का करीब 1.75 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया। जांच के दौरान पुलिस को दो गादामों का पता चला जहां और 55 किलोग्राम एमडी मिला। तीनों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में एक अन्य अभियान चलाया गया और वहां एक इकाई से करीब 550 किलोग्राम एमडी बरामद किया गया। अब तक पुलिस ने 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन बरामद किया है जो करीब 1100 करोड़ रुपये मूल्य का है।

एआई के लिए नियमों का मसौदा जुलाई तक किया जाएगा जारी

मुंबई, एजेंसी

● एआई की क्षमता का उपयोग करेंगे दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे: सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि सरकार कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए इस साल जून-जुलाई तक नियमों का मसौदा जारी करेगी। यहां सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष निकाय नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनजी) के दो दिन के 'लीडरशिप' शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सरकार एआई नियमन ढांचे के मसौदे पर काम कर रही है। इसे इस साल जून या जुलाई में जारी किया जाएगा।

हमारा इरादा आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए एआई का उपयोग करना और उससे संभावित जोखिम और नुकसान का समाधान करना है। चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार एआई प्रशिक्षित व्यक्तियों को तैयार करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा, हम एआई की क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करेंगे, लेकिन दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे। आज दुनिया हमें एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के मामले में अगुवा देख रही है। हम सभी खेत से लेकर कारखानों तक उपयोग के मामलों में एआई को तैनात करने के पक्ष में हैं। हम आर्थिक वृद्धि, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और किसानों की उत्पादकता के लिए एआई का उपयोग करना चाहते हैं। सरकार लंबे समय से एआई विनियमन ढांचा जारी करने की योजना बना रही है।

पाकिस्तान में नई सरकार के गठन में गतिरोध के संकेत: बिलावल

इस्लामाबाद, एजेंसी

● शीर्ष नेताओं के बीच हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार को कहा कि यदि कोई अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं है तो उन्हें पाकिस्तान में गठबंधन सरकार बनने में गतिरोध की आशंका है, जो देश के राजनीतिक परिदृश्य में गहराती दरार का संकेत देता है। बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के शीर्ष नेताओं के बीच सोमवार को हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा समाप्त होने के एक दिन बाद आयी है।

पीपीपी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पीएमएल-एन को समर्थन देने के लिए राष्ट्रपति, सीनेट का अध्यक्ष और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जैसे प्रमुख संवैधानिक पदों की कथित तौर पर मांग कर रही है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, बिलावल ने उच्चतम न्यायालय में पत्रकारों से कहा कि पीपीपी और वह अपने रुख पर अड़े हुए हैं और इस बात पर जोर दिया वह इसे किसी भी कीमत पर नहीं बदलेंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने संसद के ऊपरी सदन में कहा, 2018 में, नवाज शरीफ जेल में थे, उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई। क्या तब यह उचित था? और उस समय कोई हंगामा नहीं हुआ था। देश के सबसे शक्तिशाली राजनीतिक परिवार और पीएमएल-एन का नेतृत्व करने वाले शरीफ को 2017 में उच्चतम न्यायालय ने सार्वजनिक पद संभालने से अयोग्य घोषित कर दिया था और जवाबदेही अदालत ने उन्हें 10 साल जेल की सजा भी सुनाई थी। दोषसिद्धि और सजा के कारण वह आम चुनाव नहीं लड़ सके। सिद्दीकी ने सीनेट में कहा कि यह सच है कि पाकिस्तान का चुनावी इतिहास सही नहीं रहा है और यह स्थिति कई दशकों से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई किसी भी सरकार को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे चुनावों का इतिहास वास्तव में सबसे अच्छा नहीं है। लेकिन हम 2018 के चुनावों के बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने कहा, ''2018 के आम चुनावों में जो कुछ भी हुआ वह हमारे देश के इतिहास में एक काला अध्याय है। जेयूआई-एफ के साथ खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की हालिया बातचीत का उल्लेख करते हुए इरफान ने सवाल किया कि पूर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली पार्टी अन्य दलों के साथ बातचीत क्यों नहीं करती है।

अंतरिक्ष क्षेत्र में महिला इंजीनियरों के लिए शुरू 'कल्पना फेलोशिप'

नई दिल्ली। स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को कल्पना फेलोशिप शुरू करने की घोषणा की। यह भारत का अपनी तरह का पहला फेलोशिप कार्यक्रम है जो विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षेत्र की महिला इंजीनियरों को समर्पित है।

हैदराबाद की 'स्टार्ट-अप' कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'कल्पना फेलोशिप' अंतरिक्ष उद्योग में नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए महिला इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने और सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। बयान के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की विरासत से प्रेरित फेलोशिप एक सर्वव्यापी कार्यक्रम प्रदान करती है जिसमें मासिक राशि, प्रायोगिक ज्ञान, अनुभवी पेशेवरों से मार्गदर्शन, स्काईरूट एयरोस्पेस में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और नवीन प्रौद्योगिकियों तक पहुंच शामिल है। वर्ष 2024 के लिए फेलोशिप पंजीकरण वर्तमान में जारी है।

खगोल विज्ञान ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद करेगी इसकी तस्वीरें

हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

● 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन का हो रहा निर्माण

अमृत विचार : ग्रह नक्षत्रों की दुनिया अजूबी है। हमारी कल्पना से परे, इनकी थाह पाना कतई आसान नहीं। तकनीकि विकास के चलते हम इनके करीब पहुंचने लगे हैं। हाल ही में हबल ने गोलाकार क्लस्टर (आकाश गंगाओं का समूह) एनजीसी 2298 को कैमरे में कैद किया है। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि दूर के इस क्लस्टर से खगोल के क्षेत्र में ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

हमारे निकटवर्ती ब्रह्मांड में आकाशगंगा समूहों में कन्या क्लस्टर, फॉर्नेक्स क्लस्टर, हरक्यूलिस क्लस्टर और कोमा क्लस्टर शामिल हैं। जिन्हें हम देख सकते हैं। माना जाता है लगभग 28 क्लस्टर हैं, जिन्हें हम आसानी से देख सकते हैं। देखने में यह सभी बेहद आकर्षक लगती हैं। स्याह रातों में इनका नजारा अद्भुत होता है। इन्हें निहारने का आकर्षण अक्सर प्रेमियों में रहता है, जबकि वैज्ञानिक वर्ग इनके भीतर का सच जानने को आतुर रहते हैं और रातों को जागकर इनके बारे में जानकारी जुटाते हैं। अब जो क्लस्टर की तस्वीरें भी ले ली गईं हैं यह गोलाकार आकृति के साथ बनी हुई हैं। गोलाकार क्लस्टर एनजीसी 2298 के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें हजारों तारे पारस्परिक गुरुत्वाकर्षण के साथ एक दूसरे से बंधे हुए हैं और दूर आसमान में शानदार नजारा पेश करता है। यह जानकारी खास है कि गोलाकार समूह के तारे आमतौर पर तारों की पुरानी आबादी होती है, जो इनका आवास जैसा है और ये ज्यादातर आकाशगंगाओं के धूल भरे बाहरी इलाके में रहते हैं। इस क्लस्टर को लेकर खगोलविदों का कहना है कि गोलाकार क्लस्टर के व्यवहार को समझ पाना आसान हो जाएगा। साथ ही उनकी आंतरिक गतिविधियां, कक्षाएं और उनके तारों का विकास के रहस्य को उजागर किया जा सकेगा।



क्लस्टर एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर। ● अमृत विचार

दूरबीन से देखा जा सकेगा ब्रह्मांड का बड़ा हिस्सा

नैनीताल, अमृत विचार : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोलीय वैज्ञानिक डा. शशिभूषण पांडेय पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से तारों की मायावी दुनिया को समझने का प्रयास कर रहे हैं और अभी तक अनेकों तारों के व्यवहार व गतिविधि का रहस्य उजागर कर चुके हैं। वह कहते हैं कि इनका रहस्य समझने के लिए दुनिया के वैज्ञानिक एकजुट होकर शोध कार्य कर रहे हैं। एक दूसरे के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। अब 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन (टीएमटी) का निर्माण किया जा रहा है। यह दूरबीन ब्रह्मांड के बड़े हिस्से को देख पाने में सक्षम होगी। भारत भी इस परियोजना का हिस्सा है।